दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025 शुक्ल पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 63 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हुई हिंसा पर तो विपक्षी नेताओं ने बहुत हाय तौबा मचाई थी लेकिन बंगाल में हो रही हिंसा पर वे खामोशी की चादर ओढ़कर कुम्भकरणीय नींद सो गए हैं। वक्फ बिल के नाम पर वहां हिंसा का तांडव हो रहा है। स्थिति यह है कि अपने ही घर में बेगाने हुए लोग पलायन कर रहे हैं। कानून और व्यवस्था की स्थिति पटरी से उतर गई है, हाईकोर्ट ने ममता सरकार को कड़ी फटकार लगाई है फिर भी दीदी मूकदर्शक बनी बैठीं हैं। लगता है वे बंगाल को बांग्लादेश बनाकर ही दम लेंगी।

एक विवाह ऐसा भी: आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए टीका विवाह

सुप्रीत शर्मा

- सगाई कर ले जाते हैं वधू को, पूरे रस्म होते हैं ससुराल में
- पूरे खर्च का ठेका उठाते हैं वर पक्ष, इस कारण शादी का नाम पड़ा टीका

बालोद /नवप्रदेश । डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम कुदारी (दल्ली) में देव कुमार (पप्पू) और फगनी(फुग्गी) की शादी आदिवासी रीति रिवाज के साथ टीका विवाह पद्धति से संपन्न हुआ। इस टीका विवाह के अंतर्गत शादी का सारा खर्चा उठाने का ठेका या जिम्मेदारी वर पक्ष को होती है। खास बात यह है कि जब वर पक्ष, वधू के घर जाकर उससे सगाई करते हैं तो उसी दिन ही होने वाली दुल्हन को अपने घर ले आते हैं। साथ में कुछ मेहमान भी आते हैं फिर शादी का मंडप वधू पक्ष के घर पर नहीं बल्कि वर के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज नहीं तो कल दूसरी नौकरी मिल जाएगी

इस शादी पर वधु फगिनी ने कहा कि मैं भी पढ़ी लिखी हूं और पति भी पढ़े लिखे हैं। समय बदलता है परिस्थितियां बदल जाती है। आज भले ही मेरे पति बेरोजगार हो गए हैं। पर आने वाले समय में कुछ न कुछ रोजगार या नौकरी चाहे सरकारी हो या निजी जरूर मिल जाएगी। पढ़ाई व्यर्थ नहीं जाएगी। इसलिए उन्होंने देव कुमार से रिश्ता कायम रखने के लिए अपने परिवारजनों को मनाया और फिर सभी शादी के लिए तैयार हो गए। जब होने वाले पति बेरोजगार हुए तो कुछ दिनों के लिए उनके परिवार में एक दुःख और दुविधा भरा क्षण आया था और फिर दिन बीतते गए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

माओवादियों के नापाक मंसूबों पर सुरक्षा बलों ने फेरा पानी, डिफ्यूज किए 5 आईईडी

बीजापुर/नवप्रदेश । माओवादियों के नापाक मंसूबों को विफल करने में सुरक्षाबलों के जवान को कामयाबी मिली है। दरअसल थाना बीजापुर एवं कैंप जैतालुर 13वीं वाहिनी छसबल की टीम एरिया डॉमिनेशन एवं डीमाइनिंग ड्यूटी पर गोरना मनकेली की ओर निकली थी। इस दौरान गोरना-मनकेली मार्ग से 5 नग आईईडी बरामद कर सुरक्षित नष्ट किया गया। डीमाइनिंग ड्यूटी के दौरान सोमवार को पूर्वान्ह 9 बजे मनकेली ग्राम से आगे कच्चे मार्ग पर माओवादियों द्वारा लगाए गए 5 नग आईईडी को निष्क्रिय किया गया। माओवादियों ने कच्चे मार्ग पर 2-2 किग्रा के 03 नग बीयर बॉटल एवं 3-5 किग्रा के 02 नग टीफिन बम को 03- 05 मीटर की दूरी में सीरिज में लगाए थे, जो कमांड स्वीच से जुड़ा हुआ था। सुरक्षा बलों की सतर्कता एवं सूझबूझ से माओवादियों के नापाक मंसूबों को विफल करते हुए आईईडी बरामद कर निष्क्रिय करने में सुरक्षा बलों को कामयाबी मिली।

स्विट्जरलैंड भागने की फिराक में था मेहुल चोकसी

नई दिल्ली(ए.)। भगोड़ा हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की बेल्जियम में गिरफ्तारी के बाद एक और बड़ा खुलासा हुआ है। भारत में वांछित मेहुल की गिरफ्तारी भारतीय जांच एजेंसियों की सात साल से अधिक समय की मेहनत और दिन-रात एक कर के की गई जांच-पड़ताल का नतीजा है। जांच एजेंसियों को करीब-करीब तीन देशों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और अब उनके हाथ बड़ी सफलता लगी है। गीतांजलि समूह के मालिक पर अपने भतीजे नीरव मोदी, उनकी पत्नी अमी मोदी और उनके भाई नीशाल मोदी के साथ सरकारी पंजाब नेशनल बैंक में 12,636 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। 65 साल का मेहुल चोकसी 2018 में भारत से भाग गया था। घोटाला सामने आने के बाद वह देश छोड़कर एंटीगुआ चला गया, जहां उसने निवेश कार्यक्रम के जरिए नागरिकता ले ली थी।

बलात्कार के अपराधी को 23 दिन में सजा

नई दिल्ली (ए.)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय न्यायालयिक विज्ञान सम्मेलन 2025 को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया। शाह ने कहा, देश में अभी दोषसिद्धि दर 54 प्रतिशत है। नए कानूनों में आतंकवाद को परिभाषित किया गया है। वॉयस लॉग और डिजिटल वॉइस मेल को भी स्थान दिया गया है। बीएनएसएस में ऑडियो, वीडियो रिकॉर्डिंग, फॉरेंसिक साक्ष्य की वीडियोग्राफी और पूछताछ में डिजिटल रिकॉर्ड को कानूनी आधार देने की भी व्यवस्था की गई है। पुलिस, अभियोजन और न्यायिक तंत्र के लिए समय-सीमा तय कर निर्धारित अवधि में न्याय सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है।

कांग्रेस ने संविधान की भावना से किया खिलवाड़ : पीएम मोदी

नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास, हिसार से अयोध्या उड़ान को किया रवाना

हिसार (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस पर हमला करते हुये कहा कि इस पार्टी ने संविधान की भावना से खिलवाड़ किया है और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है।

प्रधानमंत्री यहां हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का शिलान्यास करने और हिसार से अयोध्या के लिए पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की यह पवित्र धरती, जो भगवान श्रीकृष्ण और महाभारत के समय से जुड़ी है, अब सीधे श्रीराम की पावन भूमि अयोध्या से जुड़ गई है। उन्होंने इसे केवल हवाई कनेक्टिविटी नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया।

मोदी ने कहा कि यह वह भारत है, जो हवाई चप्पल पहनने वालों को भी हवाई जहाज में बैठाने का सपना लेकर चला था और अब उसे साकार कर रहा है। उन्होंने बताया कि हिसार जैसे शहर अब देश के उन धार्मिक और सांस्कृतिक केन्द्रों से सीधे जुड़ रहे हैं, जहां पहले पहुंचने में कई दिन लगते थे। इससे तीर्थयात्रा, पर्यटन, व्यापार और निवेश को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने बताया कि हिसार एयरपोर्ट को आधुनिक बनाया गया है। नए टर्मिनल भवन के निर्माण से इसकी यात्री क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। शुरुआत में हिसार से अयोध्या, चंडीगढ़, अहमदाबाद और जम्मू के लिए सीधी उड़ानें शुरू की जाएंगी। भविष्य में इसे अन्य शहरों को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह हवाई अड्डे हर साल लगभग 21 लाख यात्रियों को सेवा देगा। उन्होंने इस अवसर पर यह भी उल्लेख किया कि 2014 तक देश में केवल 74 एयरपोर्ट थे, लेकिन आज यह संख्या 150 से अधिक हो चुकी है।

डॉ. अंबेडकर को दो बार जानबूझकर संसद में जाने से रोका

मोदी ने संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान की आत्मा और उसकी भावना दोनों का बार-बार अपमान किया है। डॉ. अंबेडकर को दो बार जानबूझकर संसद में जाने से रोका गया। उनके विचारों को योजनाबद्ध तरीके से दरकिनार किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति के लिए संविधान में धर्म आधारित आरक्षण को बढ़ावा दिया, जबकि डॉ. अंबेडकर स्पष्ट रूप से इसके खिलाफथे। मोदी ने कहा, बाबा साहेब ने संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था, लेकिन कांग्रेस ने मुस्लिम आरक्षण की वकालत कर संविधान की आत्मा को रौंदा।

कौन हैं रामपाल जिन्हें पीएम मोदी ने खुद पहनाए जूते

रामपाल कश्यप कैथल जिले के गांव खेड़ी गुलामअली के मूल निवासी हैं। अभी वह करनाल में रह रहे हैं। रामपाल कैथल जिले सिवन खंड के सबसे पुराने पार्टी कार्यकर्ता भी हैं। रामपाल ने वर्ष 2011 में एक संकल्प लिया था कि नरेंद्र मोदी जब तक प्रधानमंत्री नहीं बन जाते, केंद्र और हरियाणा में दोनों जगह भाजपा की सरकार नहीं बन जाती और जब तक उनकी पीएम मोदी से मुलाकात नहीं हो जाती, तब तक वह नंगे पैर ही रहेंगे। हालांकि नरेंद्र मोदी 2014 में ही पहली बार प्रधानमंत्री बन गए थे, इसके बाद हरियाणा में भी भाजपा की सरकार बनी, लेकिन रामपाल की पीएम मोदी से कभी भी मुलाकात नहीं हो पाई। इस वजह से रामपाल आज तक नंगे पैर थे। लेकिन आज 14 अप्रैल को उनका यह 14 साल का पीएम से मिलने का वनवास भी खत्म हुआ है।

जाति जनगणना, एसएसी एसटी उप-योजना लागू करे सरकार : खड़गे

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश में जाति जनगणना को आवश्यक बताते हुए सरकार से एससी और एसटी के हित में पांच मांगे स्वीकार करने का आग्रह करते हुए इन वर्गों के लिए उप योजना को फिर से लागू करने की मांग की है।

खड़गे ने डॉ अम्बेडकर जयंती पर सोमवार को यहां जारी बयान में कहा संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ आंबेडकर जी की जयंती आज है। आज के दिन मैं काँग्रेस पार्टी की तरफ़ से 5 बातें कहना चाहता हूँ। पहली बात मैं कहना चाहता हूँ कि जाति जनगणना जरूरी है। अभी केंद्र सरकार 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर अपनी योजनाएँ बना रही है। साल 2021 में होनेवाली जनगणना का अभी तक पता नहीं। हम मांग करते हैं कि जनगणना के साथ-साथ ये भी जरूरी है कि जाति जनगणना कराया जाए। क्योंकि इतने वर्षों के बाद ये नहीं मालूम है कि आज समाज के अलग-अलग वर्गों की वास्तविक हालत कैसी है। सामाजिक न्याय के पैमाने पर - शिक्षा, नौकरी, मकान, जमीन का मालिकाना हक़ आदि पर उन्होंने कितनी तरक्की की है।

उन्होंने कहा इंदिरा गांधी ने 1976 में अनुसूचित जाति जन जाति सब प्लान लागू किया था ताकि इन समुदायों के साथ समुचित न्याय हो। दुर्भाग्य से 2015 में मोदी सरकार ने इसे ख़त्म कर दिया। हमारे कर्नाटक और तेलंगना राज्य सरकारों ने सब प्लान लागू करने का क़ानून बनाया है।

55 प्रतिशत उच्च शिक्षण संस्थान निजी हाथों में

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा साल 2006 में संशोधन हुआ अनुच्छेद 15 (5) में संविधान संशोधन कर एससी, एसटी, ओबीसी को निजी कालेजों में आरक्षण दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में यह क़ानून सही ठहराया। आज 55 प्रतिशत उच्च शिक्षण संस्थान निजी हाथों में है। हमारे बच्चे कैसे पढ़ेंगे। मोदी सरकार सो रही है। मैं मांग करता हूँ कि इसे क़ानूनी अधिकार बनाया जाय और इसे तत्काल लागू किया जाय। यही सबसे बड़ी श्रद्धांजलि बाबासाहेब को होगी। दो साल पहले जब महिला आरक्षण पारित हुआ तब कांग्रेस पार्टी की मांग थी यह अधिनियम फ़ौरन लागू हो और इसके साथ-साथ ही इसके अंदर एक तिहाई आरक्षण एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए सुनिश्चित हो। कांग्रेस पार्टी इन 5 मांगों को संसद के अंदर और बाहर लेकर संघर्ष करेगी।

मासूम बच्ची से दरिंदगी का खुलासा चाचा ही निकला दुष्कर्म और हत्या का आरोपी

दुर्ग/नवप्रदेश। नवरात्र के दौरान 6 साल की मासूम बच्ची से रेप कर हत्या के मामले में डीएनए टेस्ट रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार मासूम से रेप उसके चाचा सोमेश यादव ने किया था। रेप के दौरान सोमेश ने उसका गला दबा दिया। इससे उसकी मौत हो गई।

दुर्ग सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि डीएनए टेस्ट रिपोर्ट आने से ये साफ हो गया है कि आरोपी सोमेश ही है। इससे पहले सोमेश यादव को आरोपी बनाने के लिए पोस्ट मार्टम की एग्जामिनेशन रिपोर्ट में भी सोमेश के आरोपी होने का पता चल रहा था। आरोपी ने खुद कबूल किया था। कई तथ्यों के आधार पर यह पता चल रहा था कि आरोपी सोमेश यादव ही है।

सीएसपी चिराग जैन ने कहा कि जांच के दौरान बच्ची के शरीर से मिली कई चीजों को सैंपल के तौर पर लिया गया था। इसके बाद सोमेश यादव सहित कई अन्य संदेहियों का डीएनए टेस्ट कराया गया। केवल सोमेश यादव का डीएनए बच्ची के शरीर से मिले सैंपल से मैच किया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुर्मु, धनखड़, मोदी और विपक्ष के नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की

नयी दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी और अन्य गणमान्य हस्तियों ने सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, पीयूष गोयल, सांसद एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य नेताओं ने भी डॉ अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।इससे पहले मोदी ने अपने पोस्ट पर कहा, मैं सभी देशवासियों की ओर से भारत रत्न पूज्य बाबासाहेब को उनकी जयंती पर नमन करता हूं। उन्होंने आगे कहा, ÷उनकी प्रेरणा के कारण ही आज देश सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से लगा हुआ है।

मोदी की एक और गारंटी हुई पूरी

- 1460 ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल से नगद भुगतान सहित डिजिटल सेवाएं
- पीएम मोदी ने ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा का किया था वादा

रायपुर/नवप्रदेश। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ में मोदी की एक और गारंटी पूरी होने जा रही है। प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल, पंचायत दिवस से नगद भुगतान सहित अन्य डिजिटल सेवाएं शुरू की जाएंगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड की 10-10 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए एमओयू किया गया।

इन सुविधा केंद्रों में ग्रामीणों को अब बहुत सारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी। वे अपने खाते से आसानी से पैसे निकाल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भुगतान के साथ ले सकेंगे प्रमाणपत्र

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने सवा साल में ही मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा किया है। चाहे किसानों के लिए 3100 रुपये में धान खरीदी हो या पिछले दो वर्षों का धान बोनस, महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना, बुजुर्गों के लिए रामलला दर्शन, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का पुनः प्रारंभ, या 5 लाख 62 हजार कृषि मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपये देने का वादा।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ग्राम पंचायतों में शुरू हो रहे इन सुविधा केंद्रों से किसान धान का भुगतान, महतारी वंदन योजना, पेंशन तथा अन्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

कामयाबी... नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के नवाचार से दिल के मरीजों को मिलेगा विशेष लाभ, बिना सर्जरी के शरीर में हो जाएगा फिट

वैज्ञानिकों ने बनाया चावल के दाने जितना छोटा पेसमेकर

नई दिल्ली (ए.)। हृदय रोगों के मामले वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए गंभीर चिंता का कारण बने हुए हैं। हर साल हृदय से संबंधित बीमारियों के चलते लाखों लोगों की मौत हो जाती है। हाल के वर्षों में विशेषकर, कोविड महामारी के बाद हृदय से संबंधित जटिलताओं जैसे हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर के मामलों में और तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

आधुनिक चिकित्सा और मेडिकल क्षेत्र में नवाचार ने हृदय से संबंधित गंभीर जोखिमों को कम करने के लिए प्रभावी तकनीक विकसित कर ली है। जिससे रोगियों का उपचार पहले की तुलना में अब आसान हो सकता है, हालांकि इसके उपयोग के लिए जरूरी है कि बीमारी का समय पर निदान हो सके। मेडिकल क्षेत्र में नवाचार के इसी क्रम में अब वैज्ञानिकों को और बड़ी सफलता हाथ लगी है। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने एक अतिसूक्ष्म पेसमेकर बनाया है जिससे दिल के मरीजों को विशेष लाभ मिल सकता है। सबसे खास बात ये है कि इसका आकार चावल के दाने जितना छोटा है और अब तक जिस तरह से पेसमेकर लगाया जाता रहा है, उससे इतर इसे आसानी से इंजेक्शन के जरिये भी शरीर में इंजेक्ट किया जा सकता है।

सिरिंज की नोंक जितना छोटा पेसमेकर : नेचर जर्नल में प्रकाशित अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार, नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के इंजीनियरों ने एक ऐसा पेसमेकर विकसित किया है जो इतना छोटा है कि इसे सिरिंज की नोंक के अंदर फिट किया जा सकता है। इसके अलावा बिना किसी सर्जरी या चीर-फाड़ के आसानी से शरीर में इंजेक्ट भी किया जा सकता है। खास बात ये भी है कि यह सभी आकार के दिलों के लिए काम कर सकता है। जन्मजात हृदय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पेसमेकर का क्या इस्तेमाल

पेसमेकर एक छोटा सा उपकरण होता है जिसे शरीर में इंप्लांट (प्रत्यारोपित) किया जाता है, ये हृदय को नियमित गति और लय में धड़कने में मदद करता है। इसका उपयोग मुख्य रूप से ऐसे लोगों के इलाज के लिए किया जाता रहा है जिन्हें एरिथमिया (दिल की धड़कन में अनियमितता) की समस्या होती है। कुछ लोगों के दिल की धड़कन बहुत तेज या बहुत कम हो जाती है, इसे नियमित करने के लिए भी पेसमेकर का इस्तेमाल किया जाता रहा है।

पेसमेकर को आमतौर पर जनरल एनेस्थीसिया के माध्यम से शरीर के भीतर फिट किया जाता है। लीडलेस पेसमेकर, जो छोटे और अधिक कॉम्पैक्ट होते हैं, उन्हें कैथेटर का उपयोग करके सीधे हृदय में डाला जाता है।

बंगाल में बेरोजगार हुए शिक्षकों का दिल्ली कूच, जंतर-मंतर पर कल उठाएंगे अपनी आवाज

कोलकाता में शिक्षकों का धरना रहा जारी

कोलकाता। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बंगाल में बेरोजगार हुए शिक्षक अब राज्य से बाहर भी अपनी आवाज उठाएंगे। 70 बेरोजगार शिक्षकों के एक दल ने सोमवार को कोलकाता से दिल्ली कूच किया। वह 16 अप्रैल को जंतर-मंतर पर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

योग शिक्षक अधिकार मंच के प्रवक्ताओं में से एक महबूब मंडल ने बताया कि करीब 70 प्रभावित शिक्षक दो बसों में कोलकाता के एस्प्लेनेड इलाके से दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के 3 अप्रैल के आदेश के बाद राज्य में 26,000 शिक्षण और गैर-शिक्षण नौकरियां रद्द कर दी गईं थीं। सुप्रीम फैसले के बाद दिल्ली रवाना हुए शिक्षकों को भी बर्खास्त कर दिया गया था।

योग्य शिक्षकों को बर्खास्त करने का कर रहे विरोध

मंडल ने आगे कहा कि हम उन योग्य शिक्षकों को बर्खास्त करने का विरोध कर रहे हैं, जिन्होंने 2016 की एसएससी भर्ती परीक्षा पूरी तरह से योग्यता के आधार पर पास की थी। इसके बावजूद, हमें गलत तरीके से भ्रष्टाचारियों में शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पूरी प्रक्रिया को गलत बताया है। इसमें हमारी कोई गलती नहीं है। अब हम क्या करें? हमारे पास अपना पक्ष रखने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। महबूब मंडल ने कहा कि राज्य सरकार ने बर्खास्त कर्मचारियों को स्वेच्छा से काम करने की अनुमति दी है, लेकिन राज्य सरकार के प्रस्ताव को बहुत कम लोगों ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोगों के सामने अपना पक्ष रखना चाहते हैं। कई प्रमुख व्यक्तियों ने हमें समर्थन दिया है। वह धरने के दौरान हमसे मिलने भी आएंगे। मंडल ने बताया कि दिल्ली में जंतर-मंतर पर तीन घंटे का विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए दिल्ली के अधिकारियों से आवश्यक अनुमति मिल गई है। इस बीच, कोलकाता में एस्प्लेनेड के पास वाई-चैनल पर 'पात्र' शिक्षकों का चल रहा सोमवार को भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि एसएससी फर्जी और पात्र उम्मीदवारों के बीच अंतर करने में विफल रहा, जिसके कारण नियुक्तियों को पूरी तरह से रद्द कर दिया गया। आंदोलनरत शिक्षकों ने राज्य सरकार और एसएससी से योग्य शिक्षकों को बहाल करने के लिए एक कमेटी गठित करने की मांग की है।

WBBSE ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (WBBSE) ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है, जिसमें अपील की गई है कि बर्खास्त कर्मचारियों को शैक्षणिक वर्ष के अंत तक या नई भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक- जो भी पहले हो जारी रखने की अनुमति दी जाए। शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने पिछले सप्ताह WBBSE ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने पिछले सप्ताह WBBSE के अध्यक्ष रामानुज गांगुली की मौजूदगी में कहा था कि याचिका पर 17 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने की उम्मीद है। के अध्यक्ष रामानुज गांगुली की मौजूदगी में कहा था कि याचिका पर 17 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने की उम्मीद है।

लश्करे लूट की लम्पट छूट पर सर्जिकल स्ट्राइक है वक्फ संशोधन बिल : नकवी

नई दिल्ली (वार्ता)। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को कहा कि लश्करे लूट की लम्पट छूट पर सर्जिकल स्ट्राइक है वक़्फ़ संशोधन एक्ट। नकवी ने आज यहां पत्रकारों द्वारा वक़्फ़पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि 'चोट लश्करे तबाही पर चीख़ लश्करे तुष्टीकरण' की निकल रही है, जिनके लूट लाइसेंस की नाकेबंदी पर लूटसाहबों की लामबंदी इस बात का प्रमाण है कि वक़्फ़सिस्टम की दाल में काला नहीं था बल्कि पूरी दाल ही काली हो गई थी। इस गन्दगी की सफ़ाई में मुल्क और मज़हब की भलाई है।

राम मंदिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर पर स्थापित किया गया कलश

अयोध्या। राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश स्थापना का काम शुरू कर दिया गया है। सतुआ संक्रांति के शुभ मुहूर्त पर राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर पर कलश पूजन विधि शुरू करके कलश स्थापित किया गया। तीन वैदिक आचार्यों ने कलश पूजन कराया। राम मंदिर समेत जन्मभूमि परिसर में बन रहे अन्य 16 मंदिरों के शिखर पर भी अब कलश स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जैसे-जैसे मंदिर के शिखर तैयार होते जाएंगे, उन पर कलश भी स्थापित होता जाएगा।

जातिवाद और स्वार्थ की राजनीति छोड़ें सरकारें: मायावती

लखनऊ(वार्ता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने सभी सरकारों से भी जातिवादी व संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति को त्यागने का आह्वान करते हुये कहा कि ऐसा करके ही संविधान निर्माता बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के 'विकसित भारत' के सपने को साकार किया जा सकता है। मायावती ने सोमवार को डा अंबेडकर को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों व अन्य उपेक्षितों को बसपा जुड़कर अम्बेडकरवादी बनने की अपील की । उन्होने कहा कि सभी बहुजनों के लाख दुखों की एक दवा है उनकी आपसी एकता व वोटों के जरिए सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करना। इसके लिए विरोधियों के सभी हथकण्डों को भी विफल करना होगा।

छह लोगों को ले जा रहा विमान न्यूयॉर्क में दुर्घटनाग्रस्त

छह लोगों को ले जा रहा विमान न्यूयॉर्क में दुर्घटनाग्रस्त

वाशिंगटन(वार्ता)। अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य में छह लोगों को लेकर जा रहा एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने एक बयान में यह जानकारी दी।बयान में कहा गया, विमान मित्सुबिशी एमयू-2बी शनिवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:15 बजे के आसपास न्यूयॉर्क के कोपेक के पास एक मैदान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान न्यूयॉर्क के हडसन में कोलंबिया काउंटी हवाई अड्डे के लिए जा रहा था। विमान में छह लोग सवार थे। रॉयटर्स ने उन्हीं विमानन अधिकारियों और स्थानीय पुलिस का हवाला देते हुए बताया कि दुर्घटना में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। पिछले सप्ताह अमेरिका में कम से कम कई हवाई दुर्घटनाएँ हुई हैं जिनमें लोग हताहत हुए हैं। न्यूयॉर्क के पास हडसन नदी में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें छह लोग मारे गए, और फ्लोरिडा में सेसना 310 दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन लोग मारे गए।

संविधान की मूल भावना की हो रही है अवेहलना-पायलट

संविधान की मूल भावना की हो रही है अवेहलना : पायलट

टोंक(वार्ता)। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान को आज पहले से अधिक प्रासंगिक बताते हुए कहा है कि इसकी मूल भावना का आदर करना प्रत्येक नागरिक एवं विशेष रुप से प्रत्येक सरकार की जिम्मेदारी हैं लेकिन दुर्भाग्यवश देश में जो हालात निर्मित हुए है आज सिर्फ अंबेडकर मूर्ति पर फूल मालाए तो चढ़ रही हैं मगर संविधान की मूल भावना की अवेहलना की जा रही हैं। श्री पायलट ने सोमवार को यहां डा अंबेडकर जयंती पर आयोजित समारोह में शामिल होने के अवसर पर मीडिया से बातचीत में यह बात कही।

कांग्रेस ने पूरे देश में वोट बैंक की राजनीति का वायरस फैलाया : मोदी

हिसार में पीएम मोदी ने दागा सवाल, कहा-'किसी मुस्लिम को अध्यक्ष क्यों नहीं बनाती कांग्रेस?'



हरियाणा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हिसार में हरियाणा के पहले एयरपोर्ट से हिसार-अयोध्या फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई और टर्मिनल का भी शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान को सत्ता पाने का हथियार बना लिया। जब भी उन्हें लगा कि सत्ता उनके हाथ से फिसल रही है, उन्होंने संविधान को रौंद दिया, जैसा उन्होंने आपातकाल के दौरान किया था। संविधान की भावना स्पष्ट रूप से कहती है कि सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता होनी चाहिए, जिसे मैं धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता कहता हूं। लेकिन कांग्रेस ने इसे कभी लागू नहीं किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर के साथ क्या किया। जब वे जिंदा थे, तब कांग्रेस ने उनका बार-बार अपमान किया। उन्होंने उन्हें दो बार चुनाव हारा दिया। कांग्रेस उन्हें उखाड़ फेंकना चाहती थी, उन्होंने उन्हें सिस्टम से बाहर रखने की साजिश रची। उनकी मृत्यु के बाद, उन्होंने उनकी यादों को भी मिटाने की कोशिश की। बाबा साहब समानता के पक्षधर थे, लेकिन कांग्रेस ने पूरे देश में वोट बैंक की राजनीति का वायरस फैलाया। पीएम मोदी ने यह भी सवाल किया कि कांग्रेस किसी मुस्लिम को अपना अध्यक्ष क्यों नहीं बनाती और अपने चुनाव के 50 प्रतिशत टिकट मुस्लिम उम्मीदवारों के लिए क्यों नहीं रिजर्व करती।

कांग्रेस की कुनीति का सबसे बड़ा प्रमाण वक्फ कानून

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फकुछ कट्टरपंथियों को ही खुश किया है। बाकी समाज बेहाल रहा, अशिक्षित रहा, गरीब रहा। कांग्रेस की इस कुनीति का सबसे बड़ा प्रमाण वक्फ कानून है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि अब नए वक्फ कानून के तहत किसी भी आदिवासी की जमीन को हिंदुस्तान के किसी भी कोने में उसकी संपत्ति को ये वक्फ बोर्ड हाथ भी नहीं लगा पाएगा। नए प्रावधानों से वक्फकी पवित्र भावना का सम्मान होगा।

मोदी ने कहा कि वक्फके नाम पर लाखों हेक्टेयर जमीन पूरे देश में है। इस जमीन से गरीबों का, बेसहारा महिलाओं-बच्चों का भला होना चाहिए था। आज ईमानदारी से इसका उपयोग हुआ होता तो मुसलमानों को साइकिल के पंचर बनाने की जरूरत नहीं होती। इससे सिर्फ भू-माफिया को ही फायदा हुआ। ये माफिया इस कानून के जरिए गरीबों की जमीन लूट रहे थे। सैकड़ों विधवा मुस्लिम महिलाओं ने भारत सरकार को चिट्ठी लिखी, तब जाकर सरकार ने यह बदलाव किया है। हमने बहुत बड़ा काम किया है, हमने इस वक्फकानून में एक और प्रावधान किया है।

कांग्रेस ने कुछ कट्टरपंथियों को खुश करने का काम किया

प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा में कहा कि कर्नाटक सरकार ने एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को छीन लिया और धर्म के आधार पर आरक्षण दिया। लेकिन बाबा साहब आंबेडकर ने साफकहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति ने मुस्लिम समुदाय का भला नहीं किया, बल्कि उन्हें नुकसान ही पहुंचाया है। कांग्रेस ने सिर्फकुछ कट्टरपंथियों को खुश करने का काम किया।

पीएम मोदी का कांग्रेस पर हमला

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने इस देश में एससी, एसटी और पिछड़ी जातियों को दूसरे दर्जे का नागरिक माना है। जबकि कांग्रेस के नेता स्विमिंग पूल जैसी सुख-सुविधाओं का आनंद लेते थे, गांवों में हर 100 घरों में से केवल 16 घरों में पाइप से पानी की सुविधा थी और सबसे ज्यादा प्रभावित होने वालों में एससी, एसटी और पिछड़ी जातियां थीं। केवल 6-7 सालों में, हमारी सरकार ने 12 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों में पानी के कनेक्शन दिए हैं। अब हर 100 ग्रामीण घरों में से 80 घरों में साफपानी की सुविधा है, और हम इस संख्या को 100 फीसदी तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सरकार नागरिकों की सुरक्षा में फेल

'राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं अगले साल विधानसभा चुनाव'

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मांग की है कि अगले साल बंगाल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। अधिकारी ने कहा कि मुर्शिदाबाद, सुती, धुलियान, जंगीपुर और शमशेरगंज में जो अशांति है, वह राज्य सरकार की नाकामी है कि वह आम नागरिकों की सुरक्षा नहीं कर सकी और शांति व्यवस्था कायम नहीं रख सकी।

हिंसा के पीछे जिहादी तत्व

बंगाल के नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 'हालिया हिंसा के पीछे जिहादी तत्व हैं। इन लोगों को खुला घुमने की मंजूरी मिली हुई है। हम उनका सामना करने के लिए तैयार हैं, लेकिन बराबरी का मुकाबला होना चाहिए। चुनाव आयोग को गंभीरत से अगले साल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराने पर विचार करना चाहिए।' गौरतलब है कि वक्फकानून के विरोध में बंगाल में हो रहे प्रदर्शन हिंसक हो गए हैं, जिसके चलते तीन लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य घायल हुए हैं। मुर्शिदाबाद से सैंकड़ों लोग पलायन कर माल्दा पहुंच गए हैं। जहां वे कैंपों में रह रहे हैं। शुभेंदु अधिकारी के आरोपों पर टीएमसी नेता फिरहाद हकीम ने कहा कि 'लोग बंगाल में ही रह रहे हैं, राज्य छोड़कर नहीं भाग रहे। प्रशासन सभी का ख्याल रख रहा है और हालात को सामान्य करने की कोशिश हो रही है। हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन पुलिस दोषियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।'

पुलिस सत्ताधारी पार्टी के कैडर की तरह काम कर रही

भाजपा नेता ने दावा किया कि जब उन्मादी भीड़ तोड़फोड़ और तबाही कर रही थी तो सत्ताधारी पक्ष मूकदर्शक बना सब देख रहा था। मीडिया से बात करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि 'जब भी हिंदू अल्पसंख्यक हुए हैं तो उन्हें वोट देने से रोका गया है। पुलिस सत्ताधारी पार्टी के कैडर की तरह काम करती है। मुक्त और पारदर्शी चुनाव के लिए अगले साल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन के तहत कराए जाने चाहिए।'

आईजीएनसीए में 'अयोध्या पर्व' का संवाद संगोष्ठी और लोक संगीत के साथ समापन

नई दिल्ली(वार्ता)। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) की ओर से तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 'अयोध्या पर्व' का समापन संवाद, संगोष्ठी और लोक संगीत के साथ किया गया। आईजीएनसीए की ओर से सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 'अयोध्या पर्व' रविवार को विचारोत्तेजक संगोष्ठी, ओजपूर्ण आल्हा गायन और सरस लोकगीतों की प्रस्तुति के साथ समापन किया गया। यह आयोजन आईजीएनसीए, अयोध्या न्यास और प्रज्ञा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। विज्ञप्ति के अनुसार, अंतिम दिन का आरम्भ एक साहित्यिक संगोष्ठी से हुआ, जिसका विषय 'कुबेरनाथ राय के निबंधों में श्रीराम' था। इस सत्र में सुप्रसिद्ध निबंधकार कुबेरनाथ राय के साहित्य में 'श्रीराम' की उपस्थिति पर गहन विमर्श हुआ।

ताजिकिस्तान में भूकंप के तेज़ झटके

दुशांबे(वार्ता)। ताजिकिस्तान में रविवार को भूकंप के तेज़ झटके महसूस किये गए। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएमएससी) ने बताया कि भूकंप रविवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 4:24 बजे खुजंद शहर से 170 किलोमीटर से अधिक दक्षिण-पूर्व की दूरी पर आया।

फायरिंग के बाद अब सलमान की कार को बम से उड़ाने की धमकी

वर्ली परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर पर आया संदेश

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार मुंबई के वर्ली परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर पर धमकी भरा संदेश भेजा गया है। इसमें अभिनेता के घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही धमकी देने वाले ने सलमान की कार को बम से उड़ाने की भी धमकी दी है। घटना के बाद वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी फिलहाल धमकी देने वाले की तलाश में जुट गए हैं। संदेश कहां और कैसे भेजा गया? इसकी जांच भी शुरू कर दी गई है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार को ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर संदेश मिलने के बाद सीनियर्स को सूचित किया। पीटीआई के मुताबिक ट्रैफिक पुलिस हेल्पलाइन को हाल के दिनों में अभिनेता को निशाना बनाते हुए कई धमकी भरे संदेश मिले हैं।

बीते साल 14 अप्रैल की सुबह सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर बाइक से आए दो शूटर्स ने पांच राउंड फायरिंग की थी। इस गोलीबारी में एक गोली सलमान के घर की दीवार पर भी लगी थी। एक गोली सलमान के घर पर लगे नेट को चीरती हुई अंदर लगी थी। फायरिंग करने के बाद हमलावर बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए थे। घटना की जांच के दौरान गोलीबारी की जिम्मेदारी लेने वाला एक फेसबुक पोस्ट भी सामने आया था। पुलिस के मुताबिक यह पोस्ट कथित तौर पर जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई ने अपलोड किया था। इस हमले के बाद सलमान खान की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया था।

मुर्शिदाबाद हिंसा: जाफराबाद में हिंदुओं के दुकान-मकान जले, मंदिर को पहुंचाई क्षति

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में स्थिति धीरे-धीरे नॉर्मल हो रही है। दुकानें फिर से खुलन लगी हैं और विस्थापित परिवार वापस लौटने लगे हैं। हिंसा प्रभावित इलाकों में मुख्य रूप से सुती, धुलियां, शमशेरगंज और जंगीपुर शामिल है। इनमें धुलियां के बाद सबसे ज्यादा हिंसा जाफराबाद में हुआ है। जाफराबाद में हिंदुओं के ज्यादातर मकान और दुकान जला दिए गए हैं। जाफराबाद के हिंसाग्रस्त इलाके में हिंदू पलायन कर चुका है। मंदिर तहस-नहस कर दिए गए हैं। घरों-दुकानों में ताला लटका हुआ है।

धुलियां और जाफराबाद में घाट के किनारे और बीच में जो हिंदू फंस गए वो नाव से नदी के दूसरी तरफ पलायन कर गए, ताकि सुरक्षित रहे, क्योंकि हाईवे तक पहुंचने का रास्ता ही नहीं मिला। बीच में मुस्लिम बस्ती के लोगों ने तांडव मचाया। वहीं, धुलियां में मंदिर में पत्थरबाजी हुई, दुकानों को जलाया गया। लोगों का कहना है कि हजारों लोगों ने उत्पात मचाया। यहां बीएसएफकी चौकी नहीं बनी, तो हम सुरक्षित नहीं रहेंगे।

अब तक 210 गिरफ्तारियां

अतिरिक्त महानिदेशक जावेद शमीम जानकारी दी कि प्रभावित क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता बहाल करने की कोशिश जारी है। दुकानें खुलनी शुरू हो गई हैं और लोग वापस लौट रहे हैं। अब तक 19 परिवार अपने घर लौट चुके हैं। मालदा और मुर्शिदाबाद, दोनों जिला प्रशासन जिलों से चले गए लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अब तक 210 गिरफ्तारियां की गई हैं। मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और जानकारी की पुष्टि करें। अगर हमें शांति बनाए रखनी है तो अफवाहों पर रोक लगानी होगी।

हिंसा में तीन लोगों की मौत

बता दें कि मुर्शिदाबाद के सुती, धुलियां, शमशेरगंज और जंगीपुर इलाकों में शुक्रवार से भड़की हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। एक मामले में पिता और पुत्र की नृशंस हत्या का जिक्र करते हुए जावेद शमीम ने बताया कि एक अलग मामला दर्ज किया जाएगा और इसमें शामिल सभी लोगों-दोषियों और तमाशबीनों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी सटीक पहचान करने में समय लगेगा, लेकिन किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

घोटाले मामले का वांछित | व्यक्तिगत कारणों से अभी कोई और विवरण जारी नहीं किया जा सकता

मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी पर बेल्जियम की पहली प्रतिक्रिया, कहा- भारत ने किया प्रत्यर्पण का अनुरोध

ब्रूसेल्स। पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाले मामले में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। बेल्जियम की संघीय लोक सेवा ने सोमवार को पुष्टि करते हुए कहा कि भगोड़े भारतीय व्यवसायी मेहुल चोकसी को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में उसे हिरासत में रखा गया है। बेल्जियम का कहना है कि भारत ने उसके प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध भी किया है। बेल्जियम की संघीय लोक सेवा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि संघीय लोक सेवा इस बात की पुष्टि करता है कि मेहुल चोकसी को शनिवार 12 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें हिरासत में रखा गया है। उनके कानूनी सलाहकार को उनसे मिलने की इजाजत दी गई है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि भारतीय अधिकारियों ने चोकसी के लिए प्रत्यर्पण अनुरोध पेश किया है। संघीय सेवा ने कहा, बेल्जियम की संघीय लोक सेवा इस बात की पुष्टि कर सकती है कि भारतीय अधिकारियों ने चोकसी के लिए प्रत्यर्पण अनुरोध पेश किया है। व्यक्तिगत कारणों से अभी कोई और विवरण जारी नहीं किया जा सकता है।

क्या हैं आरोप?

हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी और उनके भांजे नीरव मोदी पर सरकारी बैंक पंजाब नेशनल बैंक से करीब 13,500 करोड़ रुपये के गबन का आरोप है। इन आरोपों के सामने आने के बाद दोनों देश छोड़कर भाग गए थे। इन लोगों ने पीएनबी की मुंबई के फोर्ट में स्थित ब्रेडी हाउस ब्रांच के अधिकारियों की मदद से फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स के जरिए बैंक से कर्ज पर रकम विदेशों में ट्रांसफर की थी। इससे पहले 2021 में मेहुल चोकसी को अवैध प्रवेश के लिए डोमिनिकन गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। उसकी हिरासत को सुरक्षित करने के लिए सीबीआई की एक टीम कैरेबियाई देश पहुंची थी। मेहुल चोकसी के वकीलों ने डोमिनिकन कोर्ट को बताया कि उसे इलाज के लिए एंटीगुआ लौटने की जरूरत है और आश्वासन दिया कि वह बाद में मुकदमे का सामना करने के लिए वापस आएगा। 51 दिनों तक जेल में रहने के बाद चोकसी को ब्रिटिश क्वीन की प्रिवी काउंसिल से राहत मिली और प्रत्यर्पण आगे नहीं बढ़ सका। वह वापस एंटीगुआ चला गया। बाद में डोमिनिकन गणराज्य में उसके खिलाफअवैध प्रवेश के आरोप हटा दिए गए।

बेल्जियम में जाली दस्तावेज जमा किए

मेहुल चोकसी ने बेल्जियम में निवास कार्ड पाने के लिए जाली दस्तावेज जमा किए। उसने यह भी छिपाया कि वह भारत और एंटीगुआ का नागरिक है। इससे पहले फरवरी में चोकसी के वकील ने मुंबई की एक अदालत को बताया था कि वह भारत नहीं लौट सकता, क्योंकि वह रक्त कैंसर के इलाज के लिए बेल्जियम में था। भगोड़े कारोबारी ने यह भी कहा था कि वह भारतीय एजेंसियों के साथ सहयोग करने और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालतों में पेश होने के लिए तैयार है। हालांकि, इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया और एजेंसियां उसके प्रत्यर्पण की दिशा में काम करती रहीं।

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उन्हें किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को अपने निवास कार्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन संघर्ष की अनुपम मिसाल है। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने हमें एक ऐसा संविधान दिया जो

भारत को लोकतंत्र, समानता और न्याय की मजबूत नींव प्रदान करता है।मुख्यमंत्री साय ने बाबा साहब के विचारों को युगप्रेरक बताते हुए कहा कि आज का दिन हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम उनके आदर्शों पर चलें, और एक समावेशी, समतामूलक और न्यायप्रिय समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

राज्यपाल ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने सोमवार को राजभवन में भारत रत्न एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए । राज्यपाल डेका ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्षो से भरा हुआ था। उन्होंने

सामाजिक भेदभाव, छूआछूत, असमानता के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम माना और स्वयं इसके उदाहरण बने। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अनेक उपाधियां प्राप्त कीं और देश के पहले विधि मंत्री के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन किया। राज्यपाल डेका ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर न्याय व समतामूलक समाज के निर्माण के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे। उन्होंने समाज के शोषित, पीड़ित एवं कमजोर तबके के लोगों के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज जब हम बाबा साहेब को याद कर रहे हैं, तब यह आवश्यक है कि हम केवल औपचारिकताएं न करें, बल्कि उनके विचारों को व्यवहार में उतारें। समता, बंधुत्व और न्याय के सिद्धांत को हमें समाज के प्रत्येक स्तर पर स्थापित करना होगा। इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय, उप सचिव हिना अनिमेष नेताम सहित राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ का प्रांतीय सम्मेलन सम्पन्न

रायपुर। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ का प्रांतीय सम्मेलन 2025 राजधानी रायपुर में भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. इस सम्मेलन में राज्य भर से आए तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों ने प्रशासनिक गरिमा, संगठनात्मक मजबूती और भावी कार्यदिशा को लेकर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। सम्मेलन के दौरान कोरबा तहसीलदार सत्यपाल राय के विरुद्ध, उनके पूर्व कार्यकाल (उपपंजीयक, भरतपुर) में भूमि रजिस्ट्री प्रकरण को लेकर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की संघ ने तीव्र निंदा की. संघ ने इस मामले को शासन के समक्ष तथ्यों सहित प्रस्तुत कर न्याय की मांग का निर्णय लिया है। इस अवसर पर वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कृष्ण कुमार लहरें को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया. उन्होंने आगामी प्रदेश कार्यकारिणी का गठन निम्नानुसार किया।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विक्रांत राठौर, प्रदेश संयोजकः संजय राठौर, गुरुदत्त पंचभाये, वसुमित्र दीवान प्रदेश सचिव प्रशांत पटेल, प्रदेश प्रवक्ता शशिभूषण सोनी, प्रदेश मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश चंद्रवंशी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी तृप्ति चंद्राकर। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक संभाग के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रत्येक संभाग से एक-एक कार्यकारिणी सदस्य को भी मनोनीत किया गया, ताकि संगठनात्मक गतिविधियों में समावेशिता और संरचना को सुदृढ़ किया जा सके। सम्मेलन में उपस्थित तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों द्वारा निम्नलिखित 5 प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई और संघ के आगामी कार्यदिशा हेतु सुझाव पारित किए गए।

संविधान निर्माता को श्रद्धांजलि देने जुटे जनप्रतिनिधि व अधिकारी और आम नागरिक

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर अम्बेडकर चौक में उमड़ा जनसैलाब

रायपुर/नवप्रदेश। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को नवा रायपुर अटल नगर के इंद्रावती भवन के समीप कैपिटल कॉम्प्लेक्स परिक्षेत्र स्थित अम्बेडकर चौक पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बी. आर. अंबेडकर जयंती समारोह संयुक्त आयोजन समिति द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं तथा आम नागरिकों ने भाग लिया।

सुबह से ही अम्बेडकर चौक पर लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। अम्बेडकर चौक के समीप रैली निकाली गई और जय भीम के नारे लगाये गए।

इसके पश्चात समिति के पदाधिकारियों और आमंत्रित अतिथियों द्वारा अंबेडकर जी के जीवन, विचारों और उनके द्वारा समाज में लाए गए क्रांतिकारी बदलावों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर को सामाजिक न्याय का प्रतीक, दलितों और वंचितों के अधिकारों के संरक्षक तथा भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने केवल एक नेता के रूप में नहीं, बल्कि एक विचारधारा के रूप में कार्य किया, जिसकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान जय भीम, डॉ. अंबेडकर अमर रहें जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।

जनसंपर्क के अपर संचालक आलोक देव ने बौद्ध अर्थशास्त्र के बारे अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गनवीर, छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, अपाक्स के अध्यक्ष सत्येंद्र देवांगन, प्रगति शील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के अध्यक्ष आर पी भतपहरी, संरक्षक विनोद भारती, सर्व अनिल कुमार बनज, एस के सोनवानी, अश्विनी कुमार बंजारा, एच के रंगारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सामाजिक समरसता की भावना को बढ़ावा देना उद्देश्य

संयुक्त आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य नवा रायपुर के नागरिकों को डॉ. अंबेडकर के विचारों से जोड़ना और सामाजिक समरसता की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे लोगों ने अंबेडकर जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया। मुख्य अतिथि रायपुर संभाग के आयुक्त महादेव कांवरे ने संविधानिक आदर्शों के पालन हेतु सभी को सपथ दिलाई। अम्बेडकर जी के जातिविहीन समाज की परिकल्पना के बारे में बताया और कहा कि उनके विचारों को जनजन तक पहुंचाए। भू सम्पदा विनियामक प्राधिकरण के सदस्य धनंजय देवांगन ने आर्थिक स्वतंत्रता के संबंध में विचार व्यक्त किया। विभागीय जांच आयुक्त दिलीप वासनीकर ने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों के बारे में जानकारी दी।

गड्ढे में गिरने से मासूम की मौत आक्रोशित लोगों का विरोध प्रदर्शन

डिप्टी सीएम साव बोले- दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

रायपुर। राजधानी के गुढ़ियारी में बीते दिन गड्ढे में गिरने से मासूम की हुई मौत के बाद सोमवार को स्थानीय निवासियों ने मोर्चा खोल दिया है। यह घटना गुढ़ियारी के रामनगर में नगर निगम के लापरवाही के चलते हुई थी। इस घटना से आक्रोशित होकर कालोनी के निवासियों ने रामनगर में आवाजाही बंद कर दी है और निगम मुर्दाबाद के नारे लगा रहे हैं। वहीं कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान स्थानीय लोगों जमकर विरोध किया। इस दौरान जिस गड्ढे में डूबकर बच्चे की मौत हुई उस गड्ढे में एक व्यक्ति कूद गया, जिसे तत्काल बाहर निकाला गया।

घटना से आक्रोशित कॉलोनी वासी निगम प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने कॉलोनी में आवाजाही और चल रहे कार्य रोक दिया गया है। उनकी प्रशासन से मांग है कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए। इसके साथ ही मृतक बच्चे के परिजनों को मुआवजा भी दिया जाए।

3 बच्चे खेलते-खेलते गड्ढे में गिरे, एक की मौत-बता दें, रामनगर चौकी इलाके में स्थित गुलमोहर पार्क कॉलोनी में नगर निगम द्वारा सीवरेज टैंक निर्माण के लिए गहरा गड्ढा खोदा गया था, जिसे खुला ही छोड़ दिया गया था। बारिश या पाइपलाइन लीकेज के चलते इसमें पानी भर गया था। वहीं कल 13 अप्रैल को में 3 मासूम बच्चे खेलते-खेलते गिर गए। हादसे में एक 6 वर्षीय बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चों को स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कार्रवाई का दिया आश्वासन-डिप्टी सीएम अरुण साव ने मासूम की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने घटना को बताया दुर्भाग्य जनक बताते हुए मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। साथ ही घटना की पुनरावृत्ति से बचने दिशा निर्देश जारी करने की बात कही है।

क्या कहते हैं जिम्मेदार- रायपुर निगम कमिश्नर विश्वदीप ने इस मामले को लेकर कहा कि दुखद घटना हुई है, एक बच्चों की मौत हो गई है. कॉलोनी में सोक पिट बनाया गया है था क्योंकि सीवेज वाटर के लिए एग्जिट नहीं है, सेप्टिक टैंक ओवरफ्लो होता था इसलिए वो पिट बनाया गया था. उन्होंने आगे कहा कि पीएम आवास के ठेकेदार ने सोक पिट खोदा लेकिन सुरक्षा के इंतज़ाम नहीं किए. एक जाँच कमिटी बनाई जाएगी , जाँच के आधार पर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।

घटना स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने बताया कि घटना स्थल और सभी अन्य पीएम आवास में निरीक्षण किया जा रहा है. निरीक्षण के बाद सभी को कवर किया जाएगा ताकि आगे इस प्रकार के हादसे और न हो.

जांच पूरी होने और व्यवस्थाओं के दुरुस्त होने तक धरना प्रदर्शन की तैयारी- बता दें, नगर निगम की लापरवाही के चलते मासूम की मौत को लेकर स्थानीय लोगों में जबरदस्त आक्रोश है. कॉलोनीवासियों ने नारेबाजी कर निगम प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है. वे मामले की जांच और व्यवस्थाओं के दुरुस्त होने तक धरने पर बैठने की तैयारी में हैं।

पूर्व विधायक विकास ने धरने को दिया समर्थन

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब से आए दिन आपराधिक मामलों में वृद्धि, दुर्घटनाओं में वृद्धि, महिलाओं के साथ अत्याचार-दुर्व्यवहार और उन्हें एवं बच्चों को असुरक्षित रखना जैसे बीजेपी शासन की आदत हो गई है। उपाध्याय ने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है बीजेपी शासन धृतराष्ट्र बना हुआ है, महाभारत में जिस प्रकार धृतराष्ट्र को दुर्योधन की करतूत दिखाई नहीं दे रही थी वह लगातार एक के बाद एक अनुचित कार्य करता रहा ठीक वैसे ही छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार को सत्ता और कुर्सी से इतना मोह है कि उन्हें नीतिसंगत क्या कार्य करने हैं समझ में नहीं आ रहा है। उपाध्याय ने बताया कि कल रात्रि में रामनगर के गुलमोहर पार्क क्षेत्र में नगर निगम एवं जिला प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते एक मासूम नाबालिग बच्चे की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो गई।

साय ने की पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के गुलमोहर पार्क इलाके में सिवरेज गड्ढे में तीन बच्चे गिर गए। हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई। सीएम साय ने दिव्यांश की मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोकाकुल परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। सीएम साय ने रायपुर जिला प्रशासन और रायपुर नगर पालिक निगम के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों को दो घायल बच्चों की निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। डॉक्टर्स ने कहा कि, दोनो बालकों के स्वास्थ्य में निरंतर सुधार हो रहा है।

यादव ठेठवार समाज रायपुर का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। यादव ठेठवार समाज रायपुर राज का वार्षिक अधिवेशन सोमवार को राज मुख्यालय महादेव घाट रायपुरा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ आराध्य देव भगवान कृष्ण जी की आरती, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। रायपुर राज के अध्यक्ष संतोष यदु द्वारा दिए गए स्वागत उद्बोधन में उन्होंने 17 राज पार से आए पदाधिकारियों एवं कुटुंभजनों का कार्यक्रम में हार्दिक अभिनंदन किया। वार्षिक प्रतिवेदन रायपुर राज के महासचिव मनी राम यदु जी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें समाज द्वारा वर्ष भर की गई गतिविधियों और महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विस्तृत विवरण दिया गया। इस गरिमामय आयोजन में यादव ठेठवार समाज के नवनिर्वाचित 103 जनप्रतिनिधियों को उनकी निष्ठापूर्ण सेवा और समाज के

विकास में सक्रिय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, रायपुर राज के अंतर्गत आने वाले सभी 17 राज पार के प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया, जो समाज की एकता, अखंडता और प्रगति के आधार स्तंभ हैं। कार्यक्रम का सुचारू एवं प्रभावी संचालन गजानंद यादव (गुरुजी) एवं शशिकांत यदु द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने कुशल वक्तृत्व से सभी को बांधे रखा। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव ने अपने सारगर्भित संबोधन में समाज के युवा प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

आरपीएफ पोस्ट ने पकड़ा गांजा तस्कर

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर रेल मंडल के आरपीएफ कमांडेंट ने विशेष ड्राईव चलाकर गांजा तस्कर और अवैध वेंडर्स पर कार्रवाई के निर्देश दिए है। यही कारण है कि अब विशेष ड्राईव में ही आरपीएफ को गांजा तस्कर दिखाई देते है। दुर्ग आरपीएफ पोस्ट ने ऐसे ही एक गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है। सूत्रों के मुताबिक रेसुब पोस्ट दुर्ग व विखुशा रायपुर के साथ ऑपरेशन नारकोस के तहत मुखबीर की सूचना के आधार पर रेसुब पोस्ट दुर्ग प्रभारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक एमएल यादव, उप निरीक्षक सनातन थानापति, आरक्षक एसआर मीना, उप निरीक्षक एसके वर्मा आरक्षक निर्मल कुमार सिंह विखुशा रायपुर के साथ गाड़ी संख्या 12843 पूरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस के पीछे के सामान्य कोच पर सफर कर रहे 2 यात्री को समय 10.40 बजे घेरा बंदी कर पकड़कर गाड़ी से उतारा गया, उसके पास रखे भूरे रंग का बैग को चेक करने पर मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। आरपीएफ के मुताबिक आरोपियों का नाम समीर मोहम्मद शेख पिता मोहम्मद शेख उम्र 45 वर्ष साकिन लोहदा थाना पहाड़ी जिला चित्रकूट उत्तर प्रदेश और रामविलास साहू पिता बच्छराज साहू उम्र 22 वर्ष साकिन बारी गली कारगिल चौक कस्तूरबा नगर बिलासपुर थाना सिविल लाइन जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ का रहने वाला बताया जा रहा है।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सीएम को लिखा पत्र

बढ़ते अपराध और बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस भर्ती की रखी मांग

रायपुर। राजधानी की बढ़ती जनसंख्या, अपराध और यातायात दबाव को देखते हुए रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र के माध्यम से रायपुर व रायपुर जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और यातायात

व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस विभाग में खाली पदों पर तत्काल भर्ती की मांग की है. साथ ही राजधानी के लिए अतिरिक्त पुलिस बल स्वीकृत करने की भी आवश्यकता जताई है। सांसद ने पत्र में लिखा कि राजधानी में जनसंख्या 16 लाख से पार कर चुकी है और चारों ओर शहरी विस्तार हो रहा है. अपराध के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं, साइबर क्राइम भी तेजी से बढ़ा है. वर्तमान में रायपुर जिले में पुलिस विभाग के कुल 3805 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 796 पद रिक्त हैं। आरक्षक के 2738 पदों में से केवल 2007 ही भरे हैं, जबकि 731 पद खाली हैं।

महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष काले सीएम साय के हाथों सम्मानित

मंडल की पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नीता डुमरे का भी अभिनंदन

रायपुर/नवप्रदेश। नेहरू युवा केंद्र रायपुर के मंच पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले का उनके 40 वर्षों की समाजसेवा को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मान किया। इस मौके पर मंडल की खेलकूद समिति की पदाधिकारी व पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नीता डूमरे

को भीम अवार्ड से नवाजा गया।

नेहरू युवा केंद्र छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से रविवार को सुबह सात बजे मरीन ड्राइव तेलीबांधा से घड़ी चौक तिराहा तक आयोजित भीम यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पहुंचे।

रायपुर प्रेस क्लब में स्व. गोविंद लाल वोरा स्मृति पुस्तकालय का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। स्व. मधुकर खेर स्मृति रायपुर प्रेस क्लब परिसर में आज स्व. गोविंद लाल वोरा स्मृति पुस्तकालय का शुभारंभ हुआ। स्व. गोविंद लाल वोरा फाउंडेशन और रायपुर प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह शामिल हुए। स्पीकर डॉ. रमन सिंह और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल ने लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक और वोरा परिवार के सदस्य अरुण वोरा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश

से उमेश त्रिवेदी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, अमृत संदेश अखबार के प्रधान संपादक गिरीश वोरा, वरिष्ठ पत्रकार अरुण पटेल शामिल हुए।इस मौके पर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लाइब्रेरी में किताबों के लिए स्वनिधि से एक लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 30 दिन के भीतर किताबों के लिए राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। स्व गोविंद लाल वोरा को याद करते हुए डॉ. रमन सिंह ने उनकी शालीनता और जीवन पर्यंत पत्रकारिता करते रहने की बातें साझा की।

उन्होंने कहा, मेरे मुख्यमंत्री रहते और उससे पहले भी कभी भी वोरा जी ने मुझसे किसी काम के लिए नहीं कहा। उन्होंने याद करते बताया कि मजाक में वे वोरा जी को संपादकों का देवानंद कहते थे।

धरना | नवा रायपुर के तूता में बीएड डिग्रीधारी बर्खास्त शिक्षक अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं

धरने पर बैठीं बर्खास्त बीएड शिक्षिका को बिच्छू ने मारा डंक

रायपुर। बीएड डिग्री धारी बर्खास्त शिक्षकों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफसरकार सुध नहीं ले रही है, तो दूसरी ओर नवा रायपुर धरना स्थल पर परेशानी अलग है। ऐसे में धरने पर बैठी एक शिक्षिका को बीती रात बिच्छू ने काट लिया, जिसके बाद उसकी हालत गंभीर है। नवा रायपुर के तूता धरनास्थल में चार महीनों से धरना दे रहे हैं। इन्हीं में से एक महिला शिक्षिका प्रिया मंडावी को बीती रात करीब डेढ़ बजे बैस भवन में

सोते समय बिच्छू ने डंक मार दिया। चीख-पुकार सुनकर बाकी शिक्षकों ने 112 को कॉल किया। लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिलने पर साथी सहायक शिक्षक उन्हें मोटरसाइकिल में बैठाकर अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए. महिला की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें अंबेडकर अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया गया कि पहले भी धरना स्थल और विश्राम भवन में सांप, बिच्छू निकलते रहा है, जिससे धरने पर बैठे शिक्षकों की जान को खतरा बना रहता है। आंदोलनरत प्रदेश भर से विशेषकर बस्तर और सरगुजा संभाग से आई 150 से ज्यादा शिक्षिका इस भवन के चार कमरों में विपरीत स्थिति में रहने पर मजबूर है।

तूता धरना स्थल में अव्यवस्था

शिक्षकों की शिकायत है कि धरनास्थल पर पेयजल और शौचालय की व्यवस्था अत्यंत खराब है। इसकी शिकायत कई बार प्रशासन से की जा चुकी है, पर अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। इसके बावजूद शिक्षकों का कहना है कि, जब तक सरकार उनका समायोजन नहीं करती, वे हर परिस्थिति का सामना करते हुए धरना स्थल पर डटे रहेंगे।

सुविचार

कभी कभी बिन धागे वाली सुई सी बन जाती है जिंदगी, जो सिलती तो कुछ नहीं बस चुभती रहती है। - अज्ञात

ममता सरकार को हाईकोर्ट की फटकार

वक्फ बिल के खिलाफ पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद सहित कुछ अन्य स्थानों पर जो हिंसा का नंगा नाच चल रहा है और बंगाल पुलिस इस हिंसा को रोकने में विफल हो रही है। उसे देखते हुए कोलकाता हाईकोर्ट ने ममता सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। यही नहीं बल्कि हाईकोर्ट ने बांगल के हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के भी आदेश दे दिए हैं। इधर, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉक्टर पीवी आनंद बोस ने भी बंगाल में हो रही हिंसा पर दो टूक शब्दों में कहा है कि वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन के नाम पर तोड़फोड़ और हिंसा की इजाजत नहीं दी जा सकती। मुर्शिदाबाद में लगातार हिंसा हो रही है। इस हिंसा के चलते तीन लोगों की मौत भी हो गई है। यही वजह है कि ममता सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने बंगाल में मचे बवाल के लिए वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया है। चौतरफा आरोपों से घिरीं ममता बनर्जी ने अब बयान दिया है कि लोग धर्म के नाम पर हिंसा और दंगा न करें। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। ममता बनर्जी ने तो लोगों से ही सवाल किया है कि जब हमारी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वक्फ बिल बंगाल में लागू नहीं किया जाएगा तो फिर इसे लेकर दंगा क्यों किया जा रहा है। लगे हाथ ममता बनर्जी ने इस दंगे का ठीकरा दूसरी पार्टियों के सिर पर फोड़ते हुए यह भी आरोप लगाया है कि कुछ राजनीतिक पार्टियां धर्म का दुरूपयोग कर रही हैं। ममता बनर्जी इस तरह की अपील पहले भी कर सकती थीं। जब मुर्शिदाबाद में वक्फ बिल के खिलाफ प्रदर्शन के नाम पर हिंसी की लपटें उठी थीं। उस समय तो ममता बनर्जी चुप्पी साधे बैठी रहीं अब जबकि उनकी सरकार की नाकामी को लेकर चौतरफा आलोचना होने लगी है। तब कहीं जाकर उन्होंने शांति की अपील की है। बहरहाल, बंगाल में शांति की स्थापना राज्य और केन्द्र सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। बंगाल में हुई हिंसा का असर अन्य राज्यों पर भी पड़ने का खतरा मंडरा रहा है। बंगाल की देखा-देखी उसके पड़ोसी राज्य असम में भी विरोध प्रदर्शन के नाम पर हिंसा होने लगी है। इसलिए यह आवश्यक है कि हिंसा करने वालों और उन्हें हिंसा के लिए भड़काने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चि की जाए और दंगाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। ऐसा दंगाईयों के खिलाफ उत्तरप्रदेश का योगी मॉडल भी लागू किया जाए। इस दंगे के कारण लोगों की जिस संपत्ति का नुकसान हुआ है और सरकारी संपत्ति की क्षति हुई है, उसकी भरपाई भी इन दंगाईयों से ही कराई जाए और जरूरत पड़ने पर बुलडोजर की भी कार्यवाही की जाए। तभी दंगा करने वालों को सबक मिलेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि बंगाल में भड़की हिंसा पर रोक लगाने के लिए ममता बनर्जी सरकार कड़े कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सिर्फ शांति बनाए रखने की अपील करना काफी नहीं है। इसके लिए कड़े कदम भी उठाने पड़ेंगे। बंगाल हिंसा को लेकर भाजपा और कांग्रेस ममता बनर्जी की सरकार पर चाहे जो आरोप लगाएं लेकिन उन्हें भी हिंसा को लेकर सियासत करने से परहेज करना चाहिए। बंगाल के हिंसाग्रस्त क्षत्रों में शांति कायम करने के लिए सभी का समवेश प्रयास अति आवश्यक है।

नए वक्फ कानून से बिखर सकता है मुस्लिम वोट बैंक

उमेश चतुर्वेदी

वक्फ कानून के बाद यही थोक वोट बैंक राजनीतिक दलों को दरकता दिख रहा है। अगर यह दरकना बढ़ा, तो पसमांदा समाज मुस्लिम समाज के थोक वोट बैंक से छिटक सकता है। इस कारण इस समुदाय के वोटों की बुनियाद पर राजनीति करने वाले दलों का घबराना स्वाभाविक है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का यह कहना कि वक्फ संशोधन कानून ने मुस्लिम समुदाय को बांट दिया है। कुछ ऐसे ही विचार मुस्लिम समीकरण की राजनीति करने वाली समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल समेत कई अन्य विपक्षी नेताओं के भी हैं। ये विचार इसी घबराहट के संकेत हैं।

सवाल यह है कि हिंदू समुदाय जातियों में बंट सकता है, उसे जातीय स्तर पर खंडित करके राजनीति अपनी राजनीतिक रोटी सेंक सकती है, सत्ता की दहलीज लांघ सकती है तो उसे मुस्लिम वोट बैंक में दरार से क्यों परेशानी होने लगी। परेशानी यह है कि अगर पिछड़ा, दलित और वंचित मुस्लिम समुदाय थोक वोट बैंक से अलग हुआ तो मुस्लिम आधार पर राजनीति करने वाले दलों की सियासी वजूद खतरे में पड़ जाएगा।

नया वक्फ कानून लागू होने के बावजूद सियासी और सामाजिक तूफान थमा नहीं हैं। कुछ राजनीतिक दल, एनजीओ और मुस्लिम संगठन इसे असंवैधानिक बताते हुए सुप्रीम कोर्ट की चौखट तक जा पहुंचे हैं, जबकि कुछ इसकी तैयारी में अपने कानूनी हथियार की धार तेज कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठना संभव है कि आखिर इस कानून को लेकर इतनी सियासी हंगामा क्यों मचा है? क्या इसकी वजह सिर्फ धार्मिक और सामाजिक ही है या फिर वक्फ की संपत्तियों से नियंत्रण हटने वाले कुछ लोगों की परेशानी झलक रही है? लेकिन एक वजह ऐसी है, जहां नजरें कम ही पहुंची हैं। दरअसल, इस कानून ने मुस्लिम वोट बैंक की सरमायादारी करने वालों का रसूख कमजोर होता नजर आ रहा है। कुछ राजनीतिक दलों को भी लगता है कि अगर मुस्लिम समुदाय बंटा तो उसकी राजनीति पस्त पड़ सकती है।

संविधान सभा की मंजूरी वाले संविधान में भले ही देश को पंथ निरपेक्ष नहीं बताया गया, लेकिन आजादी के बाद से ही पंथ निरपेक्षता के नाम पर तुष्टिकरण की राजनीति जारी रही। उसके चलते मुस्लिम समुदाय को लेकर धारणा बनी कि वह अपने हितों का ध्यान रखते हुए थोक वोट बैंक की तरह काम करता है। पहले आम चुनाव में विभाजन का दर्द और स्वाधीनता संघर्ष का गर्व बोध ताजा-ताजा था, जिसकी प्रतिनिधि कांग्रेस थी, लिहाजा ज्यादातर मतदाताओं ने उसे पसंद किया। लेकिन बाद के दिनों में परिपक्व होता वोटर अपने लिहाज से राजनीतिक दलों को नापने-परखने लगा, तब कांग्रेस ने ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम का सियासी रसायन तैयार किया और उसके सहारे सत्ता पर लंबे समय तक काबिज रही। इसी दौरान अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की राजनीति शुरू हुई, जो अब तक कुछ दलों का सियासी हथियार बनी हुई है। इसी की वजह से मुस्लिम वोट बैंक का विचार परवान चढ़ा। मुस्लिम समुदाय ने भी इसे गलत ठहराने का प्रयास नहीं किया। अल्पसंख्यकवाद के कवच और बहुसंख्यक के डर के चलते मुस्लिम वोट बैंक मजबूत होता चला गया।

वक्फ कानून के खिलाफ बेशक मुस्लिम समुदाय का एक हिस्सा नाराज दिख रहा है, लेकिन एक तबका ऐसा भी है, जो समर्थन में उठ खड़ा हुआ है। इसमें अजमेर दरगाह के चिश्ती सैयद नसरूद्दीन के साथ ही ऑल इंडिया सूफी सज्जादनशीं कौंसिल, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच और भारत फर्स्ट जैसी संस्थाएं खुलकर बोल रही हैं। इस कानून के पास होने के बाद मचे सियासी हंगामे के बीच ऑल इंडिया इमाम ऑर्गनाइजेशन के प्रमुख उमर अहमद इलियासी भी इसके समर्थन में उठ खड़े हुए। समर्थकों की इस सूची में जमीयत हिमायत उल इस्लाम, पसमांदा मुस्लिम महाज और पसमांदा मुस्लिम समाज भी हैं।

समर्थकों में सबसे ज्यादा मुस्लिम पसमांदा समाज के लोग हैं। जिसे आज की राजनीतिक भाषा दलित, वंचित और शोषित कहा जाता है, पसमांदा समाज के लोग वही है। पसमांदा फारसी का शब्द है, जो पस और मांद से मिलकर बना है। पस का मतलब पीछे और मांद का अर्थ छूटना होता है यानी सामाजिक दौड़ में पीछे छूट गए लोग पसमांदा हैं। मुस्लिम समाज में इनकी हिस्सेदारी सत्तर से 85 फीसदी तक मानी जाती है। 1931 की जनगणना में मुस्लिम समुदाय की तीन सौ से ज्यादा जातियों का जिक्र है। इसके पहले 1891 की जनगणना में बंगाल में सत्तर से ज्यादा मुस्लिम जातियों का रिकॉर्ड शामिल है।

आखिर क्या वजह है कि पसमांदा समाज को यह कानून पसंद आ रहा है।

इसे समझने के लिए मुस्लिम बुद्धिजीवी जफर सरेशवाला के बयान को देखना होगा। उन्होंने कहा है कि वक्फ के पास इतनी संपत्ति है कि इसका इस्तेमाल सही से किया गया होता,तो सिर्फ मुसलमान ही नहीं, इस देश का हिंदू भी गरीब नहीं रहता। कुछ ऐसी ही राय बिहार के राज्यपाल और मुस्लिम समाज के जाने-माने चिंतक आरिफ मोहम्मद खान की भी है। उन्होंने पटना के महावीर मंदिर ट्रस्ट का हवाला देते हुए कहा है कि इसके अस्पताल और कई सेवा कार्य हैं, वक्फ बोर्ड के पास ऐसा काम कोई नहीं है। इस्लाम में जकात यानी दान का मतलब दीन की सेवा के लिए होता है।

लेकिन वक्फ बोर्ड पर आरोप रहा है कि उसने अपने समुदाय के कमजोर तबके के कल्याण के लिए कभी कोई योजना नहीं चलाई। वक्फ विधेयक पर चर्चा के दौरान लोकसभा में अमित शाह ने भी वक्फ के उद्देश्य को लेकर जो कहा, उसमें भी इस तबके की चिंता झलक रही थी। उनका कहना था कि वक्फ का कानून दान के लिए किसी द्वारा दी गई संपत्ति, उसका प्रशासन अच्छे से चल रहा है या नहीं,कानून के हिसाब से चल रहा है या नहीं ज्याजाद इस्लाम धर्म के लिए दिया गया है, गरीबों के उद्धार के लिए दिया गया है, लेकिन उस उद्देश्य के लिए उसका उपयोग हो रहा है या नहीं, इन सबके नियमन के लिए यह कानून आया है।

पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय संयोजक फिरोज मंसूरी तो एक तरह से वक्फ बोर्ड को रसूखदार लोगों के हाथ की कठपुतली ही बता रहे हैं। उनका कहना है कि नौ लाख एकड़ से ज्यादा की जमीन पर सिर्फ दो सौ लोगों का कब्जा था, जो कट्टर धार्मिक हैं। मंसूरी के अनुसार, बदले कानून से पसमांदा मुस्लिम समुदाय के लिए योजनाएं बनेंगी, वक्फ की संपत्ति का इस्तेमाल दीन और कमजोर वर्ग के हित के लिए होगा।

पसमांदा समुदाय की ऐसी प्रतिक्रियाओँ से साफ है कि मुस्लिम वोट बैंक में दरार पड़नी तय है। क्योंकि इस कानून ने दलित, शोषित और वंचित मुस्लिम समाज को सत्ता की चाभी का पता बता दिया है। अब तक की मुस्लिम राजनीति को देखेंगे तो उसमें अशरफिया मुसलमानों का कब्जा रहा है।

अरब,अफगानिस्तान और मध्य एशिया से आए मुसलमान भारतीय मूल के मुस्लिम लोगों से खुद को बेहतर मानते हैं। इन्हें अशरफिया कहा जाता है। इन्हीं लोगों के पास लंबे समय तक सत्ता रही, धार्मिक केंद्रों के भी यही प्रमुख रहे, इस वजह से अपने समुदाय पर इनका दबदबा रहा। आजादी के बाद भी मुसलमानों का नेतृत्व इसी वर्ग के हाथ रहा। इस कारण से पसमांदा मुस्लिम राजनीति में हाशिए पर हैं।

हालांकि उन्हें एक करने के लिए पहली बार 1900 के दशक में ऑल इंडिया पचवारा मुस्लिम महाज का गठन हुआ। पिछली सदी के आखिरी दशक में बिहार के पत्रकार अली अनवर ने इस समुदाय की बात उठाई। पसमांदा समुदाय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी नजर है। पहली बार पांच जून 2022 को बीजेपी की हैदराबाद में हुई राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में इस समाज को साथ जोड़ने के लिए उनके बीच काम करने की बात उन्होंने कही। इसके बाद 27 जून 2023 को उन्होंने भोपाल में सार्वजनिक रूप से पहली बार पसमांदा समाज का जिक्र किया। लेकिन बीजेपी को विशेष सफलता नहीं मिली। मुस्लिम समुदाय थोक वोट बैंक के रूप में बना रहा।

ख्याल रखें इस गर्मी में

उमा मेहता त्रिवेदी

चरम पर है और सूर्य की तपिश असहनीय होती जा रही है। इस मौसम में हम मनुष्य तो अपनी सुख-सुविधाओं का ध्यान रख सकते हैं, लेकिन हमारे आसपास रहने वाले मूक प्राणियों-पशु-पक्षियों-का क्या ?

वे इस भीषण गर्मी में किस तरह राहत पाएं? यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपने इन बेजुबान साथियों का ध्यान रखें और उन्हें इस मौसम की कठिनाइयों से बचाने में अपना योगदान दें। पशु-पक्षी प्रकृति का अभिन्न अंग हैं और हमारे जीवन में उनका महत्वपूर्ण स्थान है। वे न केवल हमारे पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि हमें आनंद और सुकून भी प्रदान करते हैं। ऐसे में, जब प्रकृति का यह प्रकोप उन पर पड़ता है, तो हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। सबसे पहले बात करते हैं हमारे पालतू पशुओं की। कुत्ते, बिल्लियां और अन्य पालतू जानवर गर्मी से बहुत जल्दी प्रभावित होते हैं। उन्हें लू लगने का खतरा रहता है, जिससे वे बीमार पड़ सकते हैं या उनकी जान भी जा सकती है। इसलिए, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि उन्हें दिन के सबसे गर्म समय में घर के अंदर या छायादार जगह पर रखा जाए। उन्हें पर्याप्त मात्रा में ठंडा और ताजा पानी पीने के लिए दें। उनके पानी के बर्तन को नियमित रूप से साफ करें और भरते रहें। लंबी फर वाले जानवरों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए उनके बालों को छोटा करवा दें। उन्हें सुबह या शाम के ठंडे समय में ही टहलने के लिए ले जाएं और ध्यान रखें कि वे गर्म सतहों पर न चलें। सड़कों और गलियों में घूमने वाले बेसहारा पशुओं की स्थिति और भी दयनीय होती है। उनके लिए पीने के पानी का इंतजाम करना सबसे जरूरी है। आप अपने घर के बाहर किसी बर्तन में पानी भरकर रख सकते हैं। आस-पड़ोस के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यदि आपको कोई बीमार या कमजोर पशु दिखे तो तुरंत किसी पशु चिकित्सालय या पशु कल्याण संगठन को सूचित करें। उन्हें छाया देने के लिए आप अपने घर के आसपास पेड़-पौधे लगा सकते हैं या अस्थायी शेड बना सकते हैं। अब बात करते हैं पक्षियों की। चिलचिलाती धूप में उड़ते हुए पक्षी भी प्यास और गर्मी से बेहाल हो जाते हैं। उनकी मदद के लिए आप अपने बालकनी या छत पर मिट्टी के बर्तन में पानी भरकर रख सकते हैं। अनाज के कुछ दाने भी उनके लिए भोजन का स्रोत बन सकते हैं। पक्षियों के लिए छोटे-छोटे घोंसले बनाकर उन्हें सुरक्षित आश्रय प्रदान किया जा सकता है। यदि आपको कोई घायल या कमजोर पक्षी मिले तो उसे सुरक्षित स्थान पर रखें और तुरंत किसी वन्यजीव बचाव दल से संपर्क करें। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि थोड़ी सी संवेदनशीलता और प्रयास से हम इन मूक प्राणियों के जीवन को आसान बना सकते हैं। उनकी देखभाल करना न केवल मानवीयता का परिचय है, बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी निर्वहन है। आइए, इस भीषण गर्मी में अपने मित्र पशु-पक्षियों का साथ दें और उन्हें राहत पहुंचाने में अपना सक्रिय योगदान दें। क्योंकि वे भी हमारी इस धरती के उतने ही हकदार हैं जितने हम।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 2013 में इराक में हुए बम विस्फोट से करीब 35 लोगों की मृत्यु हो गई थी और 160 घायल हुए थे। 2012 में पाकिस्तान की एक जेल पर हुए हमले के बाद 400 फरार हो गए थे। 2006 में आज के ही दिन इंटरपोल ने जकार्ता सम्मेलन में एंटी करप्शन एकेडमी के गठन का प्रस्ताव दिया गया था। 2004 में राजीव गांधी हत्याकांड से जुड़े लिट्टे उग्रवादी वी. मुरलीधरन की कोलम्बो में हत्या की गई थी। 1994 में भारत सहित 109 देशों द्वारा 'गैट' समझौते की स्वीकृति हुई थी। 1985 में हैजा के जीवाणु पर शोध कार्य करने वाले भारतीय वैज्ञानिक शंभुनाथ डे का निधन हुआ था। 1966 में चित्रकार नंदलाल बोस का निधन हुआ था। 1955 में अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया था। 1948 में आज ही के दिन हिमाचल प्रदेश राज्य की स्थापना हुई थी। 1927 में तत्कालीन सोवियत संघ और स्विट्जरलैंड राजनयिक संबंध बनाने पर सहमत हुए। 1923 में आज के ही दिन शुगर से पीड़ित लोगों के लिए इंन्सुलिन बाजार में आया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दस्त-ए-तन्हाई

दस्त-ए-तन्हाई से जुझते भ्रम जैसे हालात रहे बिखरी हुई सांसें और नहीं काबू में जज़्बात रहे कुछ देर ही सही जान लेते दौर-ए-वाबस्तगी को कह लेने को कितना था मगर गुम ख्यालात रहे।

-सपना चन्द्रा

आज सुबह सूरज

आज सुबह सूरज कुछ उदास सा लगा बिल्कुल चुपचाप शांत सौम्य पर धीरे-धीरे बढ़ रही थी तपिश मानो भीतर जल रहा सब आना चाहता हो बाहर और बढ़ती जा रही है तपिश भी तेज और तेज होता जा रहा है मानो जला देना चाहता हो सब और गढ़ना चाहता है एक नयी सुंदर दुनिया... एक साधारण इंसान का क्रोध मानो इस बार सब बदल देना चाहता है और चाहता है एक सुंदर स्वस्थ समाज आज कल की परिस्थितियों पर

- डेज़ी जयसवाल

ख़ास पाती | जब हम कुछ भी नहीं करते हैं

जब हम कुछ भी नहीं करते हैं,बस सोचते हैं। आस्मां का क़द देख,परींदे परों को नोचते हैं। आदमी के अन्दर, कोई जानवर भी है शायद। दुम हिलाते हुए मिलते हैं कमल सिर्फ भौंकते हैं। नुक्कड़ में मिल जाएंगे कुछ बैठे हुए निठल्ले। मुल्क के मन मौजी ओ को बार बार खरोंचते हैं।। पैसों से दलाल मिल जाए,मुफ़्त में शुभचिंतक। अपनी दलीलों में जो अक़्सर,ज़हर परोसते हैं।। कहने भर को शायर हैं, दरबारी बनके बैठे है। खुद अपनी जुबां से,कहां कभी हम बोलते हैं। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय। - **कमलकांत डोंगरे**

उस जनरल डायर को कोस रहे सब

उस जनरल डायर को कोस रहे सब आज के डायर को कौन कोसेगा बेकसूर आज भी मर रहे है यहाँ उनके यतीम को कौन यहां पोसेगा सिहर-सिहर आज भी जी रहे है डर से आंसू उन हजारों के कौन भला पोछेगा इतिहास ने बताया उसको ही जालिम आज के जालिम को कौन रोकेगा **-संत आर थवाइत**

गुमां के दायरे में क्या नहीं है जो दिखता है

गुमां के दायरे में क्या नहीं है जो दिखता है कभी वैसा नहीं है ख्यालों का मुसलसल सिलसिला है ज़हन इनसे कभी बचता नहीं है बंधी है बंधनों में सारी दुनियां कोई रिश्ता मगर दिखता नहीं है आईने ने भी आख़िर कह ही डाला तुम्हारा अक्स भी तुम सा नहीं है मिला हूँ तुमसे तो यह सोचता हूँ अब आगे का सफ़र तन्हा नहीं है - **अनुमित्तल**

रोज डरावे कह के बाघ गीत सुनावे

रोज डरावे कह के बाघ गीत सुनावे कह के बाघ गाँव-शहर बा जंगल राज गाल बजावे कह के बाघ बाघन के गिनती होता नाच नचावे कह के बाघ फोटो रोज खिंचावत बा भेष बनावे कह के बाघ गरजे झूठे शहर - शहर खूब डरावे कह के बाघ समझत बाटे लोग बहुत रोज सतावे कह के बाघ रोज पिटे डंका झूठे मूर्ख बनावे कह के बाघ 'ऐनुल' जुमलाबाजी बा खेल देखावे कह के बाघ - **'ऐनुल' बरौलवी**

चुभो तो लहू, हंसाओ तो हंसी, ज़हर से

चुभो तो लहू, हँसाओ तो हँसी, ज़हर से होती है हर देह ख़तम वही। रंग, जात, धर्म के नाम क्यों हो फासले, जब मनुष्यत्व की नींव एक ही सी। अन्याय सहें कब तक हम चुपचाप, सहनशीलता भी बन जाए न पाप। हर दिल के भीतर एक ज्वाला जलती है, जिसे चोट मिलती है, वही क्रांति करती है। - **रेनू शब्द मुखर**

राह बीच आज मिली देख हमें बोल पड़ी

राह बीच आज मिली देख हमें बोल पड़ी। बहुत दिनों के बाद दर्श आज पाई हूं ।। हाल चाल बतलाओ नखरे दिखाओ नहीं। जानती हूं साथ तेरा दे नहीं मै पाई हूं ।। मात पिता मान रख खुद को भी भूलकर। बिधि का बिधान मान फर्ज ये निभाई हूं।। हाथ जोड़ पैर पडुं दोषी मत मान मुझे। बिधि के बिधान में भी जुल्म की सताई हूं ।। हाल सारा जानकर अभिज्ञ भी मौन भये। दुनिया बनाने वाले कैसी ये खुदाई है।। मैने तुझे चाहा नहीं खुद को क्यों हारा मुझे । सोचो जरा आप ने हाल क्या बनाई है ।। जिस डोर बंध गया तोड नहीं सका उसे। भले मान संग तेरे मेरी बेवफाई है।। बात मेरी मान अब खुद को संभाल तू। प्यार तेरा देख लगा मेरी मीराबाई है।। - **अजय मिश्रा अभिज्ञ**

QUIZ TIME

1) नॉइज ने किस महिला वेलनेस कंपनी का मई, 2024 को अधिग्रहण किया?

2) चन्द्रमा पर पहली ट्रेन प्रणाली के लिए योजनाबद्ध नाम क्या है?

3) किस राज्य ने अप्रत्याशित मृत्यु के वित्तीय बोझ को कम करने के लिए एक यूनिवर्सल लाइफइन्शुरन्स पॉलिसी शुरू की है?

4) आकाशगंगा में पाए गए सबसे बड़े तारकीय ब्लैक होल का नाम क्या है?

5) इलेक्ट्रिक स्टैंडिंग व्हीलचेयर का नाम बताएँ जिसे आईआईटी मद्रास द्वारा बनाया गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) [illegible] (2) फ्लेक्सिबल लेविटेशन ऑन अ ट्रैक (3) नागालैंड (4) गैया बीएच3 (5) नियोस्टैंड

आज का पंचांग

सूर्योदयः 06:16, सूर्यास्तः 06:43, चन्द्रोदयः 13:38, चन्द्रास्तः 27:34, अयन उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः वसंत, शक सम्वतः 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः 2082 (सिद्धार्थी), पक्ष : शुक्ल, तिथि : तृतीया , नक्षत्रः विशाखा, योग : शूल, प्रथम करण : तैतिल (07:36 तक), द्वितीय करण : गर (20:00 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : कर्क, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), शनि : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:54 से 12:44, सर्वार्थसिद्धि योग 05:59 से 06:25, रवि योग पूरे दिन, विजय मुहूर्त 14:26 से 15:16,

गोधूलि मुहूर्त 18:38 से 19:01, सायाह्न सन्ध्या 18:39 से 19:47, निशिता मुहूर्त 23:56 से 24:41, राहुकाल 15:00 से 16:30, राहुवास उत्तर-पश्चिम

यमगण्ड 10:44 से 12:19

दुर्मुहूर्त 12:44 से 13:35

होमाहुति शुक्र (06:25 से शनि)

दिशाशूल पूर्व

अग्निवास आकाश

चन्द्र वास उत्तर

शिववास सभा में (20:00 से क्रीड़ा में)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज के दिन आपमें क्रोध की अधिकता रहने से परिवारजनों के साथ किसी बात पर विवाद होने की संभावना है।

वृष : आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज आप दिनभर हास्य एवं मनोरंजन के मूड में रहेंगे मौज शौक पूरा करने के लिये आवश्यक कार्यो को भी नजरअंदाज कर सकते है

मिथुन : आज का दिन आपको मिला-जुला फल प्रदान करेगा। दिन के आरम्भ में धार्मिक प्रवृत्ति के कारण दिनचर्या में विलंब होगा ।

कर्क : आज का दिन आपके अनुकूल रहने से शारीरिक और मानसिक रूप से खुशी का अनुभव करेंगे।

सिंह : आज का दिन आपके प्रतिकूल रहेगा। आज कार्यो में असफलता मिलने से मन हताशा से भरा रहेगा।

कन्या : आज का दिन आपके लिए लाभ के अवसर लाएगा लेकिन मध्यान तक किसी विशेष कार्य को लेकर इंतजार भी करना पड़ेगा इसके बाद ही कार्य विस्तार की सफल योजना बनापायेंगे।

तुला : आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में आशानुकूल सफलता मिलने से संतोष होगा।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिये शुभ फल प्रदान करने वाला रहेगा। आज आप अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़संकल्पित रहेंगे। कोई भी कार्य आरंभ करने के बाद उसे पूरा करके ही छोड़ेंगे।

धनु : सेहत के दृष्टिकोण से आपका आज का दिन प्रतिकूल रहेगा। शरीर में थकान बैचैनी शारीरिक अंगों में अकड़न महसूस होने से कार्य के प्रति उत्साह की कमी रहेगी।

मकर : आज का पूरा दिन आपके अनुकूल रहेगा। प्रातः काल से ही शरीर स्फूर्तिवान रहेगा। आज व्यापार व्यवसाय में आर्थिक लाभ के प्रबल योग बन रहे है।

कुंभ : आज के दिन आप असमंजस की स्थिति में रहेंगे। आज मन अनिर्णायक स्थिति में रहने से लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते है।

मीन : आपका आज का दिन विषम परिस्थिति वाला रहेगा। आपके अंदर अतिआत्मविश्वास की भावना बढ़ेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 017 का हल

अ	भि	षे	क	■	प	स	■	■
जा	त	■	थ	प	थ	पा	ना	■
य	र	का	नी	■	भ	■	र	श्मि
ब	घा	र	■	क	ष्ट	प्र	द	
■	त	ना	त	नी	■	र्व	■	ब
अ	■	मा	■	ज	मा	त	■	ल
स	जा	■	■	■	■	क	ज	रा
बा	■	बे	स	हा	रा	■	ग	म
ब	गु	ला	■	रा	ज	दू	त	■

भीषण गर्मी में मचा हाहाकार : 30 से ज्यादा वार्डों में 18 घंटे ठप रही वाटर सप्लाई

- रविवार को शाम के समय और सोमवार को सुबह नहीं खुले नल
- तकनीकी समस्या दूर करने में 18 घंटे का समय लगा
- महापौर रात एक बजे तक फिल्टर प्लांट में डटी रही
- सुबह विधायक गजेंद्र यादव ने फिल्टर प्लांट पहुंचे

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर के 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट के विद्युत सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर में आई खराबी के कारण बघेरा, पोटिया, बोरसी सहित शहर की 8 बड़ी टंकियों से जुड़े इलाकों में पानी सप्लाई व्यवस्था ठप रही। टंकियों में पानी न भर पाने के कारण रविवार को शाम और सोमवार को सुबह की पाली में पानी सप्लाई प्रभावित हुई। विद्युत मंडल के स्टाफसहयोग से 18 घण्टे की मशक्कत के बाद सुधार कार्य पूरा कर लिया गया। आज दोपहर बाद से पानी सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त हो पाई।

फिल्टर प्लांट में आई तकनीकी खराबी की जानकारी मिलने पर महापौर अलका बाघमार आधी रात तक फिल्टर प्लांट में डटी रही। उनके साथ जल गृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन सहित अन्य एमआईसी सदस्य भी फिल्टर प्लांट में मौजूद रहे।

महापौर ने निगम अधिकारियों को जल्द से जल्द तकनीकी खराबी दूर करने के लिये निर्देश दिये। इस दौरान निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। आज सुबह तक स्थिति सामान्य न होने की जानकारी मिलने पर विधायक गजेंद्र यादव भी फिल्टर प्लांट पहुंचे और अधिकारियों को निर्देश दिये।

पानी सप्लाई व्यवस्था ठप रहने पर नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रविवार को शाम के समय पानी सप्लाई न होने पर नागरिकों पर इसका असर नहीं हुआ लेकिन सुबह के समय भी नल न खुलने पर लोगों की चिंता बढ़ गई। लोगों ने बोर पंप, कुएं आदि से पानी की व्यवस्था की। इधर नगर निगम प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास किया।

निगम अफसरों ने बताया कि रायपुर नाका फिल्टर प्लांट के सब स्टेशन में रविवार को सुबह 11 बजे ट्रांसफार्मर डीओ बार-बार खराब होता रहा। ट्रांसफार्मर की चार्जिंग भी की गई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने लगातार सुधार कार्य करने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम रात तक फॉल्ट ठीक नहीं हुआ। बाद में रायपुर से विद्युत संबंधी तकनीकी जानकार को बुलाकर सुधार कार्य कराया गया। सोमवार को सुबह 9 बजे फिल्टर प्लांट में शटडाउन कर सब स्टेशन में सुधार कार्य किया गया। इसके बाद बोरसी, पोटिया, बघेरा, पुलगांव, गंज मंडी रायपुर नाका, सिकोला बस्ती की टंकियों में पानी भरने केबाद पानी सप्लाई शुरू की गई।

न्यूज गैलरी

प्लांट जीएम की कार में लगी आग

भिलाई। स्टील प्लांट में एसएमएस-3 पदस्थ जीएम अतुल बनडाले की कार में सोमवार सुबह आग लग गई। जब तक उसे बुझाया जाता कार पूरी तरह से जल गई। भिलाई नगर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जिला अग्निशमन एवं आपातकालीन दुर्ग के प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि, कंट्रोल रूम को 14 अप्रैल की सुबह सूचना मिली थी कि, भिलाई स्टील प्लांट में पदस्थ एक अधिकारी के सेक्टर-9 स्थित बंगले के बाहर खड़ी एसयूवी कार में आग लगी है। उन्होंने तुरंत एक दमकल वाहन को टीम के साथ वहां भेजा। टीम ने मौके पर जाकर देखा कि, एक जायलो कार आग की लपटों से घिरी है। अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। दो-दो वाटर जेट के जरिए आग को बुझाया गया, लेकिन आग फिर से भड़क जा रही थी। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी।

भिलाई में आंगनबाड़ी सहायिका पद के आवेदन 15 अप्रैल तक

भिलाई। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-2 के अंतर्गत 8 नए केन्द्रों में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। आवेदन 15 अप्रैल तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई-02 नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा भिलाई 3 में जमा किये जा सकते हैं। नगर निगम भिलाई चरोदा के वार्ड 30 के आंगनबाड़ी केन्द्र शिव चौक उरला, वार्ड 40 के आंगनबाड़ी केन्द्र स्कूल पारा गनियारी, वार्ड 37 के आंगनबाड़ी केन्द्र हरिजन मोहल्ला सिरसाकला, वार्ड 9 के आंगनबाड़ी केन्द्र शीतला पारा भिलाई 3, वार्ड 6 के आंगनबाड़ी केन्द्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी उमदा, वार्ड 2 के आंगनबाड़ी केन्द्र बगीचा पारा हथखोज, वार्ड 17 के आंगनबाड़ी केन्द्र देवनगर जामुल और वार्ड 14 के आंगनबाड़ी केन्द्र दीनदयाल अटल आवास जामुल में आंगनबाड़ी सहायिका के आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर भर्ती

दुर्ग। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग शहरी के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर भर्ती के लिये आवेदन 25 अप्रैल तक बाल विकास परियोजना कार्यालय दुर्ग(शहरी) में जमा किया जा सकता है। आंगनबाड़ी केन्द्र नयापारा केन्द्र 3, वार्ड 2 राजीव नगर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। भर्ती संबंधी जानकारी परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग से ले सकते है।

2 युवक तांदुला नहर में डूबे, तलाश में जुटी एसडीआरएफ की टीम

- दोनों युवक मंत्रालय में पदस्थ
- बिलाई माता मंदिर का दर्शन करने धमतरी गए थे

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले के सेलूद इलाके से गुजरने वाली तांदुला नहर में दो युवकों के डूबने की सूचना मिली है। एसडीआरएफ की टीम सुबह से नहर में उनकी तलाश कर रही है। दोनों युवकों का अभी तक पता नहीं चला हैं।

घटना उतई थाना इलाके की है। एसडीआरएफ प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक 13 अप्रैल की शाम सूचना मिली थी कि, शाम 4 बजे नहर में दो युवक डूब गए हैं।

रात होने से एसडीआरएफ की टीम पानी में नहीं उतरी। सुबह से टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। डूबने वाले युवकों की पहचान प्रहलाद यादव (40) निवासी धनौरा दुर्ग के रूप में हुई है। उसके बड़े भाई ने बताया कि, प्रहलाद मंत्रालय रायपुर में पदस्थ है। उसकी कुछ साल पहले ही शादी हुई थी। एक बेटी भी है।

वहीं, दूसरे युवक की पहचान नंद किशोर ध्रुवे (38) निवासी सुभाष नगर बोरसी के रूप में हुई है। वो भी मंत्रालय रायपुर में पदस्थ है। एसडीआरएफ की टीम नहर में रेस्क्यू कर रही है। अभी तक दोनों में से किसी को भी तलाशा नहीं जा सका है। उतई पुलिस भी मौके पर मौजूद है। जो नहर और आसपास लगी लोगों की भीड़ को हटाने का काम कर रही है।

नहर में बात करते समय फिसला पैर, दूसरा बचाने में डूबा

परिजनों ने बताया कि प्रहलाद यादव और नंद किशोर धुर्वे एक अन्य व्यक्ति के साथ धमतरी बिलई माता मंदिर के दर्शन करने गए थे। वहां से घर लौट रहे थे। शाम होने पर उन्होंने नहर में तेज पानी देखा तो कार खड़ी कर कुछ देर दोनों नहर के पानी में पैर डालकर बैठे थे।

कार का ड्राइवर दूसरी तरफ फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान बात करते करते प्रहलाद का पैर फिसला और वो नहर के तेज बहाव में चला गया। नंद किशोर ने उसे डूबते देखा तो वो उसे बचाने के लिए कूदा और फिर दोनों नहर में डूब गए। जब ड्राइवर ने देखा की दोनों लोग नहर में डूब रहे हैं, तो उसने शोर मचाया और लोगों को बुलाया। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद एसडीआरएफ टीम को सूचना दी गई।

नहर में 15 फीट गहरा पानी

तांदुल जलाशय से बीएसपी प्लांट को जोड़ने वाली इस नहर में इस समय पानी छोड़ा गया है। इसी नहर से भिलाई स्टील प्लांट के मरोदा डैम को भरा जाता है। इस समय नहर में 15 फीट गहरा पानी है और तेज बहाव भी है। इसके चलते नहर के पानी को डैम से बंद कराया गया है। जिससे पानी का लेवल कम हो, उसके बाद बॉडी को आसानी से ढूंढा जा सकेगा।

नहर में लगाई जा रही जाली

एसडीआरएफ की टीम वोट लेकर तो नहर में उतरी ही है, साथ ही नहर में लगभग 5 किलोमीटर दूर तक जाली लगाकर भी खोजबीन जारी है। टीम का कहना है कि नहर का बहाव तेज है इसलिए जाली लगाने से बॉडी के जल्द मिलने की संभावना रहती है।

पेट्रोल भराने के बाद पैसा मांगने पर कर्मचारी की पिटाई

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। ओम शांति चौक स्थित पेट्रोल पंप में कर्मचारी की पिटाई कर दी गई। जिसका वीडियो भी सामने आया है। पेट्रोल डलवाने के बाद पैसे नहीं को लेकर विवाद हुआ था। घटना जामुल थाना इलाके की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पंप के कर्मचारी पी रामा राव ने शिकायत में बताया कि, वो सुभाष मार्केट स्ट्रीट 34 खुर्सीपार में रहते हैं। ओम शांति चौक पर स्थित पेट्रोल पंप में कर्मचारी है। 10 अप्रैल को वो रोज की तरह पंप में गाड़ियों में तेल डालने का काम कर रहा था। इसी दौरान 5 लड़के अलग-अलग गाड़ी से पंप पहुंचे। उसमें से एक लड़के ने अपनी बाइक में 510 रुपए का पेट्रोल डलवाया और गाड़ी स्टार्ट कर जाने लगा। इस पर रामा राव ने उसे रोका और पैसे देने के लिए कहा। इससे लड़का इतना नाराज हो गया कि, उससे गाली गलौज करने लगा। जब पंप के कर्मचारी ने उसका विरोध किया, तो सभी लड़कों ने दबंगई करते हुए बाइक और स्कूटी को खड़ी कर रामा राव को पकड़कर हाथ के कड़े से इतना मारा कि वो बेहोश होकर गिर गया। इसके बाद लड़के गाली देकर जान से मारने की धमकी दी और भाग गए।

हनुमान भक्तों ने निकाली शोभायात्रा, अखाड़ा समिति ने दिखाए करतब

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। नगर में श्री हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही भक्तों द्वारा नगर के प्रत्येक बजरंगबली मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना किया। वहीं श्री राम प्रभु के भक्त हनुमानजी से जीवन में कष्ट क्लेश दूर करने शक्ति, साहस और सफलता हासिल करने के लिए सच्ची श्रद्धा से आशीर्वाद मांगा गया। इस अवसर पर बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद कुम्हारी प्रखंड द्वारा वार्ड 18 से श्रीराम व हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

जो कांजी हाऊस स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर समिति के द्वारा आयोजित रैली में संयुक्त रूप से शामिल होकर एक विशाल शोभायात्रा में तब्दील हो गया। जिसके बाद यात्रा को कांजीहाउस से प्रारंभ कर बाजे-गाजे के साथ स्टेशन चौक से होते हुए बाजार चौक बस्ती ले जाया गया जहां हनुमान भक्तों व विशाल शोभायात्रा में शामिल लोगों का कई स्थानीय समितियों एवं नगरवासियों ने चना मूंग का प्रसाद व शरबत बांटकर स्वागत किया। हनुमान भक्त भगवा ध्वज लिए व भगवा वस्त्र धारण किये हुए थे जिससे नगर का माहौल भगवामय हो गया। पूरी यात्रा के दौरान भक्तों के जय जय राम जय श्रीराम जय हनुमान के जयघोष नारों से नगर गूंज उठा। भक्त डीजे व धुमाल के धुनों में नाचते हुए आगे बढ़े जहां उनका स्वागत नगर वासियों ने फूलों से किया। यात्रा में श्रीराम लक्ष्मण व हनुमानजी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभा यात्रा में लोककला सुआ नृत्य समिति की बहनों ने व लोक अखाड़ा एवं करतब दल के साथियों ने अपने नृत्य व करतब से भक्तों व दर्शकों का मन मोह लिया।

सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे निगम आयुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने 26 एवं 27 दो वार्डों में साफ-सफाई व्यवस्था का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में उन्होंने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही, उन्होंने नागरिकों से भी फीडबैक लिया और उनसे सुझाव मांगे। निरीक्षण के दौरान, आयुक्त ने पाया कि सड़को व नालियों में सफाई व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता थी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए और सफाई व्यवस्था को और भी सुधारा जाए। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखें और कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें। आयुक्त ने यह भी कहा कि निगम को स्वच्छता और सफाई के लिए नागरिकों का सहयोग चाहिए और वे सभी मिलकर एक स्वच्छ शहर बना सकते हैं। आयुक्त ने सड़कों के किनारे व बाजार क्षेत्रो में निरंतर विशेष सफाई के लिए दोनों पालियों में सफाई के निर्देश दिए। आयुक्त के द्वारा वार्डों के भीतर सफाई व्यवस्था के निरीक्षण में वार्ड 26 व 27 सड़कों एवं नालियों के सफाई का जायजा लेते हुए गलियों की सफाई एवं नालियों के मरम्मत का निर्देश दिया गया।

अंबेडकर जयंती पर हुआ डिजिटल क्रांति का आगाज

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आज जिला पंचायत दुर्ग के सभा कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर, विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा, कलेक्टर अभिजीत सिंह, जनपद पंचायत के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इसके पश्चात कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से अटल डिजिटल सेवा केंद्रों का शुभारंभ किया गया। प्रत्येक जनपद से चयनित 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के अधिकृत ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। कलेक्टर ने जानकारी दी कि इस अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर मुनादी, दीवार लेखन, पोस्टर, पंपलेट, सोशल मीडिया प्रचार सहित ÷मोर आवास -मोर अधिकार÷ थीम पर आधारित निबंध, रंगोली, चित्रकला, गीत व स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। अभियान का दूसरा चरण 20 से 28 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें ग्राम नोडल अधिकारी व सर्वेक्षक द्वारा घर-घर जाकर पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। तत्पश्चात 29 व 30 अप्रैल को सर्वेक्षण पूर्णता प्रमाण पत्र तैयार कर जिला कार्यालय को भेजा जाएगा।

बाबा साहेब का जीवन और संघर्ष अपने आप में एक शिक्षा : कायम रखना है समानता की भावना

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत। आज कलेक्टरेट परिसर में स्थित डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, एमआईसी सदस्यगण, पार्षदगण एवं भाजपा सहित परिवारजन उपस्थित रहे। विधायक गजेंद्र एवं महापौर बाघमार ने बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती पर कलेक्ट्रेट परिसर के पास स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विधायक गजेंद्र ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब ने हमें संविधान के माध्यम से वास्तविक आजादी दिलाई। बाबा साहेब ने सामाजिक रूढ़ियों को समाप्त करते हुए महिला, दलित व वंचित वर्ग के उत्थान के साथ समानता का अधिकार दिया। वे एक न्यायविद, अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे। महापौर बाघमार ने कहा कि देश के हर नागरिक के लिए सम-विधान का निर्माण करने वाले अंबेडकर का जीवन एवं संघर्ष अपने आप में एक शिक्षा है। उन्होंने ये भी कहा कि हमें बाबा साहेब के विचारों को अपनाते हुए समानता व भाईचारे की भावना को कायम रखना है। जिन्होंने भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति का नेतृत्व किया और स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री के रूप में कार्य किया। इस मौके पर देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, शिव नायक, नीलेश अग्रवाल, पार्षद गुलाब वर्मा, कमल देवांगन, कुलेश्वर साहू, ललिता ठाकुर, युवराज कुंजाम सरिता चंद्राकर सहित पार्षदगण, पदाधिकारी और मंडल पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर उन्हें किया नमन

भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 134 वीं जयंती पर आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित उनके आदम कद प्रतिमा पर जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं नागरिकों ने माल्यार्पण किया। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने प्रतिमा स्थल पर डॉ. अम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर अधिकारियों और नागरिकों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया। एडीएम अरविंद एक्का, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी एवं अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

धूमधाम से मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती

अंजोरा। कोसरिया महार समाज चिंगरी के तत्वाधान में भारत रत्न संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर की जयंती समारोह विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण थे, अध्यक्षता आशा विक्की मिश्रा सदस्य-जिला पंचायत दुर्ग ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप मे बेला यादव जनपद सदस्य, पुष्पा वाघमारे सरपंच ग्राम पंचायत चिंगरी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन और संविधान में मिले अधिकारों की चर्चा की। डॉ. भीमराव अंबेडकर एक महानायक थे।

अम्बेडकर जयंती समारोह समग्र भारतीय समाज के प्रति उनके बहुयामी योगदान का भी स्मरण करें : पवन कुमार

भिलाई इस्पात संयंत्र बिरादरी ने डॉ. अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के औद्योगिक संबंध विभाग एवं बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में इस्पात नगरी के महात्मा गांधी कलामंदिर सभागार में अंबेडकर जयंती समारोह आयोजित किया गया।

समारोह के पूर्व भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कार्यपालक निदेषकगण तथा ऑफिसर्स एसोसिएशन व बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सेक्टर-6 स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर भवन, हायर सेकंडरी स्कूल के प्रांगण में डॉ बीआर अंबेडकर की प्रतिमा को पुष्पांजलि देकर इस्पात बिरादरी की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

महात्मा गांधी कलामंदिर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेषक (मानव संसाधन) पवन कुमार उपस्थित थे। साथ ही विशेष अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेषक (खदान) बिपिन गिरी, कार्यपालक निदेषक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. एम रवींद्रनाथ, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संदीप माथुर, महाप्रबंधक (एचआर-वर्क्स) एसके सोनी, महाप्रबंधक (एचआर-नॉन वर्क्स एवं वेलफेयर) जेएन ठाकुर, महाप्रबंधक (एचआर-आई एंड सीएलसी) विकास चन्द्रा, लाइज़न ऑफिसर एवं सहायक महाप्रबंधक (एचआर-आई एंड सीएलसी) रोहित हरित, सेफी चेयरमैन और ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एनके बंछोर, बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष व सेल एससी/एसटी एम्पलाईज फेडरेशन, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद और बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन महासचिव विजय रात्रे उपस्थित थे। परम्परागत रूप से उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर व डॉ अंबेडकर की तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि पवन कुमार ने डॉ भीमराव का स्मरण करते हुए कहा कि हम बाबासाहब को सिर्फ एक दलित नेता या संविधान निर्माता के तौर पर ही न सीमित करें, बल्कि समग्र भारतीय समाज के प्रति उनके बहुयामी योगदान को भी स्मरण करें। जिसमें श्रमिकों एवं कामगारों और हमारी ही तरह असंख्य संयंत्रकर्मियों के कल्याण हेतु कार्यक्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण श्रमिक अधिनियम जिनमें वेतन, कार्य की अवधि, भत्ते, मातृत्व लाभ आदि जैसे कानूनों को लागू करने पर भी बाबासाहब का अतुलनीय योगदान रहा है। वे सदा ही महिलाओं के हक के प्रति प्रचण्ड रूप से कार्यरत रहे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202503103000095 /अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकः- पी. गणेश पिता स्व. पी. पोंगन उम्र 57 वर्ष निवासी रिसाली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक के नाम से मौजा पुरई प.ह.नं. 54 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1349/17 रकबा 0.0150 है. (1649 वर्गफीट) भूमिस्वामी हक के राजस्व अभिलेखों मे दर्ज है। जिसका नक्शा बटांकन नही हुआ है। स्थल पर खाली प्लाट है जिसमें किसी प्रकार का निर्माण कार्य नही हुआ है। मौजा पुरई प.ह.नं. 54 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1349/17 का आवेदक के नाम से नक्शा बटांकन किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.04.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.03.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202411104500039
विषयः अ-06/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कापसी प.ह.न. 00005(478/15(0.0116 हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- भगईयाबाई चक्रधारी
अनावेदक पक्षकार- भगईयाबाई चक्रधारी

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम कापसी प.ह.नं. 5 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक ललित कुमार चक्रधारी पिता जगदीश कुम्हार निवासी कुम्हारपारा मठ पुरैना तहसील व जिला रायपुर द्वारा ग्राम कापसी प.ह.नं. 5 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 478/15 रकबा 0.0116 हे में दर्ज खाताधारक भगैया बाई पति जगदीश की दिनांक 15.09.2020 को मृत्यु हो चुका है। अतः उनके वारिसान रघुवीर, ललित कुमार, पुनाराम सभी पिता जगदीश, स्व. रूखुम पिता जगदीश का फौत होने से उनके वारिसान रूपेश, इन्द्र कुमार, दामिनी पिता रुखुम. टिकेश्वरी ध.प. रुखुम के नाम फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 24/04/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का ÷ विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती समरसता दिवस ग्राम कैटतराई में मनाया गया

नगरी/नवप्रदेश। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के जयंती समरसता दिवस ग्राम कैटतराई में मनाया गया। सरप्रथम कैटतराई स्थित पवित्र जैतखाम में पूजन किया गया जिसके पश्चात बाबा साहेब अंबेडकर के तैलचित्र पर पूजन कर फूल अर्पित किया गया तथा आरती उतारा गया। पूजा के बाद प्रसाद फल का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री व जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी प्रवीण गुप्ता , रामशरण पटेल, हरीकलाल भगत मनहरे पंच जगत मनहरे, पंच जमुना मार्कण्डे , अनिरुद्ध सोनवानी चित्रांश नागवंशी , शिवनारायण लहरे , कुंदन चेलक , गणेश चेलक राजेंद्र चेलक , घानन्द सोनवानी , मुकेश कोसरे चंद्रिका कोसरे सहींत ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

सिद्धपीठ श्री ठाकुरदेव मंदिर का ज्योति जंवारा विसर्जित

पिपरिया/नवप्रदेश। श्री सिद्धपीठ ठाकुरदेव मंदिर पिपरिया में रामनवमी के दिन से कुल 68 मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित किया गया ।प्रतिदिन विधिविधान से पूजन ,जसगीत, भजन से मातारानी की सेवा किया गया। रविवार 13अप्रैल को अष्टमी पर्व पर पूजन -हवन के साथ कन्या भोज, भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ द्वारा प्रसाद ग्रहण किये आज 14अप्रैल सोमवार को प्रातः10बजे नगर भ्रमण कराते हुए ज्योति-जंवारा का स्थानीय तालाब में विसर्जित किया गया मुख्य पंडा के रूप में श्रवन साहू,टेक राम साहू,बालपंडा-गोपाल साहू,विष्णु दास,लाला निर्मलकर,विक्रम निर्मलकर वीरु यादव। सहयोग- महेश साहू ,यशवन्त साहू ,संजय साहू सतपाल चौहान। विशेष सहयोग गनपत गुप्ता,हरि साहू,सोमनाथ साहू,रेवा साहू,कमलकांत नाविक,सेवक युगेंद्र निर्मलकर,महेश संजय साहू,किशोर, युगल, दीपक, गज्जू धुर्वे, भरत चौहान, राजू मानिकपुरी ,जितेन्द्र साहू, भुरू साहू है ।

बाबू महेंद्र नेताम का निधन

नगरी/नवप्रदेश। पुलिस जवान गट्टासिल्ली क्षेत्र के लाडला बाबू महेंद्र नेताम के आकस्मिक निधन हो गया महेंद्र नेताम सुखचंद नेताम के सुपुत्र थे और सोना राम नेताम बूथ अध्यक्ष सराई टोला के भतीजा हैं।

यादव सामाज के अधिवेशन, गोंड समाज के सामूहिक विवाह में शामिल हुए सांसद अग्रवाल, शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा भाटापारा के ग्राम तरेंगा में आयोजित छत्तीसगढ़ ठेठवार यादव महासभा तरेंगा राज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। समाज वालो ने बड़े ही उत्साह के साथ अतिथियों का स्वागत किया।

सामाजिक जनों को सम्बोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने समाज के आराध्य भगवान कृष्ण के जीवन आदर्शों ङ्क धर्म, नीति, पराक्रम और प्रेम ङ्क को आत्मसात करने की बात कही। अग्रवाल ने कहा कि ठेठवार यादव समाज मेहनतकश, संस्कारवान और अपनी परंपराओं के प्रति समर्पित समाज है। यह कृषक समाज न केवल कृषि में योगदान देता आया है, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को भी सहेज कर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। ठेठवार यादव समाज भगवान कृष्ण के वंशज हैं। जिन्होंने पूरी दुनिया को जीवन जीने की कला सिखायी है,.!

कार्यक्रम को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भी ÷गौरवशाली यदुवंश की सेवा परंपरा को नमन!÷ करते हुए कहा की यादव समाज (ठेठवार) आज अपनी सांस्कृतिक विरासत और गौसेवा की भावना के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है। शर्मा ने आगे कहा की अपने गौरवशाली इतिहास से जुड़ा यह समाज आज लगभग हर भारतीय परिवार से आत्मीय रूप से जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा की गोंड आदिवासी समाज अपने संपूर्ण समुदाय के कल्याण को ध्यान में रखते हुए सामूहिक विवाह जैसी आदर्श परंपरा को सशक्त रूप से आगे बढ़ा रहा है। यह सराहनीय पहल न केवल आर्थिक असमानता को समाप्त करने में सहायक है, बल्कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बेटे-बेटियों को भी गरिमा और सम्मान के साथ विवाह का अवसर प्रदान करती है। ऐसी परंपराएं सामाजिक एकता और समरसता को सशक्त बनाने का माध्यम बन रही हैं. कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने गोंड समाज की संस्कृति एकता और शुभकामनाएं परम्परा को प्रणाम कर कहा की सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन समाज द्वारा किया जाने वाला श्रेष्ठ कार्य है। इसमें पूरे समाज का आशीर्वाद जोड़े को मिलता है और परिवार को विवाह का भारी-भरकम खर्च भी नही उठाना पड़ता है। इस अच्छी परंपरा को हर समाज आज अपना रहा है।

ऐसे में समाज के हर व्यक्ति का भी कर्त्तव्य बनता है कि समाज के रचनात्मक गतिविधियों में अपना योगदान दे और अपने समाज को आगे बढ़ाये। यादव समाज के अधिवेशन में विधायक द्वारिकाधीश यादव, विधायक रामकुमार यादव, जिलाध्यक्ष भाजपा आनंद यादव, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, सुरेश यदु, वही आदिवासी समाज के कार्यक्रम में बंशी नेताम, दौलत कुंजाम, कृपा राम, हिरा सिंह,अमर मंडावी, सहित दोनों कार्यक्रमों में समाज के अनेक वरिष्ठजन, गणमान्यजन एवं युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

54 नवविवाहित जोड़े बंधे दाम्पत्य सूत्र में

वही भाटापारा विधानसभा के ग्राम जोगीद्वीप,(गुर्रा) में आदिवासी गोंड समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में भी सांसद बृजमोहन अग्रवाल व उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने शहीद ध्रुव के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया साथ ही देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इस पुनीत अवसर पर 54 नवविवाहित जोड़ों को सुखी, समृद्ध और प्रेममय दांपत्य जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर विभिन्न समाज प्रमुखों को शॉल भेंटकर किया गया सम्मानित

भारत के संविधान का वाचन कर जल संरक्षण के बारे में दिलाई गई शपथ

गरियाबंद/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का वर्चुअल उद्बोधन भी हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, उप संचालक पंचायत के.एस. नागेश प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अतिथियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। साथ ही सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर विभिन्न समाज प्रमुखों को शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया।

जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अटल पंचायतों डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए प्रति विकासखण्ड के 10-10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सीएससी के वी एल ई सर्विस प्रदाता के मध्य एमओयू की कार्यवाही का आदान-प्रदान किया गया। जिससे ग्रामीणों को नागरिक सुविधा के साथ-साथ बैंकिंग एवं अन्य डिजिटल सेवाओं का ग्राम पंचायत में निर्धारित दर अथवा निःशुल्क रूप में मिल सके। साथ ही नागरिकों को सरकारी सेवाओं, शैक्षणिक सेवाओं, पीएम किसान, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड पंजीकरण और अन्य सेवाओं जैसे डिजीटल सेवाएं प्रदान किया जायेगा। इसका शुभारंभ 24 अप्रैल 2025 को पंचायत राज दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के रूप में की जायेगी। कार्यक्रम में अधिकारियों ने बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा मोर दुवार साय सरकार महाभियान 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सर्वेक्षण कार्य पूरा किया जायेगा और पूरी प्रक्रिया से अवगत कराई जाएगी, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहे। इसकी जानकारी नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों एवं उपस्थित नागरिकों को दी गई। तथा इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया।

इसके अलावा कार्यक्रम में भू-जल स्तर के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया गया कि आज नदी, नाले, तालाब, पोखर, अत्यधिक भू-जल दोहन के कारण सुख रहे है। यह हमारे पानी के उपयोग के प्रति लापरवाही एवं अत्यधिक दोहन का परिणाम है। भू-जल संरक्षण के लिए गरियाबंद जिले के 34 ग्राम पंचायतों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य किया जायेगा। विधायक रोहित साहू एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण एवं वाटर हार्वेस्टिंग बनाने हेतु संकल्प दिलाया जाएगा।

कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू ने सम्बोधित करते हुए संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर कहा कि सभी भारतीयों के लिए यह दिन खास है। क्योकि यह दिन हमें बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनके योगदान को याद करने का एक अवसर है। उनका नाम भारत के इतिहास में जन्में कई सारे महापुरूषों से एक बड़ा नाम है। जिन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीतिक, और न्याय व्यवस्था की दिशा में कई बदलाव किये है। उन्होंने न सिर्फ दलितों, वंचितों, पिछड़ों और गरीबों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी बल्कि वे महिलाओं के अधिकारों के भी बड़े हिमायती थे।

बाबा साहेब ने देश के नाम जीवन समर्पित कर दिया : रविन्द्र चौबे

बाबा साहब के बताए हुए मार्ग को प्रमुखता से अनुसरण करने की जरूरत

साजा/नवप्रदेश। कांग्रेस भवन साजा में आज संविधान निर्माता और आजाद भारत के प्रथम कानून एवं न्याय मंत्री 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के अवसर पर उनकी छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वही कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सम्मिलित पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि हम सब को बाबा साहब के बताए हुए मार्ग को प्रमुखता से अनुसरण करने की जरूरत है।

बाबा साहेब ने देश में सामाजिक न्याय की बात बुलंद की और अपना पूरा जीवन देश में न्याय की स्थापना के लिए समर्पित किया। बाबा साहेब ने कहा है कि मैं उस धर्म को मानता हूं जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा सिखाता है। मनुष्य महान बनता है अपने कर्मों से, न कि जन्म से। आइए बाबा साहेब के इन शब्दों को जीवन में आत्मसात कर न्याय का जीवन मार्ग अपनायें।

उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा, मनोज जायसवाल पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, राजा चौबे जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अंजोर यदु, सरपंच ईश्वर वर्मा, अवधेश गोयल, राजू चौहान, बलकरण, कुमेश्वर, विप्लव गौरहा, बाली नेताम, जितेंद्र, हुकुम, मनीष माली, चित्र कुमार एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

पंचायत सचिवों की हड़ताल के कारण पंचायतों का कामकाज पूरी तरह ठप

नगरी/नवप्रदेश। नगरी ब्लाक पंचायत सचिव संघ ने शासकीयकरण की मांग को लेकर 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे है। जिसमे 1 माह होने को जा रहा है मगर सरकार की ओर से कोई सुनाई नहीं होने के कारण अब 12 अप्रैल से पंचायत सचिवों के भूख हड़ताल पर भी शुरू कर दी गई है। पहले दिन महिला सचिवो भूख हड़ताल में खिलानंद नवरंगे, लक्ष्मी साहू, ममता उइके और यशोदा कोर्राम शामिल हुईं। दूसरे दिन राम मरकाम , देव सिंग सोरी, बलराम सोरी, जोहर लाल दूसरे दिन भूख हड़ताल पर बैठे रहे

संघ ने कहा सरकार उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रही है। जिसके कारण अब यह भूख हड़ताल 22 अप्रैल तक चलेगी। सचिवों का दावा है कि हड़ताल के कारण पंचायतों का कामकाज पूरी तरह ठप है। सचिव संघ के अध्यक्ष अनित ध्रुव ने बताया विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के तहत पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का वादा किया गया था। भाजपा ने छत्तीसगढ़ पर में सत्ता में आने से पहले अपने घोषणा पत्र में यह गारंटी दी थी। कहा गया था कि सरकार बनते ही मांग पूरी होगी। सरकार बने डेढ़ साल हो गए, लेकिन मांग अब तक पूरी नहीं हुई। 20 अप्रैल को प्रदेशभर के सचिव दिल्ली में प्रदर्शन करेंगे। सचिवों ने सरकार से मोदी गारंटी को पूरा करने की मांग की है। इस दौरान अनित ध्रुव, बुधराम नेताम, मदन सेन, आसत राम समरथ, गेंद लाल साहू, बिंदेश्व यादव, थानसिंह देवांगन, राम कुमार एल्मा, हुलेश प्रजापति,प्रभुलाल सिन्हा, थानूराम देवदास, बालाराम नरेटी, गजेंद्र नेताम,भीखराय कुलदीप, ममता उइके, लक्ष्मी साहू, कैलाश साहू, रेवत लाल साहू, द्वारिका प्रसाद कुरें, खूबलाल साहू, हरिशंकर, दयालुराम निषाद, भूपेंद्र , पीला राम सेन,सोरी रामप्रसाद सोरी बिरेंद्र कुमार साहू , किसुन भास्कर उमेद नेताम,ममता उईके , सोनउ राम नेताम, भवानी प्रताप जागडें बिंदेश्वर यादव , थानसिंह देवांगन, छबिलाल मरकाम, राधेराम मरकाम, कृष्ण कुमार नेताम ,विष्णु ,खिंजनलाल भंडारी , लखनू राम मरकाम मिश्रीलाल नाग विष्णु नेताम धनुष नेताम बलराम नेताम प्रमोद कुमार महिलांगे खिलानंद नवरंग यशोदा कोर्राम शंकर ध्रुव बड़ी संख्या में सचिव उपस्थित रहे।

राजस्व पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष बने निर्जल कुमार डिंडोर

बेमेतरा/नवप्रदेश। राजस्व पटवारी संघ जिला शाखा बेमेतरा का निर्वाचन दिनाँक 14अपैल2025 को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर बेमेतरा में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन के लिए पूरे जिले के राजस्व पटवारी संघ के समस्त पटवारी यों की उपस्थिति में निर्वाचन सम्पन्न हुआ राजस्व पटवारी संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष सतीश चंद्राकर और दिनेश यादव जिला कबीरधाम के पर्यवेक्षण में निर्वाचन का कार्य सम्पन्न कराया गया।

निर्वाचन के फलस्वरूप राजस्व पटवारी संघ जिला बेमेतरा के पदाधिकारी के रूप में जिला अध्यक्ष , जिला सचिव और जिला कोषाध्यक्ष का सफलता पूर्वक निर्वाचन किया गया । जिला बेमेतरा के अध्यक्ष के लिए निर्जल कुमार डिंडोरे, जिला सचिव के लिए शैलेंद्र जायसवाल और जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू निर्वाचित किए गए।

तीन-दिवसीय संस्कार समर कैंप का समापन

कैंप के माध्यम से बच्चों को ज्ञानवर्धक उत्साहवर्धक अलौकिक खेलों से दिए गए संस्कारों की सौगात

नगरी/नवप्रदेश। ब्रह्माकुमारीज बिरगुड़ी के प्रभु स्मृतिभवन में आदरणीय राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी जी(मुख्य संचालिका- ब्रह्माकुमारीज जिला-धमतरी) के कुशल दिशा निर्देश पर दिनांक 11/04/25 से 13/04/25 तक तीन दिवसीय समर कैंप संपन्न आयोजन किया गया। इस दौरान ब्रह्माकुमारी फुलेश्वरी बहन ने बच्चों को राजयोग मेडिटेशन (ध्यान योग) के बारे में बताकर प्रतिदिन मेडिटेशन का अभ्यास कराया। और मन की शांति

एकाग्रता व याददाश्त क्षमता बढ़ाने, अपने अंदर खुशी बढ़ाने,अच्छे गुणो को धारण करने व अच्छे कर्मों के लिए राजयोग सिखना बहुत जरूरी है। इसी के साथ बच्चों को रचनात्मकता से जोड़कर कुसंगति व नशे से बचाया जा सकता है। यदि

संस्कारों की एक कड़ी शुरू हो जाती है तो फिर इसमें निरंतरता बनी रहती है।माता-पिता शिक्षक व आध्यात्मिक संस्था मिलकर अच्छे संस्कारों की सीख बच्चों को दे सकते हैं। अच्छे संस्कार जीवनपर्यंत आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

संस्कारों के प्रति बढ़ती उदासीनता से समाज में तनाव, अवसाद,बाह्य आकर्षण, अनुशासनहीनता,हिंसा,नशा आदि समस्याएं बढ़ते जा रहे हैं। इसलिए वर्तमान में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ भौतिक संसाधनों के स्थान पर संस्कारों की सौगात देना आवश्यक है।

समर कैंप में प्रतिदिन योग,प्राणायाम,व्यायाम आदि मनोरंजन व गीत संगीत के द्वारा कुमारी कल्याणी साहू ने बहुत अच्छे से कराया। एवं सामान्य ज्ञान व आध्यात्मिकता से संबंधित पासिंग पार्सल गेम,शुभ भावना गतिविधि,अलौकिक सांप सीढ़ी खेल,रिंग गेम,एकाग्रता से रंगों को पढ़ने का गेम के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा,जल ही जीवन है,ब्लेसिंग बॉक्स बनाना जैसे महत्वपूर्ण जीवनोपयोगी ज्ञान के बारे में बताया गया।

समर कैंप के प्रथम दिवस सभी बच्चों को तिलक लगाकर पेन कॉपी दिया गया प्रतिदिन होमवर्क (संस्कारों पर आधारित)दिए और जो बच्चे बहुत अच्छे से होमवर्क किये उन्हें पुरस्कृत किये। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शैलेंद्री कश्यप (सरपंच मोदे), साधना गौर (शिक्षिका) रेखा पालेश्वर , राम दयाल पालेश्वर , मुकेश सोन उपस्थित रहे ।सभी ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना प्रेषित करते हुए विभिन्न खेलों, गतिविधियों व नित्य में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त किये बच्चों को पुरस्कृत किये।दिनांक 12/04/25 से प्रतिदिन शाम 5 से 6 बजे तक बच्चों के लिए क्लास रोज होगा। जिसमें सभी बच्चों को आने के लिए अपील किए हैं।

समर कैंप को सफल बनाने में ब्रह्माकुमारी भावना बहन, ब्रह्माकुमारी फुलेश्वरी बहन,श्री रतिराम नाग,शिव भाई,ईश्वर भाई,लीलाधर भाई,हर्षिता बहन, निशा बहन,सेवती बहन,का बहुत अच्छा सहयोग रहा।

प्रथम पृष्ठ का शेष

एक विवाह ऐसा भीः आदिवासी ...

घर ही सजता है और सभी रीति रिवाज तीन दिनों तक चलने वाले विवाह की रस्में वर के घर में ही संपन्न होते हैं। शादी के दूसरे दिन वधू पक्ष से माता-पिता अन्य रिश्तेदारों का चौथिया के रूप में आगमन होता है और अपनी बेटी को नवजीवन का आशीर्वाद देते हैं। देव कुमार और फगनी की टीका शादी शनिवार को चौथिया आगमन और लगन के साथ संपन्न हुआ। तो वही रविवार को धरम टिकावन और प्रीति भोज का कार्यक्रम रखा गया था। रविवार को नवदंपति को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे लोगों के बीच विवाह स्थल की आदिवासी परंपरा के अनुसार की गई सजावट चर्चा का विषय रही। लुप्त हो चुकी टीका विवाह को अपनाने के साथ ही अपने आदिवासी संस्कृति के तहत मंडप सजावट, सेल्फी जोन यह सब अनूठा प्रयास देव कुमार कोरेटी और उनके साथियों द्वारा किया गया था। बीएड डिग्री के कारण बन गया बेरोजगार शिक्षक, अब नौकरी की है तलाश फिर भी वधू शादी के लिए हो गई राजी।

आमतौर पर वधू अपने लिए सरकारी नौकरी वाला दूल्हा ही सोचते हैं। इस रिश्ते की जब शुरुआत हुई तो देव कुमार एक सरकारी शिक्षक था। लेकिन बीएड डिग्री धारकों को शासन द्वारा हटाए जाने के बाद से वह बेरोजगार हो गया। फिर भी उनकी होने वाली दुल्हन ने परिस्थितियों को समझा और नए जीवन की शुरुआत देव कुमार के साथ ही करने का निर्णय लिया। इस शादी की यह बड़ी बात है। हाई कोर्ट के फैसले और शासन के निर्देश के अनुसार बीएड डिग्री धारी होने के कारण उन्हें सहायक शिक्षक पद से हटा दिया गया और वे बेरोजगार हो गए। जब अंतागढ़ क्षेत्र में शिक्षक रूप में सेवा दे रहे थे तो इस दौरान ही उनका ग्राम मरकाकसा (छुरिया) जिला राजनांदगांव के रहने वाले राम सिंह नेताम की बेटी फगनी (फुग्गी) से रिश्ता तय हो चुका था लेकिन सगाई का रस्म बचा हुआ था। पिछले साल दशहरा के समय तय हो चुके रिश्ते के बाद जब अचानक शासन और कोर्ट के आदेश पर उन्हें अपनी नौकरी गंवानी पड़ी तो वह एकाएक बेरोजगार हो गए। कुछ दिनों के लिए तो वधू पक्ष इस बात से चिंतित था कि अगर हम अपनी बेटी को उन्हें देते हैं तो आगे जीवन गुजारा कैसे होगा। क्योंकि वे अब शिक्षक नहीं रहे हैं। पर उनकी होने वाली पत्नी फगनी ने हालातो को समझा और खुद भी पढ़ी लिखी होने के कारण उन्होंने इस शादी के लिए सहमति जताई और बात आगे बढ़ी। लंबे समय से रिश्ता तय होने के बाद भी शादी रुकी हुई थी लेकिन वर वधु दोनों की रजामंदी और समझदारी से शादी की तारीख तय कर टीका विवाह करने का निर्णय लिया गया। बेरोजगार होने के बावजूद देव कुमार ने टीका विवाह की जिम्मेदारी लेते हुए वधु के पक्ष की ओर से भी शादी का पूरा खर्च उठाया और धूमधाम से शादी की।

सेल्फी जोन बना आकर्षण का केंद्र

शादी में आशीर्वाद समारोह के दौरान दूल्हा-दुल्हन को जहां बैठाया गया था वहां पर आधुनिकता की चकाचौंध से दूर स्टेज या कृत्रिम मंच सजाने के बजाय प्राकृतिक चीजों छिंद के पत्तों, ताड़ आदि और अन्य चीजों से बूढ़ादेव की झांकीनुमा सेल्फी जोन तैयार किया गया था। जिसमें आने वाले रिश्तेदारों ने वर वधू के साथ सेल्फी ली और इस पल को यादगार बनाया। साथ ही स्वागत द्वार भी इसी तरह अनूठे तरीके से तैयार किया गया था। धान की बालियों से भी विशेष सजावट की गई थी।

वर के पिता हैं शिक्षक, संस्कृति संरक्षण का अनूठा प्रयास

क्षेत्र के संकुल समन्वयक ओंकार प्रसाद सोनसारवा ने बताया कि वर के पिता जगन्नाथ कोरेटी मेरे ही संकुल के अंतर्गत करेंगांव मिडिल स्कूल में शिक्षक हैं। उनके बेटे की शादी में गया तो यह सब दृश्य मुझे अद्भुत लगा। हमारे वनांचल के क्षेत्र में यह पहली शादी थी। जहां पूरे आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली। पहली बार मैंने इस तरह की टीका शादी देखी।

जगन्नाथ कोरेटी शिक्षित परिवार होने के बावजूद में आधुनिकता की ओर नहीं लौटे हैं बल्कि अपनी आदिवासी संस्कृति को अपनाते हुए पूरे रीति रिवाज के साथ शादी संपन्न कराई। यह गांव ग्राम पंचायत दल्ली का आश्रित गांव कुदारी है। जो जंगल और पहाड़ियों से घिरा हुआ है। बालोद जिले में ऐसी शादियां बहुत कम ही नजर आती है।

आज नहीं तो कल दूसरी..

पर जोड़ियां कहते हैं ऊपर वाले पहले से तय करके रखे हैं। फगनी को देव कुमार की ही दुल्हन बननी थी, सो टीका शादी के तहत दोनों ने फेरे लेकर नए जीवन की शुरुआत कर ली है।

मासूम बच्ची से दरिंदगी का...

अब पुलिस के पास पुख्ता साक्ष्य हैं कि सोमेश यादव ही मामले का मुख्य आरोपी है। पुलिस इन फैक्ट्स को कोर्ट में पेश करेगी और इस फैक्ट्स के आधार पर निश्चित रूप से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

दुर्ग एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मोहल्ले के कई लोगों को यह पता था कि वहां खड़ी कार के एक दरवाजा का लॉक खराब है। यह बात सोमेश भी जानता है। सोमेश ने बच्ची के साथ अनाचार करने के बाद गला दबाकर मार दिया। उसके बाद उसने बच्ची की बॉडी को उसी कार का दरवाजा खोलकर छिपा दिया, ताकि शक कार के मालिक पर जाए।

सीएसपी चिराग जैन ने कहा कि मामले का मुख्य आरोपी मिलने के बाद अब पुलिस यह पता लगाएगी कि बच्ची के साथ सोमेश ने अनाचार कर उसकी हत्या की है, यह बात किस किस को पता थी। बच्ची की बॉडी को छिपाने में किसने उसकी मदद की है। इसमें जो भी नाम सामने आएंगे, पुलिस उन्हें भी आरोपी बनाएगी और कोर्ट में पेश करेगी।

मोदी की एक और ...

सकेंगे, अपने खाते से किसी अन्य के खाते में पैसे भेज सकेंगे, बिजली-पानी बिल का भुगतान कर सकेंगे तथा पेंशन-बीमा जैसी अनेक सुविधाओं का लाभ अपने पंचायतों में ही ले सकेंगे। अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए कॉमन सर्विस सेंटर के सेवा प्रदाताओं और सरपंचों के बीच आज एमओयू हुआ। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित किया गया। इन सुविधा केंद्रों के आरंभ होने से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए विकासखंड और जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। गांव में ही उन्हें बहुत-सी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

छत्तीसगढ़ के लिए आज ऐतिहासिक दिन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। मोदी की गारंटी की एक और गारंटी पूरी करने जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा शुरू करने का वादा किया था, जो अब पूरा होने जा रहा है।

भुगतान के साथ ले ...

योजनाओं की राशि का भुगतान ले सकेंगे, साथ ही जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य सुविधाओं का भी लाभ ले सकेंगे।

वैज्ञानिकों ने बनाया चावल...

दोष वाले नवजात शिशुओं के छोटे, नाजुक हृदय के लिए भी इसे विशेष रूप से उपयुक्त माना जा रहा है। इस पेसमेकर के बारे में जानने से पहले ये जानना भी जरूरी है कि पेसमेकर का क्या काम है, किन लोगों को इसकी जरूरत होती है और अब तक के पेसमेकर शरीर में कैसे फिट किए जाते थे?

करवारी फार्म हाउस में शराब डंप : दिल्ली का ढक्कन सप्लायर फैक्ट्री मालिक गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 29.मार्च 2025 को डोंगरगढ़ पुलिस को ग्राम करवारी लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फसोनू का फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब अवैध रूप से डंप कर रखा है एवं उसी शराब को शीशी में डालकर छ0ग0 का लेबल व सील लगाकर पौवे के रूप में अवैध रूप से विक्रय करने की नियत से अपने फार्म हाउस में डंप कर रखा है कि सूचना पर कार्यवाही करते हुये। फार्म हाउस से कुल 432 पेटी शराब कीमती 27,32670/-रू एवं घटना स्थल में स्थित मकान के अंदर बने तल घर से भारी मात्रा में खाली शीशी, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बण्डल एवं अन्य सामग्री को जप्त किया गया था।

घटना की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारी मान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग द्वारा प्रकरण के आरोपी के पता तलाश हेतु एक विशेष टीम का गठित कर आरोपी पता तलाश हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया जिस पर गठित विशेष टीम द्वारा मान अति0पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी महोदय डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर कार्य करते हुयें आरोपी पता तलास हेतु टीम रवाना हुवा था करवारी फार्म हाऊस शराब मामले में दिल्ली का शराब कैप ढ़क्कन निर्माता सप्लायर फैक्ट्री मालिक आरोपी विक्रम आहूजा उर्फ विक्की पिता पूरन चंद आहूजा उम्र 50 वर्श निवासी फ्लैट नम्बर 1 माया अपार्टमेंट विकासपुरी दिल्ली 18 को गिरफ्तार किया गया जो पुर्व मे गिरफ्तार आरोपी चंदन ममतानी को छत्तीसगढ़ मे बिकने वाली षराब की षीषी का ढक्कन 60 हजार नग सप्लाई कर बिना परचेस आर्डर के अवैध रूप से बेचा है। प्रति ढ़क्कन 30-40 पैसें मुनाफा पर बेचता था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेंजा जा रहा है।

वाहन में शराब लोड करने वाला भी धराया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। घटना स्थल से जप्त सीसीटीवी कैमरा के फुटेज का जांच किया। जांच पर अन्य संदिग्ध व्यक्तियों का भी इस घटना में संलिप्तता पाये जाने से गठित टीम द्वारा आरोपीगण के पता तलाश हेतु अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गई जिस पर आरोपी 01. रोहित उर्फसोनू नेताम, 02. विषाल मिश्रा, 03. दलजीत सिंह उर्फराजा, 04. सोनू यादव, 05. रवि कंडरा, 06. भुवन कंडरा, 07. सिद्वार्थ फुले एवं 08. मोहित कुर्रे, 09. ओमकार गर्ग उर्फहड्डी, 10. पवन षर्मा, 11. नंदकिषोर उर्फ नीतू उर्फ छोटा कट्टी, 12. टोनी पासवान, 13. मनोज तिड़के एवं 14. चन्दन ममतानी

को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेष कर ज्युडिषियल रिमाण्ड लिया गया है। प्रकरण में धारा- 111, 338, 336(3), 340(2) बीएनएस परिलक्षित होने से उक्त धारा प्रकरण में जोड़ी गई है। आरोपी बाबुलाल हारोड़ पिता मोहन लाल हरोड़ जाति माली, निवासी ग्राम रूनीजा माली मोहल्ला थाना भाटपचलना जिला उज्जैन म0प्र0को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर बताया कि तेजाजी नगर इन्दौर पेट्रोल पंप के पास कंटेनर वाहन क्रमांक- एमएच 48 सीबी 1782 के ड्रायवर टोनी पासवान से खाली गाड़ी लेकर जाना एवं शराब लोड कराकर वापस उसी पेट्रोल पंप के पास आकर कंटेनर वाहन के चालक टोनी पासवान को देना बताये हैं। आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबुत पाये जाने से दिनांक- 11.04.2025 को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में अन्य आरोपी का पता तलाष जारी है।

न्यूज गैलरी

कलेक्ट्रेट में मनाया गया डॉ.अम्बेडकर जयंती

भाटापारा/नवप्रदेश। भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती संयुक्त जिला कार्यालय में मनाया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी,महात्मा गांधी एवं शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी - कर्मचारियों ने भी डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

ज्ञातव्य है कि डॉ.भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के जनक कहे जाते हैं।वे संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे और अपने जीवनकाल में समानता और लोगों के अधिकारों के लिए लड़े थे।हर साल 14 अप्रैल को देशभर में अम्बेडकर जयंती मनाया जाता है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सु दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर सु दीप्ति गोते, मिथलेश डोंडे, एसडीएम अमित गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए प्रत्येक विखं के 10-10 ग्राम पंचायतों और सीएससी सर्विस प्रदाता के मध्य किया गया एमओयू

डॉ. आम्बेडकर जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम का किया गया आयोजन

कलेक्टर ने सभी को भारत के संविधान की प्रस्तावना का कराया वाचन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज 14 अप्रैल डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिला पंचायत के सभाकक्ष में शामिल हुए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष मती किरण वैष्णव, कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सु सुरूचि सिंह, अध्यक्ष बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव कांति कुमार फुले, डॉ. केएल टाण्डेकर, सिद्धार्थ चौरे, नीतेश रामटेके, दीपक कोटांगले, प्रहलाद फुले, रामकुमार वाल्दे वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव

आम्बेडकर के तैलचित्र पर माल्यापर्ण कर की गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी को भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर जिले के 40 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच और सीएससी के व्हीएलई सर्विस प्रदाता के मध्य एमओयू किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल 2025 को पंचायत राज दिवस के अवसर पर अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र के शुभारंभ की जानकारी प्रदान किया गई। जिले में पात्र परिवार को आवास प्लस 2.0 में नाम जोडऩे के लिए विशेष पखवाड़ा मोर दुवार, साय सरकार महाअभियान के तहत 15 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक सर्वेक्षण किया जाना है।

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास एम्बेसडर नियुक्त किया गया है एवं आने वाले समय में शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों में आवास एम्बेसडर नियुक्त किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई। अध्यक्ष जिला पंचायत किरण वैष्णव ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती के अवसर पर उनके द्वारा देश हित में किए गए कार्यों को स्मरण करने के लिए हम सभी उपस्थित हुए है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब विश्व के चुनिंदा बुद्धिमान व्यक्तियों में शामिल है। उन्होंने ऐसे संविधान का निर्माण किया, जिसके कारण एकता, अखंडता और संप्रभुता के साथ हमारा राष्ट्र निरंतर आगे बढ़ रहा है। भारतीय संविधान देश को एक दिशा देने का कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति जन्म, जाति, धर्म से बड़ा नहीं होता। कोई भी व्यक्ति कर्म से बड़ा होता है। बाबा साहेब ने नारियों के उत्थान एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए संविधान में आरक्षण की व्यवस्था की है। जिसके कारण आज नारी पढ़-लिखकर सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही है। प्रशासनिक, राजनीतिक सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं।

अंबेडकर के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया

अंबेडकर जयंती पर हुआ गरिमामय आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर एक दिवसीय बहुआयामी सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ चालक एवं नगर कार्यवाह उपस्थित रहे । संतोष पांडेय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक, जिन्होंने बाबा साहेब के विचारों की वर्तमान भारत में प्रासंगिकता पर सारगर्भित उद्बोधन दिया।उन्होंने कहा, ÷डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता के अमर सेनानी हैं, जिनका जीवन हर युवा के लिए प्रेरणा है।÷

कार्यक्रम के विशेष अतिथि रवीन्द्र शर्मा नगर कार्यवाह एवं सामाजिक चिंतक रहे। उन्होंने युवाओं को संविधान, अधिकार और कर्तव्यों के बीच संतुलन की सीख दी। उनके विचारों ने

विशेषकर छात्र वर्ग को गहराई से प्रभावित किया। इस अवसर पर नगर मंत्री राजीव मिर्झा द्वारा संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन, पुष्पांजलि कार्यक्रम, युवाओं के स्लोगन और विचार मंचन तथा स्थानीय प्रतिभाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

उपरोक्त कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष सोमेश सिन्हा ,एवं एबीवीपी कार्यकर्ता संस्कार सोनी, महेंद्र भारद्वाज ,सुशांत नवरंगे, पुष्पेंद्र चक्रधारी, तृप्ति साहू, आंचल सिंगरौल, सुशांत नवरंगे,देव राजपूत, सौरभ ठाकुर, संजू मार्कण्डेय, गोपाल , दीपक, रौनक देवांगन, अंकित गढ़पाले, शेखर के साथ अन्य सामाजिक युवा एवं विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

डॉ. बाबा साहेब की जयंती कांग्रेसजनों ने धूमधाम से मनाई

संविधान हमें समानता और अधिकारों के रक्षा की गारंटी देता है: विधायक इन्द्र साव

भाटापारा/नवप्रदेश। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर स्थानीय गुरूनानक वार्ड, स्थित बाबा साहेब की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर कांग्रेस जनों ने उन्हें सादर नमन करते हुए याद किया इस अवसर पर कार्यक्रम में शामिल विधायक इन्द्र साव ने कहां कि बाबा साहेब की जयंती का पर्व, समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भारत समेत पूरे विश्व में मनाया जाता है। अम्बेडकर को समानता और ज्ञान के प्रतीक माना जाता है तथा उन्हें विश्व भर में उनके मानवाधिकार आंदोलन, संविधान निर्माता के रूप में जाना जाता है।

अम्बेडकर जयंती के अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने अपने उद्बोधन में कहा यह केवल एक जयंती नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की भावना का उत्सव है। अम्बेडकर जयंती का मुख्य उद्देश्य समाज में समानता, भाईचारा और न्याय के विचारों को फैलाना है। डॉ अम्बेडकर ने संविधान निर्माण में जो योगदान दिया, वह भारत को एक आधुनिक, लोकतांत्रिक और समतावादी राष्ट्र बनाने की नींव था, उन्होंने महिलाओं, पिछड़े वर्गो और दलित समुदाय को अधिकार

दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए और उन्होंने नारा दिया था शिक्षित बनो, आंदोलन करो, संगठित रहो।

इस नारे से बहुत कुछ सिखने को मिलता है। बाबा साहेब ने जन सभाओं में अक्सर कहां करते थे - ''शिक्षा उस शेरनी के दूध के समान है जो पियेगा वो दहाड़ेगा''। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश, समाज के नव निर्माण में सभी को योगदान देना चाहिए।यह संविधान हमें समानता और अधिकारो की रक्षा की गारंटी देता है।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरूण यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ईश्वर सिंह ठाकुर, पूर्व मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा, पूर्व निगम सदस्य सतीश अग्रवाल, पूर्व श्रम कल्याण सदस्य आलोक मिश्रा, अभिनव यदु, पार्षद चंद्रकांत खुंटे, संतोष अग्रवाल, पूर्व पार्षद प्रमेन्द्र तिवारी, रेवाचंद पारप्याणी, सत्यजीत शेण्डे, सचिन्द्र शर्मा, मनमोहन कुर्रे, रोहित साहू, शरीफ अब्बास, कुमारी जांगड़े, शेषनारायण यदु, नवीन बक्स, मदन ठाकुर, शैलेन्द्र अहिवार, कुंजू साहू, प्रशांत राउत, सरगम होमने, सचिन भोयर, अमन मेश्राम, राहुल मेश्राम, सचिन उईके, कविता रूसी, आशा डोंगरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, उनके अनुवाई गण उपस्थित थे।

खम्हरिया में मनाई गई डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत खम्हरिया में भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती बड़ी धूम धाम से वा हर्षौल्लास के साथ मनाई गयी,इस अवसर पर अतिथि के रूप

भगवान दस साहू रहे जो डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जीवनी के बारे में संपूर्ण जानकारी दी ।

गांव के सरपंच संत कुमार मरकाम का भी अम्बेडकर के जीवनी में प्रकाश डाला और शिक्षा की ताकत को बताया इस अवसर पर आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता महेश्वरी साहू , रोजगार सहायक धनंजय मरकाम उपसरपंच हुलासनी ध्रुव व पंचगण भानबाई साहू , पवन नेताम , पुष्पलता यादव , सुंदरी बाई मरकाम , ललेश यादव , रोहणी निर्मलकर वा छोटे छोटे बच्चे भी उपस्थित थे जिनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम की समापन की गई ।

राजपूत क्षत्रिय समाज के नव निर्वाचित व नियुक्त जन प्रतिनिधियों का महाधिवेशन में सम्मान

साजा/नवप्रदेश। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ 1282 रहटादाह 61 वे महाधिवेशन जोन दुर्ग के इम्पीरियन होटल दुर्ग में 12 व 13 अप्रैल को सम्पन्न हुआ। समाज के द्वारा महाधिवेशन में हाल ही त्रिस्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय, संगठन चुनाव में जीत हासिल किए है उन सभी को मुख्यातिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, केंद्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, विधायक शहर दुर्ग गजेंद्र यादव, अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक बेमेतरा व भाजपा प्रदेश

मंत्री अवधेश सिंह चन्देल, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शालिनी राजपूत समस्त केंद्रीय पदाधिकारीगण संयोजक व सहसंयोजक के हाथों सम्मानित किया गया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य प्रीतम अंजनी सिंह चन्देल, मंडल अध्यक्ष भाजपा बेरला डोमेन्द्र सिंह राजपूत, जनपद सदस्य बेरला नीरज सिंह राजपूत को मुख्यातिथि के हाथों सम्मनित किया, साथ ही उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिया।नीरज सिंह राजपूत ने कहा समाज अब नई दिशा की ओर बढ़ रहा है, लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर समाज को आगे बढ़ाने में हर क्षेत्र में योगदान दे रहे है। यह सम्मान के लिए सभी ने केंद्रीय पदाधिकारी उपसमिति के सभी आदरणीय का बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया व नवनिर्वाचित केंद्रीय पदाधिकारी को बधाई प्रेषित किया।

खमरिया में सरपंच सहित पंचों ने कुपोषित बच्चों को गोद लिया

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत खमरिया में सरपंच सहित पंचों ने कुपोषण बच्चों को गोद महिला बाल विकास विभाग नगरी के द्वारा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक विशेष पोषण पखवाड़ा मा के तहत ग्राम पंचायत खमरिया के अंतर्गत आने वाला आंगनवाड़ी केंद्र में कुपोषित बच्चों को सरपंच एवं वार्ड पंच ने गोद लिया इस अवसर पे सरपंच संत कुमार मरकाम उप सरपंच लाखनी ध्रुव वार्ड पंच भान भाई साहू पुष्प लता यादव सुंदरी बाई मरकाम रोहणी निर्मलकर पवन नेम धन पूर्णिमा रात्रि लालेश यादव रोहित ग्वाल परिक्षित निर्मलकर वा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महेश्वरी साहू आदि लोग मौजूद थे।

फुटबॉल मैच | *राजनांदगांव में फुटबॉल का नया प्रयोग, आईपीएल के तर्ज पर हुआ खिलाड़ियों का चयन*

राजनांदगाव फुटबॉल लीग 7ए साइड फुटबॉल स्पर्धा में हो रहे है रोमांचक मैच

जिला स्तर की टीमें और उभरते सितारे हो रहे हैं आमने-सामने

राजनांदगाँव/नवप्रदेश। काका फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में स्थानीय स्टेट हाई स्कूल मे आयोजित 7 ए साइड रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता के आज रविवार तीसरे दिन जिसमे कुल 3 मैच खेले गए। जिसमे पहला मैच हिन्दू युवा मंच विरुद्ध हरिओम ऑटो के मध्य खेला गया, यह मैच एकतरफा रहा जहाँ हिन्दू युवा मंच के द्वारा 4-0 से जीत हासिल की..दूसरा मैच राजनांदगाव फुटबॉल एसोसिएशन विरुद्ध मॉर्निंग इलेवन के मध्य खेला गया, जिसमे माध्यन्तर तक मॉर्निंग क्लब 1-0 से बढ़त बनाये रखी दूसरे हाफ मे राजनांदगाव फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा गोल करके स्कोर 1-1

बराबर कर दिया.. मैच के अंतिम समय मे मॉर्निंग क्लब के गोल ने स्कोर 2-1 हो गया.. यही स्कोर अंतिम रहा। ओर दूसरे मैच मे मॉर्निंग क्लब विजेता बनी।

तीसरा व अंतिम मैच अपना मार्ट विरुद्ध सुपर स्ट्राइकर्स के मध्य खेला गया.. जिसमे सुपर स्ट्राइकर्स के युग द्वारा किये गये पहले हाफ मे 1 गोल से बढ़त बनाई.. दूसरे हाफमे पूर्वांश के मैदानी गोल ने स्कोर बराबरी पर कर दिया.. यही स्कोर अंतिम रहा ओर मैच बराबरी पर छूटा.. इस तरह दोनों टीमों का बराबर अंक दे दिए गये।

तीनो मैच बेहतरीन व रोमांचक रहें, चुंकि प्रतियोगिता लीग स्तर पर खेली जा रही है.. जिस कारण अगर मैच बराबरी मे छुटते है तो दोनो टीमों का बराबर अंक दे दिए जाते है। राजनांदगाव के इतिहास मे पहली बार है ज़ब फुटबॉल की रात्रिकालीन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है.. वह भी लीग और आई पी एल के तर्ज पर, जिससे जिले भर के खिलाड़ी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है। इससे फुटबॉल को एक नई दिशा मिलेगी।

मंगलवार को चार मैच

1. पी एच आर विरुद्ध एन आई बी एस बोरी
2. राजनांदगांव फुटबॉल एसोसिएशन विरुद्ध अमृत स्ट्राइकर्स
3. आरकेसी विरुद्ध हरिओम ऑटो
4. अपना मार्ट विरुद्ध मॉर्निंग इलेवन

इस प्रतियोगिता के आयोजन करता सोनू वर्मा, अजय ज्ञानचंदानी और उनकी पूरी टीम उपस्थित थी..मैच के आज के समस्त तीनो मैच के रेफरी कृष्टोफर व मयूर हथेल थे.. तथा टेक्निकल टेबल पर डा एम टी भद्र ने अपनी सेवाएं दी। यह प्रतियोगिता राजनांदगांव के इतिहास में पहली बार आयोजित की जा रही है, जो फुटबॉल को एक नई दिशा देगी।

हनुमान जन्मोत्सव पर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जेसीस स्कूल महाबीर धर्मशाला स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती बड़े ही श्रध्दा व उल्लास के साथ मनाया गया

इस आयोजन के लिए पिछले एक सप्ताह से आयोजक गण समारोह को सफल बनाने काफी सक्रिय रहे सुबह 8 बजे की आरती के बाद भक्त गण हनुमान जी का दर्शन करने उमड़ पड़े सुबह से देर रात तक भक्त गण दर्शन करने अपने अपने बारी का इंतजार करते रहे दोपहर बारह बजे के बाद प्रसादी भंडारा प्रारंभ हुआ जो देर शाम तक चला सायंकाल 7 बजे महाआरती हुआ जिसमें अनेक भक्त गण शामिल हुए।

मंदिर के पुजारी प्रकाश ओझा ने बताया कि यह हनुमान मंदिर का निर्माण सौ साल पुराना है हनुमान जी का स्वरूप बाल रूप है जो कि दक्षिण मुखी है जो ईसाणकोण में सिथ्त होने के कारण प्रभावशाली मंदिर है प्रकाश ओझा ने बताया कि ईस मंदिर में आने वाले हर भक्तों के कष्टों का हनुमान जी निवारण करता है।

स्नेह मिलन और सम्मान समारोह में जनप्रतिनिधियों के साथ विधायक सम्पत अग्रवाल हुए शामिल

ब्रह्माकुमारी विवि ने किया पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मानित

सांकरा जोंक/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सांकरा(जोंक) में रविवार को ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के सांकरा मण्डल के समस्त नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचयात सदस्य, सरपंच, उपसरपंच एवं पंचों का भव्य रूप से स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे बसना विधायक डॉ. सम्पत

अग्रवाल के कर कमलों से गमछा एवं ब्रह्माकुमारीज़ संस्था सरायपाली से पधारे राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अहिल्या दीदी जी के कर कमलों से ईश्वरीय सौगात एवं ईश्वरीय प्रसाद प्रदान कर समस्त नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भ्राता सतपाल सिंह छाबड़ा जी, माननीया बहन रामदुलारी सीताराम सिन्हा जी , माननीय भ्राता कंवलजीत सिंह जी,माननीय भ्राता अजय अग्रवाल जी,माननीय भ्राता पुरुषोत्तम घृतलहरे जी, माननीय भ्राता कैलाश अग्रवाल जी, माननीय भ्राता मथामणि जी कि गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रमुख विषय स्वच्छ, स्वस्थ, श्रेष्ठ एवं मूल्यनिष्ठ समाज की स्थापना में मेरी भूमिका विषय पर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

आदरणीय भ्राता डॉ. सम्पत अग्रवाल जी ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के द्वारा किये गए इस पहल कि सराहना किया। विचलित मन को शांत करने और मन को संयमित रखने के लिए सबको राजयोग सीखने के लिए प्रेरित किया।

ब्रह्माकुमारीज़ संस्था सांकरा (जोंक) की प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नंदिनी दीदी जी ने अपने दिव्य उदबोधन प्रस्तुत किये।

जिसमे उन्होंने बताया की हम मन की स्वछता को अपनाकर शरीर, मन और सम्बन्ध के बीच संतुलन बनाकर श्रेष्ठ एवं मूल्यनिष्ठ समाज कि स्थापना में अपनी अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। इसी कड़ी में ब्रह्माकुमारीज़ संस्था सरायपाली से पधारे राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अहिल्या दीदी जी ने राजयोग मैडिटेशन के महत्त्व को बताते हुए राजयोग का सुन्दर अभ्यास कराया तथा समस्त नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनायें दिए।

न्यूज गैलरी

चोरी की स्कूटी के साथ दो पकड़ाए

महासमुंद/नवप्रदेश। स्कूटी चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार किया है। पोटरपारा बागबाहरा निवासी अशोक सोनवानी ने अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 04 सीजेड 4064 चोरी की रिपोर्ट बागबाहरा थाने में दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने 303 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बागबाहरा निवासी तरुण मांझी व 1 अन्य नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। जिस पर उसने स्कूटी चोरी किया जाना स्वीकार किया । आरोपियों के पास से चोरी की स्कूटी बरामद कर बीएनएस की धारा 303(2) के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत खरोरा में सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा स्थित शहीद स्मारक में स्वछता अभियान सोमवार सुबह 8 बजे सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर उपस्थित रहे। महासमुंद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्षा हुलसी जितेन्द्र चंद्राकर, रोहित चंद्राकर एवं इस कार्यक्रम के मंडल संयोजक साजन यादव, सहसंयोजक परमानंद साहू , प्रेम साहू, पप्पू पटेल, ग्राम खरोरा से मुकेश चंद्राकर कौशल चंद्राकर, सरिता ढीढी, कलिता यादव, ग्रामीण महेंद्र सूर्यवंशी, भुनेश्वर चंद्राकर, युवराज सिंह चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। शक्ति केंद्र के प्रभारी, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तस्कर के कार की डिक्की से 20 किलो गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने ग्राम बंसुला और परसकोल चौक के पास एक कार से 20 किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। बसना पुलिस ने बताया कि परसकोल चौक बंसुला में वाहन चेकिंग के दौरान एक स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 07 ए 0929 में एक व्यक्ति आया, रोकने पर वह हड़बड़ाकर कार को मोड़ने का प्रयास कर रहा था। जिसे स्टाफ ने घेराबंदी कर रोका। पुलिस की पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने कार की डिक्की में दो बोरी में गांजा होना बताया। आरोपी कार चालक ने अपना नाम नेहरू नगर पुलिस लाइन के पास रायपुर थाना कोतवाली जिला रायपुर छग निवासी मो. यासीन (32) बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार की डिक्की से 20.40 किलो गांजा बरामद किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

निधन

धमधा/नवप्रदेश। धमधा निवासी वार्ड नंबर 5 की

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सारिका गुप्ता उम्र 43 वर्षीय बीते रविवार को शिवनाथ नदी के पास सड़क दुर्घटना के दौरान निधन हो गया। वह धमधा निवासी सुरेश गुप्ता की सुपुत्री थी और दिलीप अग्रवाल की पत्नी थी।

मां कर्मा महोत्सव एवं गोण्डवाना का वार्षिक महाधिवेशन धूमधाम से मनाया गया

शिक्षा किसी भी समाज के विकास के लिए सबसे बड़ी धुरी : तोखन साहू

बालोद/नवप्रदेश। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास के लिए सबसे बड़ी धुरी है। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के किसी भी समाज की उन्नति की परिकल्पना बिल्कुल भी नहीं की जा सकती। साहू आज विकासखण्ड मुख्यालय गुरूर के कोलिहामार में गोण्डवाना समाज एवं साहू समाज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मां कर्मा महोत्सव एवं गोण्डवाना वार्षिक महाधिवेशन तथा नवनिर्मित सामाजिक भवनों के लोकार्पण समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, गोण्डवाना समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, केशकाल विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं गोण्डवाना समाज के प्रदेश अध्यक्ष नीलकंठ टेकाम, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, साहू समाज के प्रदेश सलाहकार पवन

साहू, तहसील साहू संघ के अध्यक्ष महेन्द्र साहू, आदिवासी गोण्डवाना सेवा समिति गुरूर के तहसील अध्यक्ष उत्तरा मरकाम एवं यूआर गंगराले सहित अन्य समाज प्रमुख एवं जन प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने नशापान को समाज के विकास के लिए सबसे बड़ा बाधक बताते हुए समाज के लोगों को नशापान से सर्वथा दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साहू एवं अतिथियों ने बस स्टैण्ड गुरूर में शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस दौरान अतिथियों के द्वारा गुरूर में 50-50 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित गोण्डवाना समाज एवं साहू समाज के सामाजिक भवनों का लोकार्पण भी किया गया। केन्द्रीय मंत्री साहू ने

आदिवासियों की संस्कृति दुनिया में सबसे समृद्ध एवं वैभवशाली : तोखन साहू

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने आदिवासी समाज के गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिवासियों की संस्कृति दुनिया में सबसे समृद्ध एवं वैभवशाली है। उन्होंने कहा कि सीधे, सरल एवं मेहनतकश आदिवासियों द्वारा कठिन परिश्रम से समाज के अन्य सभी वर्गों का भरण पोषण एवं सेवा का पूनीत कार्य किया जाता है। इसके अलावा आदिवासी समाज के लोगों के द्वारा पेड़-पौधों एवं पशु-पक्षियों की रक्षा कर प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण तथा संवर्धन भी इनके संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

छत्तीसगढ़ के दो प्रमुख समाज गोंड़ एवं साहू समाज के द्वारा गुरूर में संयुक्त रूप से समारोह के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिए उन्होंने दोनों समाज के लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

साहू समाज को अपने वैभवशाली अतीत से शिक्षा लेना चाहिए

इस अवसर पर उन्होंने साहू समाज के गौरवशाली इतिहास पर भी प्रकाश डालते हुए समाज के विरासत को अत्यंत उज्ज्वल बताया। उन्होंने कहा कि साहू समाज के लोगों को अपने वैभवशाली अतीत से शिक्षा लेना चाहिए। उन्होंने दानवीर भामाशाह के दानवीरता के संबंध में प्रकाश डालते हुए कहा कि जब महाराणा प्रताप सम्राट अकबर के साथ युद्ध करते हुए घोर आर्थिक कठिनाई से गुजर रहे थे। ऐसे विषम परिस्थिति में हमारे समाज के गौरव दानवीर भामाशाह ने महाराणा प्रताप को असीमित धन देकर उनके आर्थिक कठिनाईयों को सदा के लिए दूर किया था। इस तरह से हमारे समाज के लोगों ने भी जब-जब भी आवश्यकता हुई मातृभूमि के रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है।

सचिवों पर दबाव डालने कोशिश, पूरी व्यवस्था बिगाड़ रही भाजपा : विनोद

■ काम का बोझ बढ़ने से मैदानी कर्मी भी नहीं कर पाएंगे विभाग से संबंधित कार्य

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सरकार द्वारा पंचायत सचिवों पर अनावश्यक दबाव डालने उनके कार्यों का प्रभार अन्य कर्मचारियों को देने की निंदा की है। चंद्राकर ने कहा कि पंचायत सचिवों के कार्यों का प्रभार जनपद के करारोपण अधिकारियों, कृषि विस्तार अधिकारियों सहित रोजगार सहायकों को दिया जा रहा है। इन कर्मचारियों के पास पहले से अपने विभाग से संबंधित कामों की अधिकता है। ऐसे में मैदानी कर्मियों पर काम का बोझ बढ़ेगा तथा उनके संबंधित विभाग के कार्य भी अटक जाएंगे। जिससे आम जनता की परेशानी और बढ़ेगी। सरकार के इस निर्णय से ना तो पंचायतों के कार्य हो पाएंगे और ना ही मैदानी कर्मचारियों के संबंधित विभाग के कार्य होंगे। सरकार की गलत नीति व कार्यप्रणाली के चलते आज पूरे प्रदेश में पंचायत विभाग के प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो चुके हैं। गांवों में मूलभूत कार्य, विकास कार्य, वृद्धा पेंशन, पीएम आवास, पीएम जनमन, आय-जाति, निवास सहित तमाम तरह के काम ठप पड़े हैं। इसके बाद भी सरकार लगातार सुशासन की ढोल पीट रही है। उन्होंने कहा कि 100 दिन के भीतर मोदी की गारंटी के तहत पंचायत सचिवों को भाजपा ने शासकीयकरण करने का वादा किया था। अब अपनी एक गारंटी को झूठलाते हुए पूरी व्यवस्था को प्रभावित करने में भाजपा की साय सरकार लगी हुई है। पंचायत सचिव पिछले माह भर से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। वर्तमान ग्रीष्म ऋतु में ग्रामों में सबसे अधिक पेयजल की समस्या का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। सचिवों की हड़ताल के चलते पंचायत की राशि मूलभूत कार्यों के लिए नहीं निकल पा रही। यदि सरकार समय रहते पंचायत सचिवों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया तो इस आंदोलन का प्रभाव सबसे अधिक प्रदेश के ग्रामीण अंचलों के लोगों को भुगतना पड़ेगा। सरकार के वादाखिलाफी के कारण आम जनता को बेवजह परेशान होना पड़ रहा है।

आईपीएल में सट्टा लगाते दो पकड़ाए 35,850 रुपए और 2 मोबाइल जब्त

■ थाना कवर्धा व साइबर सेल टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए आईपीएल सट्टा पर कार्रवाई की गई

कवर्धा/नवप्रदेश। गोपनीय सूचना के आधार पर रायपुर-राजनांदगांव बायपास तिराहा, कवर्धा में दबिश दी गई, जहां राहुल साहू एवं प्रताप साहू नामक युवकों को सट्टा संचालित करते रंगे हाथ पकड़ा गया। मौके से 35,850 नगद राशि व दो एंड्रॉइड मोबाइल हैंडसेट जप्त किए गए।

मोबाइल में आईपीएल सट्टा से संबंधित डिजिटल साक्ष्य पाए गए। आरोपी राहुल साहू पिता संतोष साहू, उम्र 22 वर्ष, निवासी- वार्ड क्र. 24, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, रायपुर रोड, कवर्धा , 2. प्रताप साहू पिता बंशी लाल साहू, उम्र 33 वर्ष, निवासी - वार्ड क्र. 25, घोटिया रोड, जुनवानी चौक, कवर्धा से पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ कि वे मोबाइल एप व वेबसाइट के माध्यम से IPL सट्टा संचालित कर रहे थे।

दोनों को धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के अंतर्गत अपराध क्रमांक 147/2025 दर्ज कर विधिसम्मत कार्यवाही की गई साथ ही दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 170 ब्हस्स के तहत मामला दर्ज कर SDM न्यायालय, कवर्धा में पेश किया जा था है। इस कार्रवाई में थाना कवर्धा से सहायक उप निरीक्षक बंदे सिंह मेरावी, साइबर सेल के एएसआई संजीव तिवारी व प्र आर चुम्मन साहू,आरक्षक संदीप शुक्ला, नारायण पटेल, लेखा चंद्रवंशी, नरेंद्र चंद्रवंशी अजयकांत तिवारी, एवं तकनीकी स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

च्वाईस सेंटर संचालक से मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बिरकोनी में च्वाईस सेंटर संचालक के साथ मारपीट के मामले में एक आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नंबर 19, बिरकोनी निवासी डोमेश्वर साहू ने बताया कि वह नेशनल हाईवे 53 मार्ग में च्वाईस सेंटर का संचालन करता है। 11 अप्रैल की शाम करीब 6.30 बजे च्वाईस सेंटर को बंद कर के घर जाने वाला था, तभी गांव के लोकेश यादव ने वहां आकर अपनी बाइक उनकी गाड़ी के सामने खड़ी कर दी, जब उसने लोकेश यादव से गाड़ी हटाने कहा तब आरोपी ने गाली देते हुए मारपीट कर जान से मारने और दुकान का सामान तोड़फोड़ करने की धमकी दी।

जल जीवन मिशन के बेहतर संचालन हेतु प्रमुख अभियंता ने विभिन्न ग्रामों का किया निरीक्षण

बालोद/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता टीडी शाण्डिल्य ने जिले में जल जीवन मिशन के बेहतर संचालन हेतु विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण किया। उन्होंने बालोद जिले के ग्राम कनेरी, जुंगेरा में समूह जल प्रदाय योजना एवं ग्राम छेड़िया का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान गांव में सोख्ता गड्ढा के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने के निर्देश सभी अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालोद के कार्यपालन अभियंता सागर वर्मा ने बताया कि हर घर नल से शुद्ध जल अब जल्द ही सभी घरों में पहुंचाने के लिए लगातार राज्य स्तरीय अधिकारियों

का दौरा जिले में किया जा रहा है। प्रमुख अभियंता शांडिल्य द्वारा ग्राम कनेरी एवं जुंगेरा समूह जल प्रदाय योजना के निरीक्षण दौरान जल शुद्धि संयंत्र, इंटेक वेल एवं एमबीआर के कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितिन ठाकुर, जिला परियोजना समन्वयक मिथलेश कुमार एवं टीपीआई के कर्मचारी उपस्थित थे।

डॉ. आंबेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाया

महासमुंद/नवप्रदेश। भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर के जयंती सोमवार को समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर तुमगांव चौक मुख्य मार्ग पर स्थित उनकी आदमी कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, शहर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिका, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, भाजपा के पार्षद व जिला, मंडल के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी तरह राजीव कांग्रेस भवन में कांग्रेसियों ने भीमराव अम्बेडकर जी छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, पूर्व नपाउपाध्यक्ष मनोजकांत साहू, आलोक चंद्राकर,

भरत सिंह ठाकुर, नीतिन बनर्जी, महेन्द्र चावला, गुरमीत चावला, संजय शर्मा, जावेद चौहान व अन्य कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

संविधान दिवस विशेष | नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को तय करता है संविधान

विश्व के सबसे बड़े संविधान को जीवंत बनाए रखना हम सब की जवाबदारी

राजनांदगांव/नव प्रदेश। हर साल भारतीय संविधान के बारे में लोगों को जागरूक करने और संविधान के महत्व व आंबेडकर के विचारों और अवधारणाओं को फैलाने के उद्देश्य से संविधान दिवस मनाया जाता है। आइए जानते हैं पहली बार संविधान दिवस कब मनाया गया। इस दिन को मनाने की वजह क्या थी और भारतीय संविधान की क्या खूबियां हैं। किसी लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए संविधान देश के नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को तय करता है। साथ ही सरकार के विभिन्न अंगों के अधिकार और कर्तव्यों को परिभाषित करता है। संविधान किसी भी देश की शासन प्रणाली और राज्य को चलाने के लिए बनाया गया एक दस्तावेज होता है। संविधान की जरूरत को

महसूस करते हुए आजादी के बाद भारत ने भी संविधान को अपनाया। संविधान निर्माण के लिए कई देशों के संविधानों का अध्ययन किया गया और उनमें से अच्छे नियम कानूनों को निकालकर भारत का संविधान बनाया गया। 2015 में संविधान दिवस मनाने की शुरुआत होने की भी एक वजह थी। वर्ष 2015 में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125वीं जयंती थी। आंबेडकर को श्रद्धांजली देने के लिए इसी वर्ष संविधान दिवस मनाने का फैसला गया। ये फैसला सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने लिया। इस दिन को मनाने का मकसद संविधान के महत्व और डा. भीमराव आंबेडकर के विचारों को फैलाना है। भारत में हर साल संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिन साल 1949 में भारत का संविधान अपनाया गया था। 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के बाद संविधान की आवश्यकता को महसूस किया गया। संविधान तैयार करने में दो वर्ष, 11 माह और 18 दिन का वक्त लगा। जिसके बाद भारत गणराज्य का संविधान 26 जनवरी 1949 को बनकर तैयार हो गया। हालांकि इसे आधिकारिक तौर पर लागू 26 जनवरी 1950 को किया गया। इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में हर साल मनाया जाता है। 26 नवंबर को ही संविधान को अनाधिकृत तौर पर इसलिए लागू किया गया, क्योंकि इस दिन संविधान निर्माण समिति के वरिष्ठ सदस्य डॉ. सर हरिसिंह गौर का जन्मदिन होता है। हालांकि पहली बार संविधान दिवस साल 2015 से मनाया गया और तब से हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। भारतीय संविधान के निर्माण का श्रेय डॉ. भीमराव आंबेडकर को दिया जाता है।

विद्वान - उन्होंने कई विषयों में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की, जिसमें कानून, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान शामिल हैं।

दलितों के लिए आवाज -वे दलितों के अधिकारों और सामाजिक न्याय के लिए हमेशा से लड़ते रहे।

सामाजिक सुधारक - उन्होंने जाति-आधारित भेदभाव और सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और सामाजिक सुधारों के लिए काम किया।

भारतीय संविधान के निर्माता - उन्होंने भारत के संविधान को बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, और वे संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष थे।

राष्ट्रवादी - वे भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में सक्रिय रूप से शामिल थे।

मानवतावादी - उन्होंने मानव जाति के उत्थान और समानता के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

भारतीय संविधान - उन्होंने भारत के संविधान को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने सभी नागरिकों को समानता और न्याय प्रदान किया।

दलित अधिकारों के लिए संघर्ष - उन्होंने दलितों के अधिकारों और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया, जिससे उन्हें सामाजिक और राजनीतिक स्वतंत्रता मिली।

सामाजिक सुधारक - उन्होंने जाति-आधारित भेदभाव और सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और सामाजिक सुधारों के लिए काम किया, जिससे समाज में बदलाव आया।

शिक्षा और ज्ञान का प्रसार - उन्होंने शिक्षा के महत्व को पहचाना और सभी के लिए शिक्षा को सुलभ बनाने की वकालत की।

भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान - उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए कई सुझाव दिए, जिनमें भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना भी शामिल है।

धर्म परिवर्तन - उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाया और दलितों को बौद्ध धर्म में परिवर्तित होने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी: निखिलकांत

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ग्राम लचकेरा व सिरींकला में आयोजित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा तथा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए। ग्राम लचकेरा में निषाद समाज द्वारा श्री राधा-कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। इस दौरान नपाध्यक्ष साहू ने भगवान श्रीकृष्ण, राधारानी व मंदिर परिसर में स्थित शिव लिंग की पूजा कर समस्त क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। समाज द्वारा पुष्पमाला व राधाकृष्ण के चित्र भेंटकर साहू का स्वागत किया गया। इसी तरह सीरींकला में

आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ में वे शामिल हुए। उन्होंने व्यासपीठ की पूजा कर आशीर्वाद लिया। कथा श्रवण करने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भक्तिमय आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से बड़ों का आदर, बुजुर्गों का सम्मान, अपनी संस्कृति का ज्ञान होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

लईका घर प्रबंधन समिति गोरेगांव की मीटिंग में बाल मुद्दों पर चर्चा

गांव को कुपोषण मुक्त करने पर दिया गया जोर

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के ग्राम गोरेगांव में गत दिवस लईका घर प्रबंधन समिति की मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें मीटिंग समिति अध्यक्ष क्षमारानी यादव की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई, जिसमें सरपंच कन्हैया लाल नाग, उपसरपंच जीवन यादव, ग्राम समिति के अध्यक्ष लेखराम साहू, एसपीएफ से मनीष वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

सर्वप्रथम पिछली मीटिंग में लिए गए निर्णय के क्रियान्वयन पर सहमति व्यक्त की गई। सी एच ओ संगीता देवांगन ने बीमारी के दौरान व बीमारी के बाद दिये जाने भोजन के बारे में सारगर्भित जानकारी दी। कुपोषण विषय पर चर्चा करते हुए

उपस्थित जनों ने गांव को कुपोषण मुक्त करने पर जोर दिया। गर्मी को देखते हुए केंद्र संचालन के समय में परिवर्तन करने चर्चा किया गया। केन्द्र में पेयजल व स्थायी विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था हेतु ग्राम पंचायत को ध्यानाकर्षण करने का निर्णय लिया गया। बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने जागरूकता रैली आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

मीटिंग में नवनिर्वाचित सरपंच

कन्हैयालाल नाग व उपसरपंच जीवन यादव को समिति में नया सदस्य के रूप में सर्व सम्मति से शामिल किया गया। मीटिंग पश्चात उपस्थित सदस्यों द्वारा जागरूकता रैली ग्राम के प्रमुख गलियों में निकाली गई। इस अवसर पर मीटिंग में ग्राम समिति के सचिव लोकनाथ कुंजाम, पंचगण कुंती ध्रुव, हितेश्वरी ध्रुव, धनेश्वरी अटलखाम, धनेश्वरी बाई, कृष्णा बाई, सुमताबाई, सुनीता बाई, मितानिन, मोबाईल क्रैचेस से मुकेश वर्मा, सरोज पटेल, मंजूलता साहू, समिति सदस्य सहित देखभाल कार्यकर्ता भी उपस्थित थी।

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

नवागढ़/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ ने भारतीय संविधान के निर्माता, सामाजिक न्याय के अग्रदूत, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर बाबासाहेब को सादर नमन करते हुए उनके अद्वितीय योगदान को याद किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर साहू, प्रदेश सचिव विजय बघेल, ब्लॉक महामंत्री खेमन टंडन, दिनेश तिवारी, आनंद कुर्रे, शिवदयाल कुर्रे, हिरेंद्र और टीकाराम बंजारे सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

छिपली में अंबेडकर जयंती मनाई गई

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम छिपली में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का जन्म दिवस समरसता दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें शक्ति केंद्र प्रभारी गुरु प्रसाद साहू बूथ अध्यक्ष दिनेश बंजारे सरपंच लिकेश्वरी पोटाई उपसरपंच पंच घेवर चंद साहू लता नवरंग रंभा कोषरे वीरवती बिसेन ईश्वरी कोसमा चंदा नवरंग एवं वरिष्ठ नागरिक सुरेंद्र सेवई किशोर नवरंग भूपेश नवरंग अश्वनी कोषरे मनीष बंजारे कुलदीप सेवई गोविंद बनवाली टंडन बालक दास सागर कोषरे एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

अंबेडकर जयंती पर अजजा मोर्चा ने संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर भाजपा अजजा मोर्चा जिला धमतरी जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए । सर्वप्रथम उन्होंने अपने घर पर परिवार सहित बाबा साहब के चित्र पर दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात कर्राघाटी भाजपा बूथ अध्यक्ष अश्वन कुंजाम की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की चित्र पर धूप दीप जलाकर संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर अनुसूचित जाति, जनजाति मोर्चा द्वारा ग्रामवासियों के बीच मनाया गया और सभी क्षेत्र वासियों को शुभकामनायें दी। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र नेताम, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष नगरी पूरन धृतलहरे, बूथ अध्यक्ष अशवन कुंजाम, उप सरपंच नोहर मरकाम, भागीरथी दर्रो, तीतराराम, प्रेमलाल कुंजाम एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जिले में अम्बेडकर जयंती पर मनाया गया समरसता दिवस

सरपंचों एवं सीएससी के व्हीएलई के मध्य हुआ एमओयू

पीएम आवास के हितग्राहियों को सौंपे खुशियों की चाबी

कसडोल /नवप्रदेश। भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती को आज जिले में सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। बलौदाबाजार स्थित जिला ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा,कलेक्टर दीपक सोनी जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पावन साहु, जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किये।

इस अवसर पर विभिन्न समाज के प्रमुखो को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात संविधान के उद्देशिका का वाचन किया गया तथा जल संचयन की शपथ ली गई। पंचायतों में अटल पंचायत

डिजिटल सुविधा केंद्र हेतु प्रति विकासखंड के 10 -10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सीएससी के व्हीएलई के मध्य ओएमयू किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास पूर्ण करने वाले 10 हितग्राहियों आवास की चाबी सौंपा गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 आवास मित्रो एवं लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के सम्बोधन को ऑनलाइन जुड़कर एलईडी स्क्रीन पर देखा- सुना गया।

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की शुकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने संविधान की रचना कर हमें उसके दायरे में रहते हुए आगे बढ़ने क़ा मार्ग दिखाया है। डॉ अम्बेडकर ने सामाजिक समरसता के लिए आजीवन काम करते रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा डॉ अम्बेडकर के जीवन के पांच प्रमुख स्थानों को पंचतीर्थ रूप में विकसित करने क़ा काम

कर रही है। उन्होंने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने तीन मंत्र दिये जिनमे शिक्षित बनो, संघर्ष करो एवं संगठित रहो शामिल है।हमारी सरकार डॉ अम्बेडकर के आदर्शो पर चलकर काम कर रही है।श्री शर्मा ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला।

कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष डॉ अम्बेडकर जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र, मोर दुवार साय सरकार, सुशासन तिहार, जल संचयन की जानकारी देते हुए सभी पक्के घरों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने की अपील की।

कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहु,जिला अध्यक्ष आनंद यादव, दुर्गा महेश्वर ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कसडोल कुसुम पैकरा, जिला पंचायत सदस्य गीता वर्मा, अमर सिंह मण्डावी, मोनू वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

नहर से छोड़े गए पानी को लेकर दो पक्षों में मारपीट, अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम परसवानी में नहर से छोड़े गए पानी से खेत सिंचाई की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। कोतवाली पुलिस ने मामले में दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर अलग-अलग अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि परसवानी के राहुल साहू ने रिपोर्ट लिखाई है कि 12 अप्रैल की दोपहर वह नहर के पानी से खेत की सिंचाई कर रहा था, उसी समय गांव का पंच टेमन चंद्राकर ने आकर कहा कि तुम नहर के पानी से सिंचाई क्यों कर रहे हो, नहर के पानी को गांव के तालाब के लिए छोड़ा गया है, कहते हुए गाली-गलौज कर मारपीट की।

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उस समय आपस में सुलह हो गया था। लेकिन रात 8 बजे वह अपने घर के पास मां और बहन के साथ बाहर बैठा था, तभी पंच टेमन चंद्राकर अपने घर जा रहा था, जिसे मां लता साहू ने रूकवाकर कहा कि मेरे बेटे राहुल के साथ खेत में मारपीट क्यों किए हो। ऐसा कहने पर टेमन ने उनके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। जब उसकी मां लता साहू, बहन सेखिन साहू, चाची कविता साहू बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी टेमन चंद्राकर, उसके भाई अनिल चंद्राकर और भतीजे ने गाली गलौज कर मारपीट की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। इसी मामले में दूसरे पक्ष के टेमनलाल चंद्राकर ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह परसवानी के वार्ड 13 का पंच है। 12 अप्रैल को करीब तीन बजे नहर से पानी छोड़ा गया था जिससे गांव के तालाब में भराव के लिए गांव के जितेंद्र चंद्राकर, गजेन्द्र साहू, बेनू साहू के साथ ऊपर खार खेत की ओर वह गया था। उन्हें तालाब के भर जाने के बाद सिंचाई करने कहा गया, लेकिन राहुल ने सिंचाई करूंगा कहते हुए गाली-गलौज कर अपने घर चला गया। रात को जब प्रार्थी अपने घर जा रहा था तभी राहुल के घर के पास रात करीब 8 बजे राहुल की मां लता साहू रोककर बोली कि हम लोगों को क्यों नहर का पानी सिंचाई करने नहीं दे रहे हो।

मंत्री टंकराम वर्मा के करकमलों से हुआ राज्य स्तरीय पुस्तक आपदा प्रबंधन व बचाव का विमोचन

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा और आपदा जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में 'आपदा प्रबंधन एवं बचाव' नामक राज्य स्तरीय पुस्तक का विमोचन 13 अप्रैल 2025 को न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइन रायपुर में माननीय आपदा प्रबंधन व राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा जी के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ।इस पुस्तक की संपादनकर्ता, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका सु के. शारदा द्वारा राज्य के विभिन्न 33 जिलों के समर्पित शिक्षकों की एक टीम बनाकर इस बहुपयोगी पुस्तक का निर्माण किया।पुस्तक में प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से संबंधित जानकारी, सुरक्षा उपाय, और आपातकालीन परिस्थितियों में किये जाने वाले व्यवहारिक कदमों को सरल भाषा में समझाया गया है।

इस पुस्तक की विशेषता यह है कि इसमें त्तक्र कोड्स जोड़े गए हैं, जिन्हें स्कैन करने पर छात्र वीडियो सामग्री देख सकते हैं,वीडियो न केवल पाठ्यवस्तु को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत करते हैं,

बल्कि उनमें एनिमेशन, रीयल-लाइफ उदाहरण और मॉकड्रिल भी शामिल हैं, जो बच्चों की समझ को और गहरा बनाते हैं। इसके अतिरिक्त, यह पुस्तक दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ऑडियो फॉर्मेट में भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे भी समान रूप से विषयवस्तु को समझ सकें। यह संसाधन सामान्य विद्यार्थियों के साथ-साथ दिव्यांग (विशेष रूप से दृष्टिबाधित) विद्यार्थियों के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी सहभागी शिक्षकों का सम्मान भी किया गया, जो प्रदेश के शैक्षिक एवं आपदा प्रबंधन क्षेत्र में एक नई दिशा की ओर संकेत करता है। पुस्तक के सह संपादक धर्मानंद गोजे और बुक प्रभारी प्रीति शांडिल्य है इस पुस्तक के लेखन में सारंगढ बिलाईगढ़ जिला से विनोद कुमार डडसेना प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला कारीपाट विकास खंड बिलाईगढ़ की भी सहभागिता रही उनके लेख को पुस्तक में स्थान दिया गया है। लेखक के रूप में 33 जिलों के निम्न शिक्षक शिक्षकों का भी विशेष योग दान रहा- के.शारदा, धर्मानंद गोजे,प्रीति शांडिल्य, कृष्णपाल राणा,संतोष कुमार पटेल, पुष्पेंद्र कुमार कश्यप, संतोष कुमार तारक,ज्योति बनाफर,श्वेता तिवारी, शांति लाल कश्यप, मधु तिवारी,रिंकल बग्गा,योगेश कुमार साहू,लक्ष्मण बाँधेकर, यशवंत कुमार पटेल, विनोद कुमार डडसेना,ममता सिंह,समीक्षा गायकवाड़, चंचला चंद्रा, महेंद्र कुमार चंद्रा, ब्रजेश्वरी रावटे, गुलजार बरेठ,रश्मि वर्मा, पूनम उर्मलिया,अनामिका चक्रवर्ती, शिवकुमार बंजारे, अमरदीप भोगल,डोलामणी साहू,समता सोनी,नंदा देशमुख, वसुंधरा गोजे, शुभम तिवारी, रामलाल केवट,सुप्रिया शर्मा, डॉ गोपा शर्मा शामिल हैं।

आकस्मिक बिजली गिरने से 2 मवेशियों की मौत

नगरी/नवप्रदेश। मौसम मिजाल परिवर्तन परिवर्तन हो रहे हैं जिसमे विकास खण्ड अंतिम छोर गांव करही में दिन रविवार को शाम को अचानक मौसम खराब हो जाने कारण बादल गरजने चमकने लगें जिसमे और ग्राम मासूलकोई ग्राम पंचायत करही के एक गरीब किसान के मवेशी एक पेड़ के नीचे खंडे थे जिसके ऊपर बिजली गिरने से दोनों जानवर की घटना स्थल पर मौत हो गई जिससे किसान ने शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग की मांग किया गया है।

कर्मा जयंती में शामिल हुए जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लॉक के ग्राम झीकादाह में परिक्षेत्रीय मण्डल स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह में के.सी.जी.जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह को सम्बोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने सभी को भक्त माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते कहा कि साहू समाज की विशेषता मेहनत की कमाई और ईमानदारी है। इसी के बल पर साहू समाज अपने मेहनत ईमानदारी से समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि साहू कुल का बेटा देश का नेतृत्व कर रहा है। जिसके नेतृत्व में देश मे गांव, गरीब और किसान के विकास के साथ हर क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि साहू समाज सभी समाज को साथ लेकर चलने वाला समाज है। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ बिशेषर साहू, जिला पंचायत सदस्य अरुणा बनाफर, श्यामसुंदर साहू, रघुनाथ साहू, , परमानंद साहू, नूतन साहू सहित ग्राम के पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

ग्राम बरसनी में बाबा साहेब की नवीन प्रतिमा का भीम आर्मी के उपाध्यक्ष ने किया अनावरण

रायपुर/नवप्रदेश। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 135 वी जयंती पर ग्राम पंचायत माना *बनरसी* में बाबा साहेब की नवीन प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी तथा भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मनोज बंजारे जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्री बंजारे ने बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्प माला अर्पित की। वहां उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हर व्यक्ति के लिए अपने आप में प्रेरणा स्त्रोत है। हमें शिक्षा के महत्व को समझना होगा और समाज की उन्नति और प्रगति के लिए शत प्रतिशत शिक्षा का लक्ष्य बनाना होगा, ताकि हर वर्ग का विकास हो सके और कोई भी पीछे न रहे। बाबा साहेब के बताए मार्ग और आदर्शों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

इस अवसर पर रायपुर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भाई संदीप यदु,भीम आर्मी प्रदेश सचिव संजू लेखराम गिलहरे जी , प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र तपहरी जी, खिलन प्रसाद साहू जी, पूर्व सरपंच सतनामी समाज अध्यक्ष राजेंद्र टोडर जी , हेमलाल गीत लहरे गेंदालाल कोसले पन्ना मधुकर हेमेंद्र जोशी ज्ञानू जोशी दूज लाल टंडन वितेश कोसले जितेंद्र कोसले घनश्याम दीदी महेश दीदी सुंदर ओगर दिलबर बंजारे फिलिप्स जांगड़े मनोज रामदास रवि टोडर नरेंद्र भाटपेरी मनोज बंजारे प्रकाश बंदे गंगाधर गिलहरे दुर्गा चेलक रामकुमार आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

जिले में 219 हैंडपंप जलस्तर घटने से हो गए बंद, 276 ही चालू, ग्रामीणों को गर्मी में आधा पानी ही मिल पा रहा

222 जलजीवन मिशन योजना के कार्य मे 49 ही पूर्ण, बाकी आधे अधूरे ही पड़े

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले मे गर्मी के दौरान गहराते जलसंकट के बीच प्रशासन भी इससे निपटने मे मजबूर नजर आ रहा है । जिले मे गर्मी की शुरूआत मे ही शासकीय हैंडपंप दम तोड़ रहे है । आधे हैंडपंप डाई स्थिति मे पहुँच गए है । जिसमें पानी की जगह हवा निकल रही है । लोक स्वास्थय विभाग के आंकड़े ही बता रहे है । आधे हैंडपंप फिलहाल पानी देने की स्थिति मे नही है । जिले मे सरकारी हैंडपंपों की संख्या 1857 है जिसमे से फिलहाल 276 हैंडपंप ही पानी दे पा रहे है । 219 हैंडपंप जलस्तर घटने से पूरी तरह बंद हो चुके है । 50 से अधिक हैंडपंप खराब हो रहे है जिसमें सुधार कार्य लगातार कराया जा रहा है । इसमे खैरागढ़ और छूईखदान ब्लाक के हैंडपंप शामिल है । इन हैंडपंप वाले जिले के 37 गांव ऐसे है जहाँ जलस्तर गिरने से पेयजल संकट की स्थिति बन गई है । खैरागढ़ के 24 गांव और छूईखदान ब्लाक के 12 गांव जलस्तर घटनें से पानी की समस्या से जूझ रहे है ।

इन गांवों में जलसंकट की स्थिति

विभागीय रिकार्ड अनुसार जिले के 37 गांव मे जलसंकट की स्थिति बन गई है । इसमे खैरागढ़ ब्लाक के बिजलदेही, शिकारीटोला, भीमपूरी, मदनपूर, सोनपूरी, सिरसाही, गातापार कला, चारभांठा, ठेलकाडीह, तिलईभाठ,

सहसपूर, पांडुका, करमतरा, देवारीभाठ, सलिहा, भंडारपूर, परसबोड़, परसाही, गोपालपूर, घोंघेडबरी, सलगापाठ, जुरलाकला, प्रकाशपूर, खपरीतेली शामिल है । इन गांवो मे ही जलस्तर सबसे ज्यादा घटा है । इसी तरह छूईखदान ब्लाक के सीताडबरी, सुराडबरी, उदान, तेंदुभाठा, नवांगांव लोधी, कोटरा, दनिया, चारभाठा, खोंघा, विचारपूर, बुंदेली, खपरीदरबार और आमाघाट कादा मे जलस्तर गिरने से आधे हैंडपंप बंद हो चुके है ।

जलजीवन मिशन योजना भी अटकी

जिले मे जलजीवन मिशन के काम मे बरती जा रही ढिलाई से भी योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है । विभागीय जानकारी अनुसार जिले मे जलजीवन मिशन योजना से 222 गांव योजना की स्वीकृति मिली है । इसमे से 117 गांवों मे पानी टंकी का ही निर्माण हो पाया है । लगभग 92 गांवो मे योजना मूर्त रूप लेने के इंतजार मे है । लेकिन शूरू नही हो पाया है । जिले के 49 गांव मे ही जलजीवन मिशन चालू हो पाया है । बाकी के कार्य किसी न किसी कारण से बचे हुए है । बाकी 105 कार्य मे सोलर पैनल से संचालित की जा रही है । लेकिन इनकी भी स्थिति खराब है ।

आधा पानी ही मिल पा रहा

इन गांवो मे हैंडपंप सूखने के बाद अन्य व्यवस्थाओं से पेयजल आपूर्ति का प्रयास जारी है । लेकिन जलस्तर गिरने से नलजल योजना,, स्थल जलयोजना, सोलरपंप, सिंगल फेस और समूह नलजल योजना से व्यवस्था बनाने का प्रयास है । लेकिन सोलर पंप मे कई जगहो पर सोलर सिस्टम बिगडऩे से व्यवस्था गड़बड़ा गई है । खैरागढ़ ब्लाक के जालबांधा मे बाजार चौक मे पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए सोलर सिस्टम तीन माह मे ही खराब हो गए । आपूर्ति नही होने से परेशान ग्रामीणो ने इसकी कई बार शिकायत प्रशासन तक की लेकिन छह माह तक व्यवस्था नही बन पाई । आक्रोश बढऩे के बाद एक दिन पहले ही सोलर सिस्टम को बंद कर विद्यूत व्यवस्था बनाकर पंप से पेयजल आपूर्ति शुरू करने का प्रयास किया गया । इसी तरह सभी गांव मे सभी योजना का क्रियान्वयन भी नही हो पाया है । कही नलजल योजना चल रही है तो कही स्थल जल योजना का लाभ मिल रहा है । इन गांवो मे ग्रामीणो को रोजाना मुश्किल से 45 फीसदी पेयजल आपूर्ति ही हो पा रही है ।

वक्फ एमेंडमेंट बिल से कांग्रेस नेताओं समेत प्रापर्टी पर कब्जा करने वालों के पेट में हो रहा है दर्द, आम मुसलमान को नहीं कोई आपत्ति : डॉ सलीम राज

मस्जिद इबादत की जगह है यहां सियासत करेंगे तो सख्त कार्रवाई की जाएगी, मस्जिद की आमदनी कम होने पर इमाम को 12 हजार और मोअज्जन को 9 हजार रुपए वेतन दिया जाएगा

■ वक्फ प्रापर्टी का उपयोग सभी धर्मो के हितों के लिये होना चाहिये

दुर्ग/नवप्रदेश। देश में इस समय वक्फ एमेंडमेंट बिल को लेकर विवाद जारी है। विपक्षी नेताओं ने इसे संविधान पर हमला करार दिया है। मुस्लिम संगठन भी लगातार विरोध कर रहे हैं। कई राज्यों ने इस बिल को लागू न करने का ऐलान कर दिया है। एमेंडमेंट बिल सहित मुसलमानों से जुड़े कई मुद्दों पर नवप्रदेश संवाददाता हनीफ निजामी ने छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के चेयरमेन डॉ सलीम राज से विस्तार से चर्चा की।

सवाल - वक्फ संशोधन बिल को लेकर पूरे देश में घमासान मचा है। विवाद और विरोध की वजह क्या है?

जवाब - वक्फएमेंडमेंट बिल मुस्लिम समाज की तरक्की का बिल है। उन्नति का बिल है। मुस्लिम समाज को शिक्षित करने का बिल है। अभी तक 45 बार वक्फ संशोधन हो चुका है। कभी विरोध नहीं हुआ। संशोधन इसीलिये किया जा रहा है कि पूर्व में अगर कुछ छूट गया तो उसे सुधार लिया जाए। जोड़ लिया जाए। पहले ट्रिब्यूनल के बाद ही हाईकोर्ट जा सकते हैं। लेकिन अब चाहे जिस कोर्ट में चाहें, वहां जा सकते हैं। वक्फएक्ट के सुधार का बिल लाया गया है।

सवाल - तो इतने व्यापक स्तर पर विरोध की वजह क्या है।

जवाब - कांग्रेस नेताओं के अलावा मुस्लिम समाज के कुछ नेता और कई मुतवल्ली ऐसे हैं, जो वक्फप्रापर्टी पर कब्जा किये बैठे हैं। उनके पेट में तकलीफ हो रही है। विरोध भी यही लोग कर रहे हैं। गरीब के हक में फायदा नहीं चाहते, इसीलिये विरोध कर रहे हैं।

वैसे भी यह एमेंडमेंट बिल पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी ने लाया है। विपक्ष का काम हर मामले में विरोध करना है। सिर्फ विरोध करने के लिये विरोध किया जा रहा है। इसका कोई औचित्य नहीं है। पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने साफ कहा है कि मस्जिद, इमामबाड़ा, दरगाह और कब्रिस्तान की एक इंच जगह भी कम नहीं होगी। वक्फ प्रापर्टी में कमी नहीं होगी। इसके बावजूद विरोध किया जा रहा है। पहले भी विपक्ष ने सीएए का विरोध किया। ट्रपल तलाक बिल का विरोध किया। सच ये है कि सीएए से किसी की नागरिकता नहीं गई। तलाक के मामलों में 43 प्रतिशत की कमी आई है। भाजपा का मानना है कि विकसित भारत में समाज का एक तबका छूट न जाए। इसलिये मुस्लिम समाज की शिक्षा और तरक्की के लिये यह बिल लाया गया है। कुछ कांग्रेसी, मौलाना और मुतवल्ली समाज को वक्फबिल को लेकर समाज को दिग्भ्रमित कर रहे हैं।

सवाल - वक्फ एमेंडमेंट बिल से मुस्लिम समाज में बदलाव कैसे आएगा?

जवाब - वक्फ प्रापर्टी की खाली जगह पर अस्पताल और स्कूल बना सकते हैं। शापिंग मॉल बना सकते हैं। रेवेन्यू बढ़ेगा तो इसका फायदा गरीब मुसलमान को मिलेगा। शिक्षा और स्वास्थ्य पर आमदनी का कुछ हिस्सा खर्च किया जाएगा। वक्फप्रापर्टी को 33 साल के लिये किराये पर दिया जाएगा। इसे बेचा नहीं जाएगा। वक्फ प्रापर्टी पर हास्पिटल, स्कूल, शापिंग मॉल बनाकर रेवेन्यू बढ़ाया जा सकेगा। आमदनी बढ़ेगी तो इसका उपयोग मुस्लिम समाज के कल्याण के लिये किया जा सकेगा।

सवाल - राहुल गांधी ने इस बिल को संविधान पर हमला बताया है। आपका क्या कहना है?

जवाब - राहुल गांधी ने वक्फ संशोधनबिल का अध्ययन ही नहीं किया। राहुल गांधी के संसद के बाहर चिल्लाने से कुछ नहीं होगा। अगर उन्हें इतनी ही चिंता थी तो संसद की कार्रवाई में क्यों भाग नहीं लिया। लोकसभा में उन्होंने कुछ कहा क्यों नहीं। सच ये है कि कांग्रेस मुसलमान को वोट बैंक समझती है। भाजपा मुसलमानों को तरक्कीशुदा बनाना चाहती है।

सवाल - लेकिन बिल का विरोध तो मुस्लिम संगठन भी कर रहे हैं।

जवाब - वक्फ प्रापर्टी पर जमाते हिंद उलेमा ने कब्जा किया है। असद उद्दीन ओवैसी, कांग्रेस नेता सीके जाफर शरीफ, खरगे और समाज के ठेकेदार बने लोगों ने प्रापर्टी पर कब्जा किया है। विरोध भी यही लोग कर रहे हैं। आम मुसलमान वक्फएमेंडमेंट बिल का विरोध नहीं कर रहा है।

सवाल - छत्तीसगढ़ में वक्फ बोर्ड की कुल 5 से 7 हजार करोड़ की संपत्ति है। कितनी संपत्तियां विवादित है? आपके चार्ज संभालने के बाद कितने मामलों में नोटिस दी गई और कितने मामलों में कार्रवाई की गई ?

जवाब - 90 प्रतिशत से प्रापर्टी में अवैध कब्जे किये गए हैं। किराया नहीं दिया जा रहा है। शासन की गाईडलाइन के अनुसार किराया निर्धारण नहीं किया जा रहा है। चार माह के कार्यकाल में चार सौ से ज्यादा नोटिस दी गई है। कई दुकानों को सील किया गया है। कार्रवाई लगातार चल रही है।

सवाल - वक्फबोर्ड की 5 सौ करोड़ की संपत्ति बेच दी गई। कई साल पहले बेची गई संपत्ति कैसे वापस मिलेगी?

जवाब - शहर के हृदय स्थल पर जयस्तंभ चौक, हलवाई लाइन, नेशनल हाईवे जैसी जगहों पर वक्फ प्रापर्टी बेची गई है। जगदलपुर और अंबिकापुर में भी वक्फ संपत्ति की रजिस्ट्री कर दी गई। जो लोग प्रापर्टी के मालिक ही नहीं थे, उन्होंने वक्फ संपत्ति बेच दी। कई प्रापर्टी 2003 के बाद से बेची गई। वक्फ प्रापर्टी को बेचा नहीं जा सकता। कलेक्टर, रजिस्ट्रार और वक्फ ट्रिब्यूनल को पत्र भेजा गया है। रजिस्ट्री रद्द करने की मांग की गई है।

सवाल - 2003 के बाद से 15 साल तक भाजपा सत्ता में रही। क्या भाजपा के कार्यकाल में वक्फसंपत्ति बेची गई है। क्या कार्रवाई करेंगे।

जवाब - किसके कार्यकाल में बेची गई है, यह मुद्दा नहीं है। अगर गलत किया गया है तो कार्रवाई करेंगे। भाजपा तेरा -मेरा की राजनीति नहीं करती है। जिसने भी गलत किया है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुस्लिम समाज के विकास के लिये जो भी हो सकता है, वो किया जाएगा।

सवाल - 18 सौ मस्जिदें हैं और 1223 मस्जिदों में ही आमदनी के श्रोत हैं। जहां आमदनी के श्रोत नहीं है, वहां आय बढ़ाने के लिये क्या करेंगे? इमाम और मोअज्जन को भी पर्याप्त वेतन नहीं मिल पा रहा है।

जवाब - जहां आमदनी नहीं है। वहां के इमाम और मोअज्जन वक्फबोर्ड में आवेदन दें। आवेदन के साथ ऑडिट की रिपोर्ट भी देना होगा। वक्फ बोर्ड से इमाम को 12 हजार रुपए और मोअज्जन को 9 हजार रुपए वेतन दिया जाएगा। हम दस-बारह मस्जिदों में वेतन दे रहे हैं। वक्फ बोर्ड से पहले से इसका प्रावधान है। अभी तक आवेदन न देने के कारण वेतन नहीं दिया गया।

सवाल - वक्फ बोर्ड ने सर्कुलर जारी किया है कि इमाम को तकरीर के विषय की जानकारी पहले से वक्फ बोर्ड को देना होगा।

जवाब - वक्फ बोर्ड के आदेश में साफलिखा है कि मस्जिद के इमामों को धार्मिक तकरीर करने की छूट है। मुतवल्लियों के लिये यह निर्देश जारी किया गया है कि वे अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिये मस्जिद में राजनीतिक तकरीर न करें। मस्जिद के इमाम तो कुरान और हदीस की रौशनी में तकरीर करते हैं। उनके लिये कोई पाबंदी नहीं है। अक्सर मुतवल्ली खुतबे के पहले अपील करते हैं कि किस पार्टी को वोट देना है और किसे नहीं देना है। सीएए, वक्फएमेंडमेंट बिल आदि के बारे में गलत जानकारी दी जाती है। भ्रम फैलाया जाता है। मुस्लिम समाज को भड़काने का काम किया गया है। ऐसे मामलों में नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

सवाल - लोकसभा और राज्यसभा सहित पूरे देश में एमेंडमेंट बिल का विरोध हुआ। कोई कार्रवाई नहीं की गई। लेकिन अगर मस्जिद के पदाधिकारी इस मुद्दे पर चर्चा करें तो आप एफआईआर की चेतावनी कैसे दे रहे हैं।

जवाब - मस्जिद इबादत की जगह है। यहां इबादत होनी चाहिये। इबादत की जगह पर सियासत नहीं होनी चाहिये। जिसे सियासत करनी है वो मस्जिद के बाहर करें। मस्जिद कै पस में राजनीति करेंगे तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे।

सवाल - चुनाव कराने की बजाय पैसों का लेनदेन कर वक्फबोर्ड मस्जिद कमेटियों के पदाधिकारियों का मनोनयन करने की शिकायतें मिलती रही हैं। क्या इस पर रोक लगेगी?

जवाब - मेरे कार्यकाल में एक भी कमेटी का मनोनयन नहीं किया गया है। मेरी व्यक्तिगत राय है कि मुस्लिम जमात एक राय से चुनाव कर ले। चुनाव के लिये जमात दो भाग में न बंटे। समाज के लोग बैठकर तय कर लें। वक्फबोर्ड किसी भी पदाधिकारी का मनोनयन नहीं करेगा।

सवाल - आपने सनातन बोर्ड के गठन की मांग की है। इससे क्या फायदा होगा?

जवाब - हम हिंदू, मुसलमान, सिख, इसाई हम सब हैं भाई-भाई की बात करते हैं तो सभी को मिलजुलकर काम करना चाहिये। सनातन बोर्ड की प्रापर्टी पर भी काफी ज्यादाअवैध कब्जे हुए हैं। जमीनों की बंदरबांट की गई है। सनातन बोर्ड का गठन होने पर व्यवस्था सुधरेगी। इसका फायदा समाज को होगा। कांग्रेस को इससे तकलीफनहीं होनी चाहिये।

सवाल - यूएई के इमाम ने कहा है कि वक्फ संपत्ति का उपयोग दूसरे धर्म के लोगों के हितों के लिये करना चाहिये। आप का क्या कहना है?

जवाब - मैं यूएई के इमाम का पूरा समर्थन करता हूं। पैगंबर हजरत मोहम्मद ने सर्व समाज के हितों के लिये काम किया। वे मानवता के पुजारी थे। उन्होंने दुनिया में इंसानियत और मोहब्बत का प्रकाश फैलाने का काम किया। वे किसी एक समाज के लिये काम नहीं किया। पैगंबर हजरत मोहम्मद ने खजूर का बगीचा वक्फ (दान) किया था। उन्होंने इसका उपयोग यतीमों, गरीबों और बेवा महिलाओं के फायदे के लिये करने कहा। केवल मुसलमान को बगीचे का उपयोग करने नहीं कहा। वक्फ संपत्ति का उपयोग भी मानवता के लिये किया जाना चाहिये।

सवाल - आज के दौर में मुसलमान अपने अधिकारों के लिये कितना जागरूक है?

जवाब - देश का मुसलमान जागरुक नहीं है। सच ये है कि मुसलमान नेता जागरुक हैं। जिस दिन मुसलमान तालीमयाफ्ता हो जाएगा और शिक्षित हो जाएगा, उस दिन मुसलमान दुनियादारी समझने लगेगा। सच ये है कि देश में मौलाना का इस्लाम चल रहा है। कुरान का इस्लाम नहीं चल रहा है।

सवाल - कई मामले कोर्ट में दर्ज है। सालों बाद भी फैसला नहीं पाया है।

जवाब - कुल 127 मामले हाईकोर्ट में दर्ज हैं। प्रयास किया जाएगा कि अवैध कब्जे हटाए जाएं और किराया राशि बढ़ाई जाए।

संक्षिप्त खबरें

चौरसिया समाज का सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह आज अग्रसेन धाम के पास

रायपुर/नवप्रदेश। आज के इस भाग दौड़ और स्वार्थभारी दुनिया में चौरसिया समाज एक मिशाल कायम कर रहा है। 15 अप्रैल को अग्रसेन धाम के पास परिचय सम्मलेन और सामूहिक विवाह का वृहत आयोजन करा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य व्यर्थ खर्चों से बचाव और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का वृहत रूप देने के लिए चौरसिया समाज ने इसके लिए टीम भी बना ली है ताकि समाज से बाहर से आने वाले समाज के लोगों का भटकना ना पड़े। कार्यक्रम में चौरसिया, तंबोली, थवाइत, महोबिया, मोदी, पंसारी इत्यादि समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह अग्रसेन धाम के पास रायपुर छत्तीसगढ़ में संपन्न होगा। इस गरिमामय आयोजन का नेतृत्व चौरसिया वेलफेयर सोसाइटी, छत्तीसगढ़ द्वारा किया जा रहा है।समिति के महासचिव लक्ष्मण चौरसिया के अनुसार, इस भव्य आयोजन में 1000 से 1500 सजातीय बंधुओं के शामिल होने की संभावना है तथा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रीगण के शामिल होने की संभावना है।

स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्तदान अभियान का सफल आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। एनजीओ Better Bharat और Maa के संयुक्त प्रयास से 12 अप्रैल को साईराम किया, ताटीबंध में एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सामाजिक पहल का उद्देश्य कर्मचारियों के समग्र स्वास्थ्य की जांच करना और रक्तदान जैसे जीवनदायिनी कार्य को प्रोत्साहित करना था।इस शिविर में कुल 127 किया कर्मचारियों ने भाग लिया। पार्थ डेंटल क्लिनिक की ओर से डॉ. कर्तिकेय देवांगन एवं उनकी टीम ने दंत जांच और बालों से जुड़ी समस्याओं की जांच की। डॉ. सृष्टि ठाकुर ने होम्योपैथिक परामर्श प्रदान किया।

ग्रामीण विकास और जल संरक्षण को मिले बढ़ावा : सांसद बृजमोहन

कलेक्ट्रेट परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर सामाजिक समरसता दिवस का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस हॉल में सामाजिक समरसता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रायपुर समेत अन्य जिलों से जुड़े और सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को सामाजिक समरसता दिवस और अंबेडकर जयंती की बधाई देते हुए ग्राम पंचायत भवनों को सुसज्जित करने तथा ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं देने की घोषणा की । उन्होंने प्रदेशभर में वाटर हार्वेस्टिंग शुरू करने और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के दायरे को बढ़ाने के लिए शीघ्र सर्वेक्षण कराने की निर्देश भी दिए।मुख्यमंत्री ने बताया कि सामाजिक समरसता दिवस पर प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण अंतर्गत 'मोर दुआर, साय सरकार महाअभियान' के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा, उन्होंने सभी पात्र परिवारों से सर्वे में शामिल होने की अपील की।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही कार्यक्रम से जुड़े उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल स्तर बढ़ाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया साझा की।

रायपुर जिले के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की शुरुआत करते हुए बताया कि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ और डीबीटी के माध्यम से नकद आहरण की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' की शुरुआत की जाएगी। इसका औपचारिक शुभारंभ 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर होगा। इस अवसर पर आज अग्रवाल की उपस्थिति में प्रत्येक जनपद पंचायत के 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच और वीएलई के बीच रूप पर हस्ताक्षर किए गए। अग्रवाल ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष तक इसे सभी गांवों में पहुंचा दिया जाएगा।

सांसद अग्रवाल ने पेयजल की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में तालाबों को भरने, एनीकट की स्थिति जांचने, और सूखे ट्यूबवेलों को दुरुस्त करने या पाइपलाइन बिछाने की योजना बनाई जानी चाहिए। उन्होंने अवैध ट्यूबवेलों को बंद करने और तालाबों के गहरीकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। अग्रवाल ने सुझाव दिया कि लाइमस्टोन खदानों में भरे पानी को शुद्ध कर पीने योग्य बनाने की योजना भी बनाई जानी चाहिए।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत सम्मान

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया।

डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक न्याय के सूरज : पुरन्दर मिश्रा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरन्दर मिश्रा ने डा. भीमराव अंबेडकर को न्याय का सूरज बताया है। मिश्रा ने कहा कि भारत के सामाजिक और राजनीतिक इतिहास में जब भी किसी महामानव की गाथा कही जाएगी, बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। वे केवल एक संविधान निर्माता नहीं थे, बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे, जिनकी दृष्टि ने भारत को एक नया सपना देखने की ताकत दी।

छुआछूत, भेदभाव और सामाजिक अत्याचार के अंधेरे में जन्मे भीमराव आंबेडकर ने अपने जीवन को एक दीपक बना दिया — ऐसा दीपक, जिसकी लौ आज भी करोड़ों वंचितों और पीड़ितों को राह दिखा रही है।

14 अप्रैल 1891 को एक गरीब महार परिवार में जन्मे भीमराव बचपन से ही अपमान और भेदभाव का कड़वा स्वाद चखते रहे। स्कूल में उन्हें पीने के लिए पानी तक अलग पात्र में दिया जाता था। परंतु इन अपमानों ने उनके भीतर विद्रोह नहीं, बल्कि आत्मनिर्माण की ज्वाला भड़का दी। शिक्षा को उन्होंने अपना अस्त्र बनाया और कोलंबिया विश्वविद्यालय तथा लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से उच्चतम डिग्रियाँ प्राप्त कीं।

जब कोई उनसे कहता था कि 'तुम पढ़ नहीं सकते', बाबा साहेब चुपचाप अपनी किताबें उठाकर रात-रात भर पढ़ते थे। उनका विश्वास था कि ज्ञान ही वह शस्त्र है जो समाज की जंजीरों को तोड़ सकता है।आज़ादी के बाद जब भारत को एक नए संविधान की आवश्यकता थी, तब देश ने एकमत से डॉ. आंबेडकर को संविधान मसौदा समिति का अध्यक्ष चुना। उन्होंने एक ऐसा संविधान रचा, जो समानता, स्वतंत्रता, और बंधुत्व के मूल्यों पर आधारित था। भारत के संविधान में बाबा साहेब ने प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार देने का प्रावधान किया — चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, या लिंग का क्यों न हो।

16 से चलेगा अभियान जांच के दौरान पकड़े जाने पर वाहन चालकों को 500 से 10 हजार रुपये का चालान भरना होगा

वाहन चालक 15 तक लगवा लें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, नहीं तो भरना पड़ेगा जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। परिवहन विभाग ने वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन (नंबर) प्लेट (एचएसआरपी) लगाने के लिए वाहन चालकों को तीन अप्रैल तक अंतिम मौका दिया था। अब 15 अप्रैल तक समझाइश दी जा रही है। इसके बाद प्रदेशभर में 16 अप्रैल से अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई होगी।

जांच के दौरान पकड़े जाने पर वाहन चालकों को 500 से 10 हजार रुपये का चालान भरना होगा। प्रदेशभर में 40 लाख और रायपुर जिले में दस लाख से अधिक वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाया जाना है। पिछले कुछ महीने के भीतर मात्र 60 हजार वाहनों में ही नंबर प्लेट लगवाया गया है।

ऐसे में अब परिवहन विभाग और यातायात पुलिस मिलकर कार्रवाई करेगी। गौरतलब है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अभिसूचना जारी कर केंद्रीय मोटरयान अधिनियम के तहत एक अप्रैल 2019 के पहले के दोपहिया, चार पहिया वाहनों में एचएसआरपी लगाना अनिवार्य किया है।

40 लाख वाहनों में लगनी है नंबर प्लेट

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेशभर में 60 हजार से अधिक और रायपुर जिले में 24,903 वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाए जा चुके है। वहीं, 35 हजार वाहनों का पंजीयन कराया गया है। मगर, करीब 40 लाख वाहनों में इसे लगाया जाना है। इसके लिए रोसमार्टा सेटी और रियल मेजान इंडिया लिमिटेड कंपनी के साथ ही ऑटोमोबाइल डीलरों को नंबर प्लेट लगाने की जिम्मेदारी दी गई है।

ये हैं निर्धारित शुल्क

दोपहिया, ट्रैक्टर और ट्रेलर का शुल्क जीएसटी सहित 365.80 रुपये, तीन पहिया के लिए 427.16 रुपये, हल्की मोटरयान, पैसेंजर कार के लिए 656.08 रुपये और 705.64 रुपये निर्धारित किया गया है। सभी भुगतान डिजिटल मोड से किए जा रहे हैं।

ऑटोमोबाइल डीलरों द्वारा एक अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत मोटर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिह्न प्रत्येक इंस्टालेशन के लिए 100 अतिरिक्त चार्ज के साथ लगाया जाना है।

कलेक्ट्रेट में खुला काउंटर

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने के लिए कलेक्ट्रेट में एक काउंटर खुल चुका है, ताकि वाहन चालकों को कोई परेशानी न हो। यहां बाइक के लिए 365 रुपये और कार के लिए 500 रुपये से अधिक निर्धारित शुल्क लेकर एचएसआरपी बनाकर दिए जा रहे हैं।

न्यूज गैलरी

खनन गतिविधियों से प्रभावित लोगों की भलाई के लिए सरकार का कदम

नई दिल्ली। सरकार ने साल 2025 में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) की शुरुआत की है। इसके तहत जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) को माइनिंग एक्ट के तहत मिलने वाले धन का प्रभावित लोगों की बेहतरी के लिए इस्तेमाल किया जाना है। खनन की गतिविधियों से प्रभावित होने वाले लोगों की भलाई के लिए खान मंत्रालय एक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई स्थापित करने पर विचार कर रहा है। इस इकाई का काम राज्यों के साथ प्रभावित लोगों के विकास के लिए चल रही योजनाओं का बेहतर प्रबंधन करना और प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना को सुचारु रूप से लागू करना होगा। सरकार ने साल 2025 में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) की शुरुआत की है। इसके तहत जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) को माइनिंग एक्ट के तहत मिलने वाले धन का प्रभावित लोगों की बेहतरी के लिए इस्तेमाल किया जाना है। केंद्र सरकार ने संबंधित राज्य सरकारों को डीएमएफ के तहत उनकी ओर से बनाए गए नियमों में पीएमकेकेकेवाई को शामिल करने और इस योजना को लागू करने का निर्देश दिया है। खनन मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर दी गई जानकारी में बताया कि सरकार डीएमफ और पीएमकेकेकेवाई की दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए कई कदम उठा रही है।

भारत टैरिफ पर रोक के बाद अमेरिका को 40000 टन झींगा भेजेगा

नई दिल्ली। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के महासचिव केएन राघवन टैरिफ पर 90 दिन की रोक के बाद निर्यातकों को काफी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि हम अब आयात शुल्क के मामले में अमेरिका के अन्य निर्यातकों की बराबरी पर पहुंच गए हैं। अब रोके गए शिपमेंट पर काम किया जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए जवाबी टैरिफ पर 90 दिनों की रोक के बाद भारतीय कारोबारी झींगे की एक बड़ी खेप अमेरिका भेजने की तैयारी में हैं। जानकारों के अनुसार भारत के समुद्री खाद्य निर्यातक अमेरिका को 35,000-40,000 टन झींगा भेजने की तैयारी कर रहे हैं। उद्योग से जुड़े लोगों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 26 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क लगाने की योजना पर रोक लगाने और शुल्क को घटाकर 10 प्रतिशत करने के बाद ऑर्डर की संख्या स्थिर है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के महासचिव केएन राघवन ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, अब हमें काफी राहत मिली है, क्योंकि हम अब आयात शुल्क के मामले में अमेरिका के अन्य निर्यातकों के बराबरी पर पहुंच गए हैं। अब रोके गए शिपमेंट पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देरी से भेजे गए झींगा के लगभग 2,000 कंटेनरों को अब निर्यात के लिए तैयार किया जा रहा है। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को उच्च टैरिफ की घोषणा करने के एक सप्ताह बाद ही 9 अप्रैल को टैरिफ को रोकने का निर्णय लिया था। अस्थायी राहत के तहत चीन को छोड़कर सभी देशों पर 10 प्रतिशत का व्यापक टैरिफ लागू रहेगा, क्योंकि चीन पर 145 प्रतिशत शुल्क लगता है। वर्तमान में, अमेरिका को भारतीय झींगा निर्यात पर 17.7 प्रतिशत का प्रभावी सीमा शुल्क लगता है, जिसमें 5.7 प्रतिशत प्रतिकारी शुल्क और 1.8 प्रतिशत एंटी-डंपिंग शुल्क शामिल है। उद्योग सूत्रों ने बताया कि भारतीय निर्यातक आमतौर पर डिलीवरी शुल्क-भुगतान व्यवस्था के तहत टैरिफ लागत वहन करते हैं।

चीन के सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि आयात में 4.3 प्रतिशत की गिरावट आई

अमेरिका संग टैरिफ विवाद के बीच चीन के निर्यात में 12.4 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली। टैरिफ प्रकरण के बीच चीन के निर्यात में मार्च में एक साल पहले की तुलना में 12.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कंपनियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से लगाए गए टैरिफ में वृद्धि से बचने के लिए निर्यात में जोर लगाया है, जिससे यह तेजी देखी गई। चीन के निर्यात में मार्च में एक साल पहले की तुलना में 12.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कंपनियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से लगाए गए टैरिफ में वृद्धि से बचने के लिए निर्यात में जोर लगाया है, जिससे यह तेजी देखी गई। चीन की सरकार ने सोमवार को इसका एलान किया। चीन के सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि आयात में 4.3प्रतिशत की गिरावट आई। बयान के अनुसार, विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से निर्यात वर्ष के पहले तीन महीनों में एक वर्ष पहले की तुलना में 5.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि आयात में 7 प्रतिशत की गिरावट आई। मार्च में चीन का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष 27.6 बिलियन डॉलर रहा। जबकि इसके निर्यात में 4.5त्न की वृद्धि हुई। वर्ष की पहली तिमाही में अमेरिका के साथ चीन का व्यापार अधिशेष 76.6 अरब डॉलर रहा। ट्रम्प की व्यापार नीतियों में हालिया संशोधनों के अनुसार, चीन को अमेरिका को किए जाने वाले अधिकांश निर्यातों पर 145त्न टैरिफ का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, निर्यात में सबसे अधिक वृद्धि चीन के दक्षिण-पूर्वी एशियाई पड़ोसियों को हुई, जहां मार्च में चीन से निर्यात में एक साल पहले की तुलना में लगभग 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अफ्रीका को निर्यात में 11 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सोमवार को क्षेत्रीय दौरे के तहत वियतनाम की यात्रा पर जा रहे हैं, जहां वे मलेशिया और कंबोडिया भी जाएंगे, जिससे उन्हें अन्य एशियाई देशों के साथ व्यापार संबंधों को मजबूत करने का अवसर मिलेगा, जो संभावित रूप से भारी टैरिफ का सामना कर रहे हैं, हालांकि पिछले सप्ताह ट्रम्प ने उन्हें लागू करने में 90 दिनों की देरी की थी। सीमा शुल्क प्रशासन के प्रवक्ता ल्यू डालियांग ने कहा कि चीन एक ÷जटिल और गंभीर बाहरी स्थिति÷ का सामना कर रहा है, लेकिन आसमान नहीं गिरेगा। उन्होंने चीन के विविध निर्यात विकल्पों और विशाल घरेलू बाजार की ओर इशारा किया। जब उनसे चीनी आयात में गिरावट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि चीन लगातार 16 वर्षों से विश्व का दूसरा सबसे बड़ा आयातक रहा है, और वैश्विक आयात में उसका हिस्सा लगभग 8 प्रतिशत से बढ़कर 10.5प्रतिशत हो गया। उन्होंने कहा, वर्तमान में और भविष्य में बड़ा चीनी बाजार विश्व के लिए एक बड़े अवसर की तरह है।

एआई जैसे क्षेत्रों को मिलेगी मदद

10 हजार करोड़ का स्टार्टअप फंड नए युग की तकनीक पर होगा खर्च

नई दिल्ली। बजट में सरकार ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ एक नई एफएफएस की घोषणा की है। 2016 में भी सरकार ने इसी तरह की योजना शुरू की थी। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने स्टार्टअप्स के लिए 10,000 करोड़ रुपये की दूसरी फंड ऑफ फंड्स योजना (एफएफएस) से जुड़ा बड़ा एलान किया है। सरकार के अनुसार, इसका एक बड़ा हिस्सा नये युग की प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन निर्माण जैसे क्षेत्रों के उभरते उद्यमियों को आवंटित किया जा जाएगा। बजट में सरकार ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ एक नई एफएफएस की घोषणा की है। 2016 में भी सरकार ने इसी तरह की योजना शुरू की थी। एक अधिकारी ने कहा, ÷हम 10,000 करोड़ रुपये के इस फंड का बड़ा हिस्सा नए युग की तकनीक, एआई और मशीन निर्माण के लिए समर्पित करने जा रहे हैं। वर्ष 2016 की यह योजना घरेलू उद्यमों में पूंजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई थी। इसका संचालन भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की ओर से किया जाता है। इसके तहत भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) में पंजीकृत एआईएफ (वैकल्पिक निवेश कोष) को पूंजी प्रदान की जाती है, जो बदले में स्टार्टअप्स में निवेश करते हैं। अधिकारी ने उम्मीद जताई है कि कि सिडबी ही दूसरी योजना का भी प्रबंधन करेगा। नवाचार को बढ़ावा देने और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए देश में एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के इरादे से सरकार ने 16 जनवरी, 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की थी। सरकार की पात्रता शर्तों के अनुसार, स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत संस्थाओं को विभाग की ओर से स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी जाती है। अब तक 55 से अधिक उद्योगों में 1,50,000 से अधिक संस्थाओं को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है। ये इकाइयां स्टार्टअप इंडिया कार्य योजना के अंतर्गत कर और गैर-कर प्रोत्साहन प्राप्त करने के पात्र हैं।

तिमाही नतीजे, महंगाई और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा बाजार का रुख

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार के लिए अगला हफ्ता काफी अहम होने वाला है। तिमाही नतीजे, खदुरा एवं थोक महंगाई के आंकड़े, अमेरिकी रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर नया अपडेट और वैश्विक स्तर पर जारी आने वाले डेटा का शेयर बाजार पर असर देखने को मिल सकता है। अगले हफ्ते इरडा, एचडीएफसी लाइफ, इन्फोसिस, टाटा इलेक्सी, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी कंपनियों की ओर से वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त, थोक और खुदरा महंगाई के आंकड़े भी अगले हफ्ते जारी किए जा सकते हैं। वैश्विक स्तर पर अमेरिका की ओर से इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और जॉबलेस क्लेम जैसे अहम डेटा जारी किए जाएंगे। वहीं, चीन द्वारा 2025 की पहली तिमाही का जीडीपी डेटा जारी किया जा सकता है। अगर यह डेटा मजबूत होता है, तो वैश्विक बाजारों पर इसका सकारात्मक असर हो सकता है। 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार में कारोबार मिलाजुला रहा। निफ्टी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,828 और सेंसेक्स 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 75,157 पर बंद हुआ। टैरिफ के कारण पैदा हुई चिंताओं के कारण बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला। हफ्ते के दौरान निफ्टी ने 21,743 का न्यूनतम स्तर छुआ। हालांकि, बाद में इसमें मजबूत रिकवरी देखने को मिली। सेक्टोरल इंडेक्स में एफएमसीजी का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। वहीं, रियल्टी सेक्टर में सबसे अधिक गिरावट हुई। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ओर से बिकवाली का सिलसिला जारी रहा और कैश सेगमेंट में 20,911 करोड़ रुपये की बिकवाली की गई। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की ओर से 21,955 करोड़ रुपये का निवेश किया गया। बजाज ब्रोकिंग रिसर्च का कहना है कि यह हफ्ता वैश्विक बाजारों के लिए महत्वपूर्ण होने वाला है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में महंगाई, इंडस्ट्रियल एटिविटीज और रोजगार के आंकड़ों के साथ, निवेशक बढ़ती अस्थिरता और केंद्रीय बैंक के संकेतों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

यूपीआई सर्वर फिर डाउन, देशभर में हजारों यूजर्स के पेमेंट अटके

नई दिल्ली। देश के सबसे लोकप्रिय डिजिटल पेमेंट सिस्टम, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस में एक बार फिर तकनीकी खराबी आ गई। इस गड़बड़ी के कारण देशभर में हजारों यूजर्स को पेमेंट करने और पैसे ट्रांसफर करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर को अचानक यूपीआई सेवाएं बाधित हो गईं।

इसका असर गूगल पे , फोनपे , और पेटीएम समेत लगभग सभी प्रमुख यूपीआई ऐप्स पर देखने को मिला। यूजर्स ने शिकायत की कि वे न तो किसी को पैसे भेज पा रहे हैं और न ही पेमेंट प्राप्त कर पा रहे हैं।आउटेज को ट्रैक करने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर पर भी यूपीआई डाउन होने की शिकायतों का अंबार लग गया। रिपोर्ट के मुताबिक, दोपहर 12 बजे तक ही यूपीआई में समस्या की शिकायत करने वाले यूजर्स की संख्या 1,000 के आंकड़े को पार कर गई थी।परेशान यूजर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, खासकर ट्विटर (ङ्क), पर भी अपनी भड़ास निकाली। कई लोगों ने पेमेंट फेल होने के स्क्रीनशॉट साझा किए और संबंधित बैंकों तथा हृक्कष्टढ्ढ (नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) से जल्द समाधान की मांग की।गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब यूपीआई सिस्टम में इस तरह की दिक्कत आई है। कुछ ही दिन पहले भी यूपीआई सेवाएं अचानक ठप हो गई थीं, जिससे लाखों यूजर्स प्रभावित हुए थे और घंटों तक कोई भी यूपीआई ट्रांजैक्शन नहीं कर पा रहे थे। बार-बार हो रही ऐसी घटनाओं ने यूपीआई सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अजमेरा रियलिटी की बिक्री में 13 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली। अजमेरा रियलिटी एंड इंफ्रा इंडिया लिमिटेड ने बताया कि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में कंपनी का बिक्री मूल्य 13 प्रतिशत घटकर 250 करोड़ रुपये रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में यह 287 करोड़ रुपये था।

कंपनी की स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, इस तिमाही में रियल एस्टेट कंपनी का कलेक्शन भी घटकर 182 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि के 197 करोड़ रुपये से 8 प्रतिशत कम है।हालांकि, कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष में स्थिर प्रदर्शन किया। अजमेरा रियलिटी ने वित्त वर्ष 2025 में 1,080 करोड़ रुपये की कुल बिक्री हासिल की, जो वित्त वर्ष 2024 के 1,017 करोड़ रुपये से 6 प्रतिशत अधिक है।इस साल कलेक्शन भी 13 प्रतिशत बढ़कर 646 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष में 570 करोड़ रुपये था।इस बीच, वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही के 35.35 करोड़ रुपये से घटकर 33.89 करोड़ रुपये रह गया, जैसा कि इसकी पिछली फाइलिंग में बताया गया था।परिचालन से राजस्व भी पिछली तिमाही के 199.96 करोड़ रुपये से 3.54 प्रतिशत घटकर 192.88 करोड़ रुपये रह गया।कंपनी की फरवरी एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि पिछले वर्ष की तीसरी तिमाही की तुलना में राजस्व में 206.67 करोड़ रुपये से 6.67 प्रतिशत की गिरावट आई है।कुल आय में भी गिरावट देखी गई, जो तिमाही आधार पर 2.46 प्रतिशत घटकर 199.09 करोड़ रुपये और सालाना आधार पर 208.59 करोड़ रुपये से 4.55 प्रतिशत कम रही।इसके विपरीत, कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया था, जिसमें कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ में 57 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 35.35 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह 22.53 करोड़ रुपये था।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर शुक्रवार को कंपनी का शेयर 18.75 रुपये या 2.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 821.50 रुपये पर बंद हुआ।अजमेरा रियलिटी के शेयर 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,224.90 रुपये से नीचे कारोबार करते रहे, हालांकि वे 52-सप्ताह के निम्नतम स्तर 555.65 रुपये से ऊपर रहे।

खेल

मोहन बागान ने जीता आईएसएल का खिताब फाइनल में बेंगलुरु एफसी को 2-1 से हराया

कोलकाता। मोहन बागान सुपर जायंट ने इंडियन सुपर लीग 2024-25 का खिताब अपने नाम किया. शनिवार को साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए फाइनल में बेंगलुरु एफसी पर 2-1 से जीत दर्ज की. जेमी मैकलारेन के एक्स्ट्रा टाइम के विजयी गोल ने खेल में अंतर पैदा किया और मोहन बागान को आईएसएल चैंपियन बना दिया.

एक्स्ट्रा टाइम तक चले इस मुकाबले में मेजबान टीम की जीत में ऑस्ट्रेलियाई अटैकिंग मिडफील्डर जैसन कमिंग्स ने (पेनल्टी किक पर) 72वें मिनट और ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जिमी मैक्लारेन ने 96वें मिनट में गोल दागे. मैच का निर्णायक गोल करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जिमी मैक्लारेन को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। गोल्डन बूट का अवार्ड नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के मोरोक्कन स्ट्राइकर अलाएद्दीन अजाराय (23 गोल, 7 असिस्ट) ने जीता. जबकि गोल्डन ग्लव्स अवार्ड मोहन बागान सुपर जायंट के गोलकीपर विशाल कैथ (15 क्लीन शीट, 74 बचाव) को दिया गया। इस खिताबी जीत के साथ ही मोहन बागान सुपर जायंट, मुंबई सिटी एफसी (2020-21 सीजन) के बाद लीग इतिहास में एक ही सीजन में लीग शील्ड और इंडियन सुपर लीग कप जीतने वाली दूसरी फुटबॉल टीम बन गई है। इससे स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना निश्चित रूप से खुश होंगे, क्योंकि उन्होंने दूसरी बार अपना लक्ष्य हासिल किया है। मोलिना ने 2016 में मोहन बागान के पूर्व एटीके को चैंपियन बनाया था। मोहन बागान अपने होम ग्राउंड में आईएसएल फाइनल जीतने वाली पहली टीम बन गई है, वो पूरे आईएसएल सीजन के लिए घरेलू मैदान पर अपराजित रहने वाली चौथी टीम भी हैं. इसे पहले 2023-24 में ओडिशा एफसी, 2018-19 में बेंगलुरू एफसी और 2016 में दिल्ली डायनामोज एफसी अपने-अपने होम ग्राउंड पर अपराजित रहीं थी। इस मुकाबले में बेंगलुरू की टीम ने स्टेडियम के धमाकेदार माहौल से मेल खाने की पूरी कोशिश की, लेकिन मोहन बागान ने शानदार खेल दिखाया और जीत के साथ लीग डबल को सील कर दिया।

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र.5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.19862 दिनांक 14.04.2025
वार्ड का नाम- 43- महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR561D00172 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती BISARAM पिता/पति श्री/श्रीमती GUHARI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती DEWID NIRALA पिता/पति श्री/श्रीमती LATE VISHRAM NIRALA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)

जेम पोर्टल निविदा सूचना

जनवरी 2025 से जून 2025 की अवधि हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से हैण्डपंप स्पेयर्स पार्ट्स/जी.आई. एवं यू.पी.व्ही.सी. केसिंग पाईप क्रय किए जाने हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	जेम पोर्टल में आनलाईन बिड क्रमांक	दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)
1	GEM/2025/B/ 6114694	04.04.2025	125mm जी.आई. केसिंग पाईप	2909447.45
2	GEM/2025/B/ 6092181	04.04.2025	150mm जी.आई. केसिंग पाईप	35189220.00
3	GEM/2025/B/ 6108986	04.04.2025	125mm यू.पी.व्ही.सी. केसिंग पाईप	1175190.00
4	GEM/2025/B/ 6108637	04.04.2025	150mm यू.पी.व्ही.सी. केसिंग पाईप	14425440.00
5	GEM/2025/B/ 6107209	04.04.2025	हैण्डपंप स्पेयर्स पार्ट्स क्रय हेतु	21085626.00

Important Evente and Time Schedule- Bid Start Date- 04.04.2025, Bid Due Date- 23.04.2025, PHY Doc. Submission Last Date - 23.04.2025.

नोट :- उपरोक्त निविदाओं की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी जेम पोर्टल https://gem.gov.in में उक्त निविदा दिनांक 04.04.2025 से देखी जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता (प्रकोष्ठ प्रभारी)
राज्य स्तरीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय मुख्य अभियंता,
लो.स्वा.यां. विभाग, परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)

जी-252600261/2

दलालों के साथ मिलकर कर्मचारियों ने पटवारी और शिक्षक को बेच दी सरकारी जमीन

वन विभाग की जमीन पर किया जा रहा व्यवसायिक दुकान का निर्माण, करोड़ों की बेशकीमती जमीन का कौड़ियों के दाम में खरीद-फरोख्त

जयदेव सिंह

महासमुंद/नवप्रदेश। बीटीआई रोड स्थित वन विद्यालय से लगे शासकीय भूमि का फर्जीवाड़ा सामने आया है। भू माफिया और जमीन दलालों ने मिलकर महज़ 100 रुपये के स्टांप पेपर पर जिस खसरे की नोटरी से लिखा-पढ़ी कराई है वो बड़े झाड़ का जंगल निकला। खरीदने वाला और कोई नहीं एक शिक्षा कर्मी है तो दूसरा पटवारी। जिला प्रशासन और वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं है। जबकि इस रास्ते से होकर तमाम बड़े अधिकारी रोज गुजरते हैं।

महासमुंद जिला मुख्यालय में इन दिनों भू माफिया और जमीन दलालों की निगाह सरकारी जमीनों पर गड़ी हुई है। और इसमें राजस्व विभाग के पटवारी से लेकर तमाम बड़े अधिकारियों की संलिप्तता साफतौर पर देखा जा सकता है। कलेक्टोरेट से 5 सौ कदम के फासले पर गौरव पथ सड़क किनारे वन विभाग के विद्यालय से लगे खसरा नंबर 102/5 1898 वर्ग फुट जमीन राजस्व रिकार्ड में बड़े झाड़ का जंगल दर्ज है। कुछ साल पहले इस जमीन पर उषा देवांगन पति केशव देवांगन कब्जा कर घर बनाकर रहते थे। गरीब का आशियाना क्यों उजाड़े इस पर जिला प्रशासन और ना ही वन विभाग ने कोई कार्रवाई की। लेकिन जैसे ही भू माफिया और जमीन दलालों की नज़र इस जमीन पर पड़ी महिला को उक्त सरकारी जमीन को बेचने पर मजबूर कर दिया।

पटवारी का कारनामा

भारती चंद्राकर पति मोहित और भूमिका पति अरविंद चंद्राकर ने वर्तमान हल्का पटवारी 42 खम्मनलाल साहू से नजरी - नक्शा की मांग की। पटवारी ने खरीदी फरोख्त के तीसरे महीने में यानी 11 नवंबर 2024 को खसरा नंबर 102/4 का भाग आवादी भूमि बताकर 598 वर्ग फुट जमीन का नजरी - नक्शा बना कर दिया गया। ऐसे ही जमीन दलाल कृष्णा कुमार साहू और शिक्षाकर्मी विकास साहू को 1300 वर्ग फुट जमीन की खरीदी बिक्री के एक महीने बाद 15 अक्टूबर 2024 ठीक उसी जमीन का भाग और आबादी भूमि का कब्जेदार की मांग पर नजरी - नक्शा दिया गया। जब वन विभाग ने उक्त भूमि पर हो रहे निर्माण की जांच के लिए राजस्व विभाग के अधिकारी से कहा तो वहीं पटवारी खम्मनलाल साहू और आर.आई. मनीष श्रीवास्तव मौका स्थल की नाप-जोख किया तो खसरा नंबर 102/5 बड़े झाड़ का जंगल निकला। जिसमें जमीन दलाल और शासकीय कर्मचारी दुकान का निर्माण कर रहे हैं।

करोड़ों की शासकीय भूमि कौड़ियों के दाम

मेन रोड से लगे करोड़ों की बेशकीमती जमीन को महासमुंद कुर्मीपारा निवासी पटवारी अरविंद चंद्राकर ने अपनी पत्नी भूमिका चंद्राकर और भाभी भारती पति मोहित चंद्राकर के नाम पर 16 सितंबर 2024 को खसरा नंबर 102/4 का 598 वर्ग फुट जमीन की 100 और 20 रुपये के स्टांप पेपर पर नोटरी लिखा - पढ़ी कर कौड़ियों के भाव 10 लाख रुपये में खरीद गया। लेकिन शासकीय कर्मचारी दुकानों का निर्माण खसरा नंबर 102/5 बड़े झाड़ का जंगल में किया जा रहा है।

जमीन दलाल और शासकीय कर्मचारियों की मिलीभगत

इसी तरह जमीन दलाल महासमुंद कौशिक कॉलोनी निवासी कृष्णा कुमार साहू पिता स्व. जेठूराम साहू और महासमुंद नेमचंद गार्डन के पीछे रहने वाला विकास कुमार साहू पिता टिकाराम साहू के साथ मिलकर 17 सितंबर 2024 को सौदा पत्रक तैयार करा कर 21 सितंबर 2024 को उषा देवांगन से खसरा नंबर 102/4 का भाग में 1300 वर्ग फुट जमीन का 100 रुपये के स्टांप पेपर पर 30 लाख में जमीन खरीदी फरोख्त का नोटरी द्वारा लिखा-पढ़ी हुई है लेकिन इन दोनों ने खसरा नंबर 102/5 भूमि पर व्यवसायिक दुकान का निर्माण किया जा रहा है।

ऐसे दिया गया फर्जीवाड़ा को अंजाम

जमीन दलाल कृष्णा कुमार साहू, पटवारी अरविंद चंद्राकर, शिक्षाकर्मी विकास साहू और महासमुंद हल्का पटवारी ने मिलकर इस फर्जीवाड़ा को अंजाम दिया। इन्होंने खसरा नंबर 102/4 आवादी भूमि बताकर स्टांप पेपर में नोटरी से सौदा पत्रक तैयार कराया। इन्हें पता था कि शासकीय भूमि की नियमानुसार रजिस्ट्री नहीं हो सकती, तो सभी ने सुनियोजित तरीके से खसरा नंबर 102/4 के बजाए दुकानों का निर्माण खसरा नंबर 102/5 में करने लगा। इन सभी को पता था कि, खसरा नंबर 102/4 नहीं बल्कि 102/5 है और जो राजस्व मद में बड़े झाड़ का जंगल दर्ज है।

> संबंधित भूमि राजस्व की है, लंबे समय से वन विद्यालय के लिए आरक्षित है। कुछ समय से एक कब्जाधारी निवास कर रहे थे। अभी वहां कंस्ट्रक्शन होता पाया गया है, जो पूरी तरह अवैध। एसडीएम को इसकी सूचना दे दी गई है। राजस्व टीम भेजकर जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद हमारे और एसडीएम मिलकर कार्रवाई करेंगे। छोटे झाड़ जंगल पाया जाता है तो वन संरक्षण अधिनियम लागू होगा।
>
> **पंकज राजपूत,** डीएफओ महासमुंद

सत्ता से जुड़े सफेदपोश की संलिप्तता

सत्ताधारी के सफेदपोश के रिस्तेदरा और छुटभैय्ए नेता भी जमीन दलाली का काम कर रहे हैं। सफेदपोश के संरक्षण में ऐसे जमीनों का फर्जीवाड़ा हो रहा है। बाकायदा इसके लिए अफसरों पर दबाव भी बनाया जाता है। सफेद पोश के रिस्तेदार और छुटभैय्ए नेताओं का डेरा अक्सर राजस्व विभाग के दफ्तरों में देखा जा सकता है। राजस्व विभाग में इनका इतना दबदबा है कि इनके इशारें में जमीन का डायवर्सन से लेकर खरीदी बिक्री हो या फिर शासकीय भूमि का कब्जा हो सभी में हिस्सा तय है। इन सब के कारण पूर्व में एक राजस्व अधिकारी ने सफेदपोश नेता के दबाव से तंग आकर अपना ट्रांसफर करा लिया।

संक्षिप्त खबरें

महासमुंद के जंगलों में घूम रहे हैं हाथी जान बचाकर भाग रहे 2 ग्रामीण घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद वन परिक्षेत्र में हाथियों का आतंक लगातार बना हुआ है. बीती रात दो जंगली हाथियों ने ग्राम बंदोरा में जमकर उत्पात मचाया और तीन ग्रामीणों को दौड़ा लिया. इस दौरान जान बचाकर भागते समय दो ग्रामीण घायल हो गए. हाथियों ने गांव में घुसकर खेतों में खड़ी फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है. ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया. वन विभाग ने आसपास के सभी गांवों के लिए अलर्ट जारी कर दिया है और ग्रामीणों से अपील की है कि वे रात्रि के समय खेतों या जंगल की ओर न जाएं तथा सतर्क रहें. फिलहाल हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वन विभाग की गश्त टीम सक्रिय है.

घर में महिला की मिली खून से सनी लाश, पुलिस जांच में जुटी

बालोद/नवप्रदेश। जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. ग्राम निपानी गांव के एक घर में महिला की खून से सनी लाश मिली है. महिला के शरीर पर धारदार हथियार से चोट के निशान हैं. परिजनों की शिकायत पर बालोद पुलिस और सायबर सेल की टीम मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के बाद मामले की जांच में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, मृतक महिला रामबत्ति साहू पति रमेश 35 वर्ष घर मे अकेली थी और पति और बच्चे अलग-अलग कार्यों से बाहर गए हुए थे. इसी दौरान रात को करीब 12 बजे बच्चे वापस घर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए. बच्चों को जमीन पर अपनी मां की खून से लथपथ लाश पड़ी मिली. बच्चों ने घटना की सूचना परिवार वालों को दी, जिसके बाद आज सुबह पुलिस में सूचना दी गई. ये बात भी सामने आई ङ्क महिला को अवैध संबंध के चलते किसी ने मौत के घाट उतारा है. बताया जा रहा है कि अन्य व्यक्ति से संपर्क में रहने को लेकर पति के साथ महिला की आय-दिन लड़ाई होती रहती थी. फिलहाल महिला की हत्या किसने की यह जांच का विषय है. इस पूरे मामले की जांच के बाद ही कातिल की पहचान और हत्या की असली वजह सामने आ सकेगी.

कार को ट्रक ने मारी टक्कर

भिलाई/नवप्रदेश। बीती रात सुपेला थाना के सामने एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई जब पावर हाउस से दुर्ग की ओर जा रही एक डिज़ायर कार को तेज़ रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार पलट गई, जिससे उसमें सवार लोग घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायल यात्रियों की मदद की और उन्हें बाहर निकालकर इलाज के लिए सुपेला के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेजा गया। 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना के दौरान पीछे आ रहे दोपहिया वाहन भी चपेट में आ गए, जिसमें दो बच्चे भी घायल हुए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को घर भेज दिया गया है। फिलहाल ट्रक चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रक की तलाश जारी है।

कार में लगी भीषण आग

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई के सेक्टर-9, सड़क 14 स्थित मकान नंबर 6 में खड़ी ज़ाइलो गाड़ी में अचानक भीषण आग लग गई। यह मकान बीएसपी अधिकारी का बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग को सतर्क किया गया, जिसके बाद दमकल की टीम तुरंत मौके पर रवाना हुई। दमकल कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुँचकर तेजी और बहादुरी से आग पर काबू पाया और आग को घर की ओर फैलने से रोक लिया। उनकी मुस्तैदी से एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

बस्तर में सिमट रहा माओवादी आतंक सरकार लाएगी होम स्टे पॉलिसी

रायपुर/नवप्रदेश। कभी माओवादियों के गढ़ के रूप में कुख्यात रहा बस्तर अब विकास और पर्यटन की नई राह पर बढ़ चला है। राज्य सरकार यहां जम्मू-कश्मीर मॉडल पर होम स्टे पॉलिसी लागू करने की तैयारी में है।

सरकार का उद्देश्य बस्तर को पर्यटन का केंद्र बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना है। राज्य सरकार ने इसके लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है, ताकि आर्थिक मदद प्राप्त हो सके। पॉलिसी के तहत आदिवासी गांवों में छोटे-छोटे पर्यटन केंद्र विकसित किए जाएंगे।

इसके लिए ग्रामीणों को उनके घर के अतिरिक्त एक और घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। पर्यटक इन घरों में ठहरेंगे, स्थानीय व्यंजन खाएंगे और गांव की संस्कृति को करीब से जानेंगे। इससे ग्रामीणों की आय में इजाफा होगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नया जीवन मिलेगा।

बताते चलें कि एक होम स्टे विकसित करने में औसतन एक लाख रुपये तक का खर्च आता है। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल इसकी डिजाइन खुद तैयार करेगा। इससे ग्रामीणों के रोजगार का नया रास्ता मिलेगा और प्रदेश के पर्यटन को पंख लगेंगे।

बस्तर, सरगुजा के बाद अन्य जिलों में विस्तार

पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने बताया कि केंद्र से प्रस्ताव स्वीकृत होते ही योजना का क्रियान्वयन शुरू कर दिया जाएगा। ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी जाएगी और इच्छुक लोगों का पंजीयन किया जाएगा। इसके बाद उन्हें होम स्टे निर्माण के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी।

चित्रकोट और धुड़मारास जैसे गांवों होंगे विकसित

बस्तर जिले के चित्रकोट और धुड़मारास गांवों को हाल ही में 'बेस्ट टूरिज्म विलेज 2024' प्रतियोगिता में विशेष सम्मान मिला है। यह सम्मान केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रदान किया। धुड़मारास गांव अपनी एडवेंचर गतिविधियों के लिए लोकप्रिय है।

छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया आईपीएस भावना गुप्ता ने

- जीता ब्रॉन्ज मेडल, राज्य गठन के बाद पहली बार हुआ ऐसा

गौरेला पेंड्रा मरवाही /नवप्रदेश। केरल के कोच्चि में 11 से 14 अप्रैल 2025 तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2025 में छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का क्षण सामने आया है। जिसमें गौरेला पेंड्रा मरवाही की पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता (ढ्ढक्क) ने महिला व्यक्तिगत एकल टेबल टेनिस प्रतियोगिता में मिजोरम पुलिस को फाइनल में पराजित करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है।

इस टूर्नामेंट में भावना गुप्ता और डीएसपी प्रोबेशनर आकर्षी कश्यप के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की महिला टेबल टेनिस टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। यह छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद का पहला टीम इवेंट मेडल है, जो पुलिस खेलों में राज्य की बढ़ती हिस्सेदारी और प्रतिभा को दिखाता है।

भावना गुप्ता और आकर्षी कश्यप ने महिला युगल और मिश्रित युगल श्रेणियों में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया है। इन मुकाबलों के परिणाम आना अभी बाकी हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ टीम को इस इवेंट्स में भी पदक की काफी उम्मीद है। 11 से 14 अप्रैल 2025 तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में देशभर की पुलिस इकाइयों ने हिस्सा लिया है। प्रतियोगिता का आयोजन कोचीन, केरल में किया जा रहा है, जहां महिला प्रतिभागियों ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है।।

खबरों के गलियारे से...

कैलाश यादव

धर्मनगरी रतनपुर में अधर्म

धर्मनगरी रतनपुर में कछुओं की रहस्यमयी मौत की घटना अधर्म पर गरमागरम बहस का दौर जारी है। दो अलग-अलग स्थानों पर मृत कछुओं की बरामदगी के बाद वन विभाग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को नगर बंद किया गया। महामाया मंदिर परिसर स्थित कुंड से 23 मृत कछुए बरामद किए गए। इसके बाद 8 अप्रैल को मंदिर के ही पास स्थित कल्पेशरा तालाब में भी 4 कछुओं की रहस्यमयी मौत ने नगरवासियों और पर्यावरण प्रेमियों को झकझोर कर रख दिया। वन विभाग मामले को गंभीरता से लेने के बजाय लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहा है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि भगवान कच्छप अवतार के बारे में शायद वन विभाग वाले नहीं जानते है कि भगवान विष्णु के कच्छप अवतार यानी कछुए की पीठ पर समुद्र मंथन हुआ था, जिसमें सुर और असुर दोनों ने भागीदारी निभाई थी। अब कछुए की थोक में मौत का हश्र क्या होगा ये तो विष्णु जानते है या वन विभाग वाले, पाप की अवधि पुण्य से अधिक नहीं होता यह तो सभी जानते है।

सुशासन पर अफसरशाही हावी

छत्तीसगढ़ सरकार 'सुशासन तिहार' के जरिए छत्तीसगढ़वासियों को सरकारी योजना के लाभ से वंचितों को लाभ दिलाकर न्याय करना चाहती है, पर सरकार के अधिकारी सरकार की इस गंभीर पहल पर भी संवेदनशील नजर नहीं आ रहे है। अधिकारियों को किसी भी आदेश का खौफ दिखाई नहीं दे रहा है। वो आज भी मनमानी करने पर उतारू है। खबर है कि सुशासन तिहार में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ गरियाबंद कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाया है। स्थानीय निकाय से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया गया है। इनमें तीन एसडीएम भी शामिल हैं। जिन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई वे छुट्टी समझ कर बैठक में अनुपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि आवेदनों के एन्ट्री और निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि अधिकारियों के मन में यह धारणा है कि सरकार तो आती-जाती रहती है, लेकिन अधिकारी वही रहते है। इसलिए वो उसी काम पर ध्यान देते है जिसमें उनका हित हो अन्यथा वो तो मिटिंग के बहाने सरकारी काम को टालने से भी गुरेज नहीं करते है। सुशासन तिहार तो आम जनता के बजाय अधिकारियों के लिए होना था ताकि वो अपनी समस्या सरकार के पास रख सके कि उन्हें कार्यालय में क्या-क्या परेशानी झेलनी पड़ती है।

आदिवासी संस्कृति ही हमारी असली पहचान

हम छत्तीसगढ़िया तो कहते है पर यहां की परंपरा और संस्कृति को बोझ मानते है या आधुनिकता में इतने डूब गए है कि हमारी पहचान को ही हमने ही हम खो देने पर उतारू है। पर हमारे पुरखों की सीख को आदिवासी भाईयों ने धरोहर की तरह संजो कर रखा है। कही हम भी भीड़ में खो न जाए इसके लिए वो यदा कदा तीज त्योहर उत्सव के दौरान सांस्कृतिक पहचान को यादगार बनाते रहते है। संपूर्ण आदिवासी समाज को साधुवाद। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि सांस्कृतिक मूल्यों और परंपरा को समर्पित एक अनूठा आयोजन भाटापारा के शहीद ग्राम गुर्रा के जोगी द्वीप में देखने को मिला। आदिवासी समाज के 54 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें सभी वर पारंपरिक बैलगाड़ियों से बारात लेकर पहुंचे। बारात ग्राम अर्जुनी से खमरिया होते हुए जोगी द्वीप पहुंची, जिसमें सभी बाराती आदिवासी परिधान में शामिल हुए। जहां आदिवासी परंपरानुसार महिलाओं ने वर सहित बारातियों का स्वागत किया। यही हमारी पहचान को जीवंत बनाए रखा है वो चाहते तो कार में बरात जा सकते थे पर अपनी संस्कृति के प्रति निष्ठा और आने वाली पीढ़ी को संदेश देने के लिए बैलगाड़ी में बरात लेकर पहुंचे यह संदेश ही पर्याप्त है।

न्याय के प्रतिदृढ़ता ही जीत की बुनियाद ...

न्याय में देर हो सकता है पर अंधेर नहीं हो सकता, यही हमारे देश में न्याय के प्रति विश्वास को और दृढ़ करता है। सरकार के कर्ताधर्ता न्याय को ताक में रखकर अपने सह कर्मियों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार करते है। किसे लाभ मिलेगा और किसे नहीं ये खुद तय लेते है। जिसके कारण अधिकारी-कर्मचारी विवाद नेतागिरी में बदल जाता है। एक मामले में संविदा कर्मियों के लिए हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला दिया है। कोर्ट ने आदेश दिया कि केवल संविदा कर्मचारी होने के आधार पर मातृत्व अवकाश का वेतन देने से इनकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने स्टाफ नर्स को अवकाश अवधि का वेतन देने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति अमितेन्द्र किशोर प्रसाद की एकल पीठ ने राज्य प्राधिकरणों को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ता द्वारा दायर मातृत्व अवकाश के वेतन संबंधी दावा पर तीन माह के भीतर नियमानुसार निर्णय लें। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि भगवान के घर देर है अंधेर नहीं, न्याय के प्रतिदृढ़ता ही संविदा कर्मचारियों का हौसला बढ़ता है जो अंत में न्याय दिलाता है।

बिजली कंपनी के अंगदों पर गिरने वाली है गाज

प्रदेश का सबसे पावरफुल विभाग है बिजली कंपनी है जिसमें अंगद की तरह जमे अधिकारियों उखाड़ फेंकने की व्यूह रचना कर महाभारत का ऐलान कर दिया है। बिजली विभाग में जो अपने पावर के जरिए झटका देती है उसको करंट मारने का इंतजाम कर लिया है। बिजली कंपनी से सेवानिवृत्त सेक्शन अधिकारी अविनाश जायसवाल ने मुख्यमंत्री के नाम लिखे पत्र में कहा है कि बिजली वितरण कंपनी के अंतर्गत अब तक तीन एमडी बदल चुके हैं, लेकिन पिछले छह वर्षों से एक ही स्थान पर ईडी और जीएम (फाइनेंस विंग) पद पर अधिकारी जमे हुए हैं। वहीं, फाइनेंस विंग के छोटे अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला किया जा रहा है। कंपनी में तीन वर्षों के भीतर सभी का तबादला करने के नियमों को अधिकारी ठेंगा दिखा रहे हैं। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि बिजली विभाग सीधे सीएम से जुड़ा है इसलिए वहां पर पार्टी के चुनावी स्लोगन हमने बनाया है हम ही संवारेंगे को चरितार्थ करकरने के कारण वहां सरकारी नियम कानून बौने साबित हो जाते है। वैसे बिजली विभाग में यह पहला मामला है जब किसी सेवानिवृत्त अधिकारी ने सीधे पत्र लिखकर अंगदों के खिलाफ मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया है। अब देखते है पत्रबम क्या विस्फोट करता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com